RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 12 अंक 26
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 30 नवंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



बीसीसीआई ने राहुल द्रविड़ का करार बढ़ाया

स्पोर्ट्स-12

# अगले पांच साल तक मिलता रहेगा मुफ्त राशन

## मंत्रिमंडल ने 15,000 महिला एसएचजी को ड्रोन उपलब्ध कराने की योजना को भी दी मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● पीएमजीकेएवाई के तहत 81.35 करोड़ गरीबों को मुफ्त खाद्यान्न वितरण योजना को मिला विस्तार, कैबिनेट ने 16वें वित्त आयोग के लिए 'संदर्भ की शर्तों' को मंजूरी दी, जो केंद्र और राज्यों के बीच कर राजस्व के बंटवारे पर सिफारिशें करता है

**सरकार** ने 81.35 करोड़ गरीब लोगों को हर महीने पांच किलोग्राम खाद्यान्न मुफ्त देने से जुड़ी पीएमजीकेएवाई योजना को अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ा दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस संबंध में फैसला किया गया। अगले साल अप्रैल-मई में होने वाले आम चुनावों से पहले किए गए इस फैसले से सरकारी खजाने पर 11.80 लाख करोड़ रुपए का भार आएगा।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को इस फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) को एक जनवरी, 2024 से अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ा दिया गया है। मंत्री ने कहा कि अगले पांच वर्षों में इस योजना पर करीब 11.8 लाख करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इस योजना को पहले 31 दिसंबर, 2023 तक बढ़ाया गया था। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, लाभार्थियों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए और लक्षित आबादी तक खाद्यान्नों को किफायती रूप से मुहैया कराते हुए खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने के लिए यह फैसला लिया गया कि पीएमजीकेएवाई के तहत अगले पांच वर्षों के लिए मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए। पीएमजीकेएवाई को सरकार ने वर्ष 2020 में कोविड-19 महामारी के समय राहत उपाय के रूप में लागू किया था। इसमें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत पांच किलोग्राम सब्सिडी वाली खाद्य सामग्री के अलावा प्रति लाभार्थी को हर महीने पांच किलोग्राम मुफ्त खाद्यान्न प्रदान किया जाता है। कई बार इस योजना की अवधि बढ़ाए जाने के बाद दिसंबर, 2022 में पीएमजीकेएवाई योजना को मुफ्त राशन प्रदान करने वाले एनएफएसए के अधीन लाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में छत्तीसगढ़ के दुर्ग में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए इस योजना को पांच साल के लिए बढ़ाने की घोषणा की थी।



नई दिल्ली में बुधवार को कैबिनेट के फैसलों बारे में मीडिया को जानकारी देते केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर।

पिछले साल दिसंबर में केंद्र ने वर्ष 2020 में अतिरिक्त खाद्यान्न मुफ्त उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई पीएमजीकेएवाई को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के साथ मिलाने का फैसला किया गया था। ठाकुर ने इसे एक ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए कहा कि पीएमजीकेएवाई के तहत अगले पांच वर्षों के लिए मुफ्त अनाज वितरण का विस्तार राष्ट्रीय खाद्य और पोषण सुरक्षा को संबोधित करने के लिए सरकार की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता और दृष्टिकोण को दर्शाता है। हाल की चुनावी रैलियों में प्रधानमंत्री मोदी ने मुफ्त राशन कार्यक्रम को अगले पांच वर्षों तक बढ़ाने की घोषणा की थी और गरीबों को उनके आश्वासन के खिलाफ चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाने के लिए विपक्षी दलों को दोषी ठहराया था। उदाहरण के लिए एक अंत्योदय परिवार के लिए 35 किलो चावल की लागत 1,371 रुपये आती है, जबकि 35 किलो गेहूं की लागत 946 रुपये आती है, जिसे केंद्र सरकार पीएमजीकेएवाई के तहत वहन करती है और खाद्यान्न पूरी तरह से मुफ्त प्रदान किया जाता है। इस प्रकार मुफ्त खाद्यान्न के कारण राशन कार्ड धारकों की मासिक बचत महत्वपूर्ण है।

एक आम लोगो के तहत 5 लाख से अधिक उचित मूल्य की दुकानों के नेटवर्क के माध्यम से मुफ्त अनाज वितरित किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि लाभार्थी वन नेशन वन राशन कार्ड पहल के तहत देश में किसी भी उचित मूल्य की दुकान से अपने हक का अनाज उठा सकते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, आदिवासी कल्याण परियोजना पीएम-जनमन विभिन्न मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण हस्तक्षेपों पर ध्यान केंद्रित करेगी। झारखंड के खूंटी में जनजातीय गौरव दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित इस योजना का कुल परिव्यय 24,104 करोड़ रुपये होगा। केंद्र का हिस्सा 15,336 करोड़ रुपये होगा और राज्य 8,768 करोड़ रुपये का योगदान देंगे। इस योजना को मंगलवार रात केंद्रीय कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। कैबिनेट ने 16वें वित्त आयोग के लिए 'संदर्भ की शर्तों' को मंजूरी दे दी, जो केंद्र और राज्यों के बीच कर राजस्व के बंटवारे पर सिफारिशें करता है।

ठाकुर ने कहा कि सिफारिशें 1 अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाली पांच साल की अवधि को कवर करेंगी। उन्होंने कहा कि आयोग 31 अक्टूबर, 2025 तक अपनी रिपोर्ट सौंप देगा। 15वें वित्त आयोग का गठन 27 नवंबर, 2017 को किया गया था। 15वें वित्त आयोग की सिफारिशें वित्तीय वर्ष 2025-26 तक वैध हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 से शुरू होने वाले दो वर्षों के लिए 1,261 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 15,000 महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को ड्रोन प्रदान करने के लिए एक केंद्रीय योजना को भी मंजूरी दी। ठाकुर ने कहा, 'योजना का लक्ष्य 2024-25 से 2025-2026 की अवधि के दौरान किसानों को कृषि उद्देश्य के लिए किराये की सेवाएं प्रदान करने के लिए 15,000 चयनित महिला एसएचजी

(शेष पेज 9)

# जिंदा रहने को चट्टानों से टपकता पानी चाटा और मुरमुरे खाए



उत्तरकाशी में सुरंग से बचाए गए अनिल बेदिया के परिवार के सदस्य रांची के खिराबेरा गांव में स्कूली बच्चों के साथ खुशी मनाते हुए।

एजेंसी। रांची

● उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग से बचाये गए झारखंड के मजदूर ने सुनाई आपबीती, कहा- शुरुआती दस दिनों तक इन्ही का सहारा था

**उत्तराखंड** के उत्तरकाशी जिले में सिलक्यारा सुरंग से मंगलवार रात सुरक्षित बचाए गए 41 श्रमिकों में से एक श्रमिक अनिल बेदिया ने बताया कि हादसे के बाद उन लोगों ने अपनी प्यास बुझाने के लिए चट्टानों से टपकते पानी को चाटा और शुरूआती दस दिनों तक मुरमुरे खाकर जीवित रहे। झारखंड के 22 वर्षीय श्रमिक अनिल बेदिया ने बताया कि उन्होंने 12 नवंबर को सुरंग का हिस्सा ढहने के बाद मौत को बहुत करीब से देखा। बेदिया सहित 41 श्रमिक मलबा ढहने के बाद 12 नवंबर से सुरंग में फंसे थे। उन्होंने बुधवार को फोन पर बातचीत में अपनी कहानी साझा की।

बेदिया ने कहा, मलबा ढहने के बाद तेज चीखों से पूरा इलाका गूंज गया.. हम सब ने सोचा कि हम सुरंग के भीतर ही दफन हो जाएंगे। शुरूआती कुछ दिनों में हमने सारी उम्मीदें खो दी थीं। उन्होंने कहा, यह एक बुरे सपने जैसा था। हमने अपनी प्यास बुझाने के लिए चट्टानों से टपकते पानी को चाटा और पहले दस दिनों तक मुरमुरे खाकर जीवित रहे। बेदिया रांची के बाहरी इलाके खिराबेड़ा गांव के रहने वाले हैं, जहां से कुल 13 लोग एक नवंबर को काम के लिए उत्तरकाशी गए थे। उन्होंने बताया कि उन्हें नहीं पता था कि किस्मत ने उनके लिए क्या लिखा है। बेदिया ने बताया कि जब आपदा आई तो सौभाग्य से खिराबेड़ा के 13 लोगों में से केवल तीन ही सुरंग के अंदर थे। सुरंग के भीतर फंसे 41 श्रमिकों में से 15 श्रमिक झारखंड से थे। ये लोग रांची, गिरिडीह, खूंटी और पश्चिमी सिंहभूम के रहने वाले हैं। मंगलवार की रात जब इन श्रमिकों को बाहर निकाला गया तब उनके गांवों में खुशी से लोग जश्न मनाने लगे। बेदिया ने बताया, हमारे जीवित रहने की पहली उम्मीद तब जगी जब अधिकारियों ने लगभग 70 घंटों के बाद हमसे संपर्क स्थापित किया। उनके अनुसार, उनके दो पर्यवेक्षकों ने उन्हें चट्टानों से टपकता पानी पीने के लिए कहा। बेदिया ने कहा, हमारे पास सुरंग के अंदर खुद को राहत देने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं था। आखिरकार, जब हमने बाहर से, हमसे बात करने वाले लोगों की आवाजें सुनीं, तो दृढ़ विश्वास और जीवित रहने की आशा ने हमारी हताशा को खत्म कर दिया। उन्होंने कहा कि शुरूआती दस दिन घोर चिंता में बिताने के बाद पानी की बोतलें, केले, सेब और संतरे जैसे फलों के अलावा चावल, दाल और चपाती जैसे गर्म भोजन की आपूर्ति नियमित रूप से की जाने लगी। उन्होंने कहा, हम जल्द से जल्द सुरक्षित बाहर निकलने के लिए प्रार्थना करते थे... आखिरकार भगवान ने हमारी सुन ली।

उनके गांव के ही एक अन्य व्यक्ति ने कहा कि चिंता से बेहाल उसकी मां ने पिछले दो सप्ताह से खाना नहीं बनाया था और पड़ोसियों ने जो कुछ भी उन्हें दिया, उसी से परिवार का गुजारा चल रहा था। खिराबेड़ा गांव के रहने वाले लकवाग्रस्त श्रवण बेदिया (55) का इकलौता बेटा राजेंद्र (22) भी सिलक्यारा सुरंग का कुछ हिस्सा धंसने से अंदर फंसे श्रमिकों में शामिल था। मंगलवार शाम को अपने बेटे के बाहर निकाले जाने की खबर के बाद उन्हें व्हीलचेयर पर जश्न मनाते देखा गया। राजेंद्र के अलावा गांव के दो अन्य लोग, सुखराम और अनिल भी 17 दिनों तक सुरंग के भीतर फंसे रहे। दोनों की उम्र करीब 20 साल के आसपास है। सुखराम की लकवाग्रस्त मां पार्वती भी बेटे के सुरंग में फंसे होने की खबर से गमगीन थी। उनके सुरंग से बाहर निकलने के बाद उन्होंने खुशी जाहिर की।

# दिल्ली के मुख्य सचिव का कार्यकाल बढ़ाने के केंद्र के फैसले को हरी झंडी

● सुप्रीम कोर्ट ने माना छह माह का सेवा विस्तार कानून का उल्लंघन नहीं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार का कार्यकाल छह महीने और बढ़ाने के केंद्र के फैसले को बुधवार को बरकरार रखा, जो 30 नवंबर को सेवानिवृत्त होने वाले थे। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि केंद्र सरकार के फैसले को कानून का उल्लंघन नहीं माना जा सकता।

पीठ ने कहा, हम स्पष्ट करते हैं कि यह (कार्यकाल के विस्तार को बरकरार रखने वाला आदेश) प्रारंभिक दृष्टिकोण पर आधारित है। संविधान पीठ (राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं से संबंधित संशोधित कानून का परीक्षण) के समक्ष लंबित मुद्दों पर कोई विचार नहीं किया है। पीठ ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय को मुख्य सचिव का कार्यकाल बढ़ाने का अधिकार है जो संविधान की राज्य सूची की सातवीं अनुसूची की प्रविष्टि।, 2 और 8 (पुलिस, सार्वजनिक व्यवस्था और भूमि) से संबंधित सभी मुद्दों से निपटता है।

पीठ ने कहा कि ये विषय दिल्ली सरकार के विधाई और कार्यकारी दायरे से बाहर के हैं, इसलिए, प्रारंभिक नजर में केंद्र के पास मुख्य सचिव का कार्यकाल बढ़ाने की जरूरी शक्ति है। केंद्र ने मंगलवार को अदालत के समक्ष कहा कि वह कुमार का कार्यकाल बढ़ाना चाहता है। इस पर पीठ ने केंद्र से पूछा था कि क्या उसके पास केवल

(शेष पेज 9)


# मशीनों पर भारी पड़ा मानव श्रमः वैश्विक मीडिया

● सुरंग बचाव अभियान पर वैश्विक मीडिया दी अपनी राय

एजेंसी। लंदन

**उत्तराखंड** के उत्तरकाशी जिले में सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बचाने के एक अविश्वसनीय और जोखिमभरे सफल अभियान के बारे में विश्व मीडिया ने कहा कि मानव श्रम मशीनों पर भारी पड़ा है। सिलक्यारा सुरंग में लगभग 17 दिन तक फंसे रहे सभी 41 श्रमिकों को विभिन्न एजेंसियों के संयुक्त बचाव अभियान के तहत मंगलवार की शाम सकुशल बाहर निकाल लिया गया।

समाचार पत्र द गार्जियन ने लिखा, अंततः यह मशीनों पर मानव श्रम की जीत थी क्योंकि मशीनों के जरिए इस अभियान में सफलता नहीं मिलने पर रैट होल माइनिंग विशेषज्ञ हाथों से खुदाई करके 12 मीटर मलबे को हटाने में कामयाब रहे। ब्रिटिश समाचार पत्र ने एक विस्तृत खबर में कहा कि 400 घंटे से अधिक समय



सिलक्यारा सुरंग से श्रमिकों को निकाले जाने के बाद भविष्य की योजना बनाते अधिकारी

बाद सिलक्यारा-बड़कोट सुरंग से श्रमिकों को स्ट्रेचर के जरिए निकाला गया और इस दौरान बचाव अभियान में कई बाधाएं आई लेकिन बचावकर्मियों ने हिम्मत नहीं हारी और सफलतापूर्वक इस अभियान को पूरा किया। ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी) ने बचाव अभियान पर नियमित रूप से अद्यतन जानकारी दी। बीबीसी की खबर में कहा गया, सुरंग से पहले व्यक्ति के बाहर आने की खबर आते ही सुरंग के बाहर जश्न मनाया जाने लगा। इसमें कहा गया कि एक जबरदस्त बचाव अभियान में कई बाधाओं को पार करते हुए उन्हें सुरंग से बाहर निकाला गया। लंदन के समाचार पत्र द टेलीग्राफ ने अपनी खबर में कहा कि सैन्य इंजीनियरों और खनिकों ने इस मिशन को पूरा करने के लिए मलबे में रैट होल ड्रिल किया।

चारधाम यात्रा मार्ग पर निर्माणाधीन साढ़े चार किलोमीटर लंबी सिलक्यारा-बड़कोट सुरंग का एक हिस्सा 12 नवंबर को ढह जाने से उसमें 41 श्रमिक फंस गए थे और श्रमिकों को निकालने के लिए युद्धस्तर पर अभियान चलाया गया। मलबे के रास्ते छह इंच का पाइप डालकर उन्हें भोजन, दवाएं और अन्य आवश्यक चीजें भेजी गईं। फ्रांस 24 की खबर के अनुसार, रैट होल माइनिंग विशेषज्ञों ने चट्टानों, बजरी और धातु की बाधाओं को दूर करते हुए हाथों से खुदाई कर अभियान को सफल बनाने में मदद की। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी खबर में कहा कि अतिरिक्त मलबा गिरने से शुरुआती ड्रिलिंग प्रयासों में बाधा आई।

इसमें कहा गया कि 13वें दिन बचाव प्रयासों में उस समय बाधाओं का सामना करना पड़ा जब अमेरिका निर्मित ऑगर मशीन ड्रिलिंग के दौरान टूट गई। श्रमिकों ने इसे निकालने की कोशिश की और कुछ और विकल्पों पर विचार किया जिनमें एक योजना पहाड़ के ऊपरी हिस्से से लंबवत ड्रिलिंग शुरू करना था। इसमें कहा गया है कि बचाव अभियान को अपने अंतिम घंटों में भी बाधाओं का सामना करना पड़ा था। मशीन के हिस्सों को हैदराबाद से प्लाज्मा कटर मंगाकर अलग किया गया और उसके बाद सोमवार को रैट होल माइनिंग तकनीक की मदद से हाथ से ड्रिलिंग शुरू की गई जिसके बाद मंगलवार को मलबे में पाइप को आरपार करने में सफलता मिल गई।

## क्विक न्यूज

### अमेरिकी राजदूत गार्सेटी ने अरुणाचल का दौरा किया

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने अरुणाचल के पासीघाट में एक संग्रहालय का उद्घाटन किया, जिसका मकसद भारत-अमेरिका से जुड़े द्वितीय विश्व युद्ध के इतिहास को संरक्षित करना है। गार्सेटी ने कहा कि क्षेत्र के लोग शांति और लोकतांत्रिक सिद्धांतों की रक्षा में जो भूमिका निभा रहे है, यह संग्रहालय उस महत्वपूर्ण भूमिका का प्रमाण है। गार्सेटी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, हैलो अरुणाचल प्रदेश, यहां की अपनी पहली यात्रा को लेकर उत्साहित हूं और लोगों की गर्मजोशी से मै अभिभूत हूं। पासीघाट का परिदृश्य आश्चर्यजनक है। गार्सेटी की अरुणाचल यात्रा महत्वपूर्ण है क्योंकि विदेशी दूत आम तौर पर अरुणाचल प्रदेश की यात्रा से बचते है। चीन ऐसी यात्राओं पर आपत्ति जताता है। चीन अरुणाचल को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बताकर उस पर दावा करता रहा है। ऐसे दावों को लगातार खारिज करते हुए भारत कहता रहा है कि राज्य उसका अभिन्न अंग है। पासीघाट मे हंपः द्वितीय विश्व युद्ध संग्रहालय का उद्घाटन करने के बाद गार्सेटी ने कहा कि वह इसका का उद्घाटन करते हुए सम्मानित महसूस कर रहे है।

# पन्नू को मारने की साजिश के आरोप की जांच करेगा पैनल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● भारत ने उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया

**भारत** ने अमेरिकी धरती पर एक सिख चरमपंथी को मारने की साजिश से संबंधित आरोपों की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया है। फाइनेंशियल टाइम्स में अज्ञात सूत्रों का हवाला देते हुए पिछले हफ्ते आई खबर में कहा गया था कि अमेरिकी अधिकारियों ने गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को विफल कर दिया, और इस साजिश में शामिल होने की चिंताओं को लेकर भारत सरकार को एक चेतावनी जारी की।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बुधवार को कहा कि भारत ने मामले के सभी प्रासंगिक पहलुओं पर गौर करने के लिए 18 नवंबर को एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया है। पन्नू एक सिख चरमपंथी है जिसके पास अमेरिका और कनाडा की नागरिकता है। भारतीय जांच एजेंसियों को आतंकवाद के विभिन्न आरोपों में उसकी तलाश है। बागची ने कहा, हम पहले ही कह चुके हैं कि द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग पर अमेरिका के साथ चर्चा के दौरान, अमेरिकी पक्ष ने संगठित अपराधियों, बंदूक चलाने वालों, आतंकवादियों और अन्य लोगों के बीच सांठगांठ से संबंधित कुछ जानकारी साझा की थी।

वह इस मामले पर मीडिया के एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा, हमने यह भी संकेत दिया था कि भारत ऐसी सूचनाओं को गंभीरता से लेता है क्योंकि वे हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा हितों पर भी प्रभाव डालती हैं और संबंधित विभाग पहले से ही इस मुद्दे की जांच कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, इस संदर्भ में यह सूचित किया जाता है कि 18 नवंबर को भारत सरकार ने मामले के सभी प्रासंगिक पहलुओं पर गौर करने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया है। बागची ने कहा कि भारत समिति के निष्कर्षों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करेगा।

फाइनेंशियल टाइम्स की खबर के कुछ सप्ताह पहले, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने जून में वैंकूवर उपनगर में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के आरोप लगाए थे। ट्रूडो के आरोपों को भारत ने सिरे से खारिज कर दिया था। हालांकि इस घटनाक्रम के बाद दोनों देशों के रिश्तों में तनाव आ गया। खबर के बाद, बागची ने 22 नवंबर को कहा था कि अमेरिकी पक्ष ने संगठित

(शेष पेज 9)

# फ्लाइट में भिड़े पति-पत्नी, करनी पड़ी इमरजेंसी लैंडिंग

● लुफ्थांसा के विमान को दिल्ली में लैंड करना पड़ा, दोनों को आईजीआई एयरपोर्ट पर उतार दिया गया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**म्यूनिख** से बैंकॉक के बीच उड़ान भर रहे लुफ्थांसा के एक विमान में सवार एक दंपति के बीच कहासुनी के दौरान ऐसी नौबत आ गई कि विमान को बुधवार को दिल्ली लाना पड़ा और उन दोनों को इसमें से उतार दिया गया।

सूत्रों के अनुसार लुफ्थांसा की उड़ान संख्या एलएच 772 को सुबह 10.26 बजे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर उतारना पड़ा। इससे पहले विमान के पायलट ने एटीसी से संपर्क कर उन्हें परिस्थिति के बारे में सूचना दी थी। सूत्रों ने बताया कि विमान में सवार




एक जर्मन व्यक्ति और उसकी थाई पत्नी के बीच कहासुनी होने के बाद विमान में स्थिति बिगड़ गई जिसके बाद आईजीआई हवाई अड्डे पर उतरने की अनुमति मांगी गई जो दे दी गई। एक अधिकारी ने बताया कि पत्नी ने पहले अपने पति के बर्ताव के बारे में पायलट से शिकायत की और कहा कि उसे धमकाया जा रहा है। उसने हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। लुफ्थांसा ने एक बयान में कहा कि उड़ान में सवार एक उपद्रवी यात्री की वजह से विमान को दिल्ली में उतारना पड़ा। जर्मन एयरलाइन ने कहा, उक्त व्यक्ति को अधिकारियों के सुपुर्द कर दिया गया।

बैंकॉक की उड़ान मामूली विलंब के बाद जारी रह सकती है। विमान में हमारे यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। सूत्रों के अनुसार 53 वर्षीय जर्मन यात्री ने कथित तौर पर खाना फेंका, लाइटर से एक कंबल को जलाने का प्रयास किया, वह अपनी पत्नी पर चिल्लाया और उसने विमान कर्मियों के निर्देशों का पालन नहीं किया और इसलिए पायलट ने विमान की दिशा बदल दी और बाद में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मियों ने व्यक्ति को उतारा। उन्होंने बताया कि पत्नी एक अलग पीएनआर वाले टिकट पर यात्रा कर रही थी और वह अपनी बैंकॉक की यात्रा जारी रखना चाहती थी। सूत्रों के अनुसार एयरलाइन यहां स्थानीय जर्मन दूतावास से संपर्क में है।

कथित उपद्रवी यात्री को या तो दिल्ली पुलिस के सुपुर्द करने या उसकी माफी पर विचार कर उसे दूसरी उड़ान में जर्मनी वापस भेजने पर फैसला लंबित है। हालांकि इस मामले में अब तक लुफ्थांसा एयरलाइन की तरफ से कोई बयान नहीं आया है। विमान में मौजूद बाकी सभी यात्री सुरक्षित हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फ्लाइट में झगड़ा कर रहा शख्स नशे की हालत में था। इससे पहले 20

(शेष पेज 9)

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 30 नवंबर, 2023



# एमसीडी में होगी 6589 पदों पर भर्ती : केजरीवाल

## मुख्यमंत्री ने कहा, युवाओं के लिए दिल्ली नगर निगम में नई नौकरियों का प्रस्ताव किया पारित



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अरविंद केजरीवाल सरकार दिल्ली नगर निगम में बंपर भर्ती करने जा रही है। इस भर्ती से नगर निगम की स्कूलों को बड़ा फायदा है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को नगर निगम में 6500 से ज्यादा पदों पर भर्ती करने की खुशखबरी दी है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज हमने दिल्ली नगर निगम में 6589 नई नौकरियों का प्रस्ताव पारित किया है। इन नई नौकरियों में 2949 सिक्योरिटी गार्ड और 3640 सफाई कर्मियों की नौकरियां होंगी।

खास बात है कि इस भर्ती से नगर निगम के स्कूलों में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता होगी। मुख्यमंत्री ने कहा आज हमने दिल्ली नगर निगम में 6589 नई नौकरियों का प्रस्ताव पारित किया है। इन नई नौकरियों में 2949 सिक्योरिटी गार्ड और 3640 सफ़ाई कर्मियों की नौकरियां होंगी। एमसीडी के स्कूलों में अब साफ़ सफ़ाई के लिए अलग से सफ़ाईकर्मी होंगे और सुरक्षा के बेहतर इंतजाम भी होंगे।

- नगर निगम स्कूलों की सुरक्षा व्यवस्था होगी पुख्ता

### आने वाली पीढ़ी को तैयार कर रहेः सीएम

*अरविंद केजरीवाल ने आगे बताया कि दिल्ली सरकार की तरह हम नगर निगम में भी शिक्षा को प्राथमिकता के आधार पर लेकर काम कर रहे हैं। इन नई नौकरियों से हमारे बहुत से युवाओं को रोज़गार भी मिलेगा। हमारा मक़सद आने वाली पीढ़ी को तैयार करना है, उन्हें बेहतर माहौल देना है। शिक्षा के क्षेत्र में हम किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं होने देंगे।*



दिल्ली नगर निगम में 6589 नई नौकरियों का प्रस्ताव पास किया गया। सदन की अध्यक्षत करती मेयर शैली।

### स्कूलों में तैनात होंगे सिक्योरिटी गार्ड

**मुख्यमंत्री ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के स्कूलों में अब साफ सफाई के लिए अलग से सफाईकर्मी और सुरक्षा के लिए सिक्योरिटी गार्ड होंगे। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली के लोगों के लिए एक और ख़ुशख़बरी है। आज हमने दिल्ली नगर निगम में 6589 नई नौकरियों का प्रस्ताव पारित किया है। इन नई नौकरियों में 2949 सिक्योरिटी गार्ड और 3640 सफाई कर्मियों की नौकरियां होंगी।**



## भाजपा-कांग्रेस पार्षदों के विरोध से बैठक बाधित

- कांग्रेस पार्षदों ने अभद्र टिप्पणी पर महापौर कार्यालय के बाहर धरना दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कांग्रेस की महिला पार्षदों ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की बैठक के दौरान उनके खिलाफ कथित तौर पर की गई कुछ अभद्र टिप्पणियों को लेकर दिल्ली की महापौर शैली ओबेरॉय के कार्यालय के बाहर बुधवार को धरना दिया। पार्षदों ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आप) के एक पार्षद ने उनसे पूछा कि बैठक के दौरान सार्वजनिक मुद्दे उठाने पर क्या वे पैसे लेती हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि उसी व्यक्ति ने अभद्र तरीके से उनसे कहा कि अगर वे मुद्दों का समाधान चाहती हैं तो वे उनके पास आएं। विरोध कर रही महिला प्रदर्शनकारियों ने पार्षद से माफी मांगने और उनके खिलाफ कार्वाई की मांग की। उन्होंने कहा कि जब तक महापौर उनसे नहीं मिलेंगी, वे पीछे नहीं हटेंगी। महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि जब वे महापौर के सामने यह मुद्दा उठाने गईं तो उनके स्टाफ और आप पार्षदों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। महिला पार्षदों ने




टिप्पणी करने वाले व्यक्ति की पहचान करने के लिए सदन की रिकॉर्डिंग की जांच करने की मांग की है। इससे पहले दिन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस पार्षदों ने स्थाई समिति का गठन न होने और गृहकर में वृद्धि को लेकर बुधवार को विरोध प्रदर्शन कर एमसीडी की बैठक को बाधित किया। विपक्षी पार्षदों की नारेबाजी के बीच अपराह्न दो बजकर 19 मिनट पर सदन की बैठक शुरू हुई। कांग्रेस पार्षदों ने आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ नारे लगाए। उन्होंने हाथों में तख्तियां ले रखी थीं, जिन पर स्थाई समिति का गठन करो और गृहकर वापस लो जैसी मांगें लिखी हुई थीं। भाजपा के पार्षदों ने दिल्ली में कुत्तों से खतरे का मुद्दा उठाया और शहर में कुत्तों के काटने की घटनाओं के संबंध में आंकड़े जारी करने की मांग की।

# ग्रैप पाबंदियों को अधिकारी कड़ाई से लागू करें : राय

- पर्यावरण मंत्री ने प्रदूषण के स्तर पर उतार चढ़ाव को देखते हुए पहले व दूसरे चरण को लेकर दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण के स्तर में उतार-चढ़ाव के मौसम विभाग के पूर्वानुमान के बाद सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया है कि ग्रैप के पहले और दूसरे चरण के तहत पाबंदियों को सख्ती से लागू किया जाए। राय ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, प्रदूषण के स्तर में सुधार को ध्यान में रखते हुए ग्रैप-3 की पाबंदियों को हटा दिया गया है।

हालांकि मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि अगर हवा की गति धीमी पड़ती है तो प्रदूषण के स्तर में उतार-चढ़ाव आ सकता है। ऐसी स्थिति से बचने के लिए सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया जाता है कि वे ग्रैप-1 और ग्रैप-2 की पाबंदियों को कड़ाई से लागू करना सुनिश्चित करें। राय ने कहा, बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल वाहनों पर प्रतिबंध हटा लिया गया है और निर्माण एवं तोड़ फोड़ की गतिविधियों पर रोक हटा ली गई है। वायु गुणवत्ता में सुधार के बाद केंद्र ने मंगलवार को तत्काल प्रभाव से समूचे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) चरण-3 के तहत पाबंदियों को हटाने



का आदेश दिया था। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एवं आस पास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए रणनीतियां बनाने के लिए जिम्मेदार एक सांविधिक संस्था वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर में समग्र वायु गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार के मद्देनजर बैठक की थी। सीएक्यूएम ने कहा था कि भारत मौसम विज्ञान विभागाभारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान द्वारा वायु गुणवत्ता के पूर्वानुमान इस बात के संकेत नहीं देते हैं कि दिल्ली में आगामी दिनों में औसत वायु गुणवत्ता गंभीर की श्रेणी से आगे बढ़ेगी।

### एनजीटी ने मांगी वायु गुणवत्ता पर रिपोर्ट

*राजधानी से लेकर एनसीआर तक लगातार बेहद खराब स्थिति में चल रही हवा की गुणवत्ता के मामले का स्वतः संज्ञान लेकर शुरू की गई कार्यवाही पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने कहा कि दिल्ली की हवा की गुणवत्ता कभी बेकार स्तर पर न जाए, इसके लिए विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करें। एनजीटी ने कहा कि विभिन्न एजेंसियों से उम्मीद है कि वो ऐसा प्लान तैयार करके काम करें कि ग्रेप-1 लागू करने की जरूरत न पड़े। इस दौरान जमीनी स्तर पर हालात न सुधरने पर दिल्ली सरकार, डीपीसीसी, सीपीसीबी को कटघरे में खड़ा किया।*




### बारिश और हवा से कम हुआ प्रदूषण



**नई दिल्ली।** दिल्ली में पिछले दो दिन के दौरान बारिश और हवा चलने से बुधवार को वायु गुणवत्ता बेहतर हुई, जिससे राष्ट्रीय राजधानी में लोगों को प्रदूषण के गंभीर स्तर से राहत मिली। दिल्ली का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 290 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है जबकि मंगलवार को एक्यूआई 312 रहा था। बृहस्पतिवार और शुक्रवार को वायु गुणवत्ता के खराब श्रेणी में और शनिवार को इसके बहुत खराब श्रेणी में पहुंच जाने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बृहस्पतिवार को आसमान में बादल छाए रहने और हल्की बारिश व गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान लगाया है।



पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने उप-निरीक्षकों की पासिंग आउट परेड में मार्चिंग टुकड़ी की सलामी ली। फोटोः रंजन डिमरी

# मेट्रो की चपेट में आया था युवक, मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- 12 नवंबर को ट्रैक पार करते समय कोच और प्लेटफॉर्म के बीच फंसा

राजधानी के कुतुब मीनार मेट्रो स्टेशन पर पटरी पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से 22 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।



पुलिस के मुताबिक, घटना 12 नवंबर की है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि युवक प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि शव को एम्स ट्रॉमा सेंटर के पोस्टमार्टम हाउस में रखा गया है। अधिकारी ने बताया कि युवक ने पीली शर्ट और नीली जींस पहनी हुई थी और उसकी दाहिनी बांह पर सुनील नाम का टैटू बना हुआ था। उन्होंने बताया कि अज्ञात शव का पोस्टमार्टम 23 नवंबर को किया गया था।

अधिकारी ने बताया कि युवक के रक्त के नमूने लिए गए हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि घटना के वक्त वह नशे में था या नहीं। अधिकारी के मुताबिक, पहचान के लिए उसके दांत सुरक्षित रखे गए हैं। घटना का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है, जिसमें युवक ट्रैक और प्लेटफॉर्म के बीच फंसा नजर आ रहा है।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने यात्रियों को सलाह दी कि वे कभी भी अनाधिकृत रूप से मेट्रो ट्रैक पार करने या उस पर चलने का प्रयास न करें।

## संक्षिप्त समाचार



वीजा सेंटर के उद्घाटन अवसर पर स्पेन के राजदूत जोस मारिया रिदाओ डोमिंग्वेज (दाएं) व अन्य।

### अत्याधुनिक वीज़ा सेंटर से मिलेगी बेहतर सुविधा

**नई दिल्ली।** देश से बाहर जाने वाले व विदेश से भारत आने वाले लोगों को नए अत्याधुनिक वीजा सेंटर में बेहतर सुविधा मिलेगी। नई स्पेन के राजदूत महामहिम जोस मारिया रिदाओ डोमिंगुएज़ ने बुधवार को बीएलएस इंटरनेशनल बाराखंभा रोड स्थित गोपाल दास भवन में नए वीजा सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बीएलएस इंटरनेशनल के संयुक्त प्रबंध निदेशक शिखर अग्रवाल ने कहा कि नए वीजा केंद्र से हम ग्राहकों को बेहतर सुविधा दे पाएंगे। यहां एक दिन में 1000 आवेदकों के वीजा का पूरा किया जा सकता है। इस कार्यक्रम में सरकारी अधिकारियों और राजनयिकों सहित प्रमुख गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए। बीएलएस इंटरनेशनल 66 देशों में परिचालन के साथ इस डोमेन में एकमात्र सूचीबद्ध कंपनी है।

### रोहिणी में गोदाम में आग लगी, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी में एक गोदाम में आग लग गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि टिन-शेड में बने गत्ते के डिब्बों के गोदाम में यह आग लगी और इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दिल्ली दमकल सेवा के प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा, हमें मंगलवार रात करीब 11 बजकर 38 मिनट पर पूठ खुर्द इलाके में आग लगने की सूचना मिली। हमनें दमकल की 15 गाड़ियों को मौके पर भेज दिया और स्थानीय पुलिस को भी इस बारे में सूचना दी। उन्होंने बताया कि आग पर पूरी तरह काबू पाने के बाद उस जगह को ठंडा करने की प्रक्रिया शुरू कर है। गर्ग ने बताया, गोदाम का कुछ हिस्सा आंशिक रूप ढह गया है, लेकिन किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# तीन हथियार तस्करों को पुलिस ने दबोचा

- 30 पिस्टल और मैगजीन जब्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मध्यप्रदेश से पिस्टल लाकर दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के गैंगस्टरों को बेचने वाले तीन हथियार तस्करों को गिरिफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 30 पिस्टल, मैगजीन कई मोबाइल हैंडसेट व सिम कार्ड बरामद किया गया है।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान सुभाष वरकड़े उर्फ सुबू,अब्दुल कलाम और दीपक बरेला के रूप में हुई है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मध्यप्रदेश के रैकेट को पकडने् की कोशिश कर रही है। आरोपी आठ से दस हजार रुपये में पिस्टल लेकर उसको डबल रेट में बेच दिया करते थे। आरोपियों के संपर्क में दर्जनों गैंगस्टर और उनके गुर्गे हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सेल की टीमों को



दीपक



सुभाष



अब्दुल कलाम

पिछले काफी समय से दूसरे शहरों से अवैध पिस्टल और मैगजीन लाकर दिल्ली एनसीआर के गैंगस्टरों को देने की जानकारी मिली थी। आरोपी सुभाष वरकड़े के निरंकारी ग्राउंड, आउटर रिंग रोड के पास पुलिस ने घेराबंदी करके पकड़ लिया। एक अन्य ऑपरेशन में, अब्दुल कलाम को मिलेनियम पार्क, सराय काले खां के पास से धरा गया। उसके पास से 15 अर्ध-स्वचालित पिस्तौल बरामद की गईं। अब्दुल कलाम की निशानदेही पर आरोपी दीपक बारेला को पांच पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सुभाष वरकड़े से पूछताछ करने पर पता चला कि वह पिछले पांच साल से इस धंधे में हैं।

### दिल्ली से लापता किशोरी बिहार में मिली

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने ऑपरेशन मिलाप के तहत दिल्ली से लापता एक किशोरी को बिहार से बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार 25 अगस्त 15 साल की किशोरी शालीमार बाग से लापता हो गई थी। किशोरी को खोजने का जिम्मा क्राइम ब्रांच टीम ने उठाते हुए परिवार और रिश्तेदारों से पूछताछ की गई। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जानकरी मिलने पर एक पुलिस टीम बिहार के सीतामढ़ी गई जहां से किशोरी से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया।

## दिल्ली दंगाः आगजनी, घरों में जबरन घुसने के 10 आरोपी बरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

स्थानीय अदालत ने बुधवार को 2020 के सांप्रदायिक दंगों के दौरान आगजनी, घर में जबरन घुसने और उत्पात मचाने सहित कथित आरोपों से 10 लोगों को यह कहते हुए बरी कर दिया कि शक के आधार पर आरोप साबित नहीं किए जा सकते।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला 25 फरवरी, 2020 को दंगों के दौरान भागीरथी विहार इलाके में एक दुकान में आग लगाने वाली दंगाई भीड़ का हिस्सा होने के 10 आरोपियों के खिलाफ एक मामले की सुनवाई कर रहे थे। अदालत ने कहा कि तीन प्रमुख गवाह शिकायतकर्ता, उनके बेटे और उनके भतीजे आरोपियों की पहचान स्थापित करने में अभियोजन पक्ष की मदद नहीं कर पाए।

पुलिस द्वारा पेश किए गए तीनों गवाहों ने आरोपियों की पहचान में गड़बड़ी की। अदालत ने कहा, इस तरह की गड़बड़ी भ्रम की वजह से हो सकती है। एक सहायक उप-निरीक्षक ने कुछ आरोपियों की पहचान करने के संबंध में बार-बार बदलने वाला रुख अपनाया था।

# प्रदूषण के चलते 60 फीसदी लोग छोड़ना चाहते हैं दिल्ली

## सर्वे रिपोर्ट के अनुसार वायु गुणवत्ता प्रभावित होने से 10 में से 6 लोग कहीं और बसने के इच्छुक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली और मुंबई में रहने वाले 60 प्रतिशत लोग दोनों शहरों में वायु प्रदूषण से खराब होते हालात के मद्देनजर कहीं और जाने के विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। यह खुलासा एक नवीनतम अध्ययन में हुआ है।

स्वास्थ्य सेवा प्रदाता प्रिस्टिन केयर ने दिल्ली, मुंबई और आसपास के इलाकों के चार हजार लोगों पर किए गए सर्वेक्षण के आधार पर यह नतीजे पेश किए हैं।

अध्ययन में शामिल 10 में से नौ उत्तरदाताओं ने वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में गिरावट के सबसे आम लक्षणों जैसे लगातार खांसी, सांस लेने में तकलीफ, घरघराहट, गले में खराश और आंखों से पानी निकलने या खुजली का अनुभव करने की बात कही। सर्वेक्षण के मुताबिक, दिल्ली और मुंबई



फाइल फोटो

में 10 में से छह निवासी ने खराब वायु गुणवत्ता और प्रदूषण के कारण स्थानांतरित होने पर विचार करने की बात कही। सर्वेक्षण के नतीजों में सामने आया कि वायु गुणवत्ता में गिरावट खासतौर पर सर्दियों के मौसम की वजह से लोगों की सेहत पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, 40 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने सर्दियों के मौसम में अपने प्रियजनों में अस्थमा या ब्रोंकाइटिस जैसी पहले से मौजूद श्वसन संबंधी समस्याओं में वृद्धि होने की बात कही। अध्ययन के मुताबिक, दिल्ली और मुंबई में 10 में से चार लोगों को हर साल या कुछ वर्षों में वायु प्रदूषण से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के लिए इलाज की जरूरत पड़ती है।

सर्वेक्षण में शामिल लोगों से जब वायु प्रदूषण से निपटने के लिए अपनी जीवनशैली में बदलाव के बारे में पूछा गया गया, तो 35 प्रतिशत ने बताया कि उन्होंने व्यायाम और दौड़ने जैसी बाहरी गतिविधियां बंद कर दी हैं जबकि 30 प्रतिशत ने बाहर मास्क पहनना शुरू कर दिया। अध्ययन के मुताबिक दिल्ली और मुंबई में केवल 27 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने एयर प्यूरीफायर का उपयोग करने की बात स्वीकार की जबकि आश्चर्यजनक रूप से 43 प्रतिशत लोगों में गलत धारणा है कि इनके उपयोग से प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो जाती है।

# एम्स की सीट बेचने के लिए नहीं हैः हाईकोर्ट

- अदालत ने दाखिले के लिए 30 लाख रुपये की वसूली के मामले को किया खारिज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को एक महिला की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उसने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में अपनी बेटी के दाखिले के लिए एक व्यक्ति को कथित तौर पर दिए गए 30 लाख रुपये की वसूली का अनुरोध किया था।

अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि देश के प्रमुख संस्थानों में से एक एम्स की एमबीबीएस पाठ्यक्रम सीट बिक्री के लिए नहीं थीं। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने महिला को कोई भी राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि महिला ने खुद अवैध काम किया है और कानून ऐसे करारों को मान्यता नहीं देता है जो गैरकानूनी, अनैतिक और सार्वजनिक नीति के खिलाफ हैं। अदालत ने कहा, यह सर्वविदित तथ्य है कि एम्स भारत में चिकित्सा के सबसे प्रमुख संस्थानों में से एक है। एम्स में प्रवेश के लिए बच्चे घंटों-घंटों तैयारी करते हैं। एम्स में एमबीबीएस पाठ्यक्रम की सीट बिक्री के लिए नहीं है। अपीलकर्ता भोला-भाला हो सकता है लेकिन अदालत ऐसे व्यक्ति की सहायता नहीं कर सकती, जिसने गैर-कानूनी काम किया है। महिला ने निचली अदालत के उस आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील की थी, जिसमें उस व्यक्ति से 30 लाख रुपए की वसूली के लिए दायर उसका मुकदमा खारिज कर दिया गया था। महिला के मुताबिक, व्यक्ति ने कथित तौर पर स्वास्थ्य मंत्री और संस्थान के अधिकारियों के साथ संपर्क होने का दावा करते हुए पैसे के बदले उसे उसकी बेटी के लिए सीट सुरक्षित करने का प्रलोभन दिया था।

अदालत ने कहा कि एम्स में प्रवेश पाने के इच्छुक छात्रों ने प्रतिदिन 18 घंटे पढ़ाई की और अपीलकर्ता ने धोखाधड़ी के जरिए पंक्ति तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश की। पीठ ने कहा, अगर 40 लाख रुपये देकर आप सीट पा सकते हैं तो हमारे देश का क्या होगा, मामले के तथ्य एक भयावह तस्वीर पेश करते हैं। अदालत ने यह भी कहा कि निचली अदालत के फैसले में कोई गलती नहीं है।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 30 नवंबर, 2023



# किसानों को मोटे अनाज और उन्नत कृषि के प्रति मेले में किया जागरूक

## पोषक तत्वों से भरपूर मोटे अनाज की अच्छी कीमत मिलने से किसानों को होगा लाभ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जिला** के किसानों को मोटे अनाज, उपज और उन्हें सही उन्नत कृषि के प्रति जागरूक करने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा बुधवार को सोहना स्थित केआर मंगलम विश्वविद्यालय के प्रांगण में जिला स्तरीय किसान मेले का आयोजन किया गया। इस किसान मेले का शुभारंभ एडीसी हितेश कुमार मीणा ने बतौर मुख्यातिथि किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अंकुश मित्तल भी उपस्थित रहे।



गुरुग्राम के खंड सोहना स्थित केआर मंगलम विवि में जिला स्तरीय किसान मेले में स्टॉल का अवलोकन करते एडीसी हितेश कुमार मीणा।

एडीसी हितेश कुमार मीणा ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। जिसके तहत पूरे देश में किसान मेलों का आयोजन कर लोगों को मोटे अनाजों को आहार में शामिल करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने जिलावासियों से मोटे अनाज को प्रतिदिन के आहार में शामिल करने का आह्वान करते हुए कहा कि मोटा अनाज हमारी सेहत के लिए बेहद लाभकारी है, इसलिए हमें इसे अपने हर रोज के आहार में शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें ज्यादा से ज्यादा मोटे अनाज से बने व्यंजनों को खाना चाहिए। इस दौरान एडीसी ने मेले में लगाई गई स्टॉलों पर मोटे अनाजों से तैयार किए गए व्यजनों का स्वाद भी चखा।

एडीसी ने कहा कि मोटा अनाज कुपोषण मुक्त भारत के विजन को साकार करने का सबसे बढ़िया माध्यम है। मोटे अनाजों में भरपूर मात्रा में पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसलिए लगातार मोटे अनाज के सेवन से शरीर को कई फायदेमंद पोषक तत्व मिलते हैं जो हमें बीमारियों से लड़ने में मदद करते हैं। मोटा अनाज में कई ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो गेहूं और चावल में नहीं होते हैं। कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. अनिल तंवर ने बताया कि किसान मेले में किसानों को कृषि के क्षेत्र में उनत तरीकों की जानकारी दी गई, जिससे किसान अधिक से अधिक लाभ अर्जित कर सकें।

उन्होंने बताया कि राज्य के किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं बनाई गई है। इन योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के किसानों को आर्थिक संभल दिया जा रहा है। इस दौरान मेले में उपस्थित सभी लोगों को अपने आहार में मोटे अनाजों को शामिल करने के प्रति शपथ भी दिलाई गई।

## संक्षिप्त समाचार



गुरुग्राम सिविल लाइन में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

### जनसेवा समिति ने सिविल लाइन में लगाया 32वां भंडारा

**गुरुग्राम।** सामाजिक संस्था जनसेवा समिति द्वारा सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित अग्रवाल धर्मशाला के निकट बुधवार को 32वें विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भाजपा नेता अमित गोयल, आम आदमी पार्टी के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष धनराज बंसल भी भंडारे में पहुंचे और प्रसाद वितरित किया। उन्होंने भंडारा वितरित करते हुए कहा कि धर्म शास्त्रों में उल्लेखित है कि अन्नदान भी बड़ा दान है। किसी भूखे को भोजन करा दिया जाए तो सबसे बड़े पुण्य फल की प्राप्ति होती है। अन्न एक मात्र ऐसी वस्तु है, जिससे शरीर के साथ-साथ आत्मा भी तृप्त होती है। उन्होंने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था पुण्य काय कार्य कर रही है। उन्होंने शहर के सामर्थ्यशील लोगों से भी आग्रह किया है कि वे भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार के आयोजनों को बढावा दें, ताकि जरूरतमंदों को ससम्मान भोजन भी प्रसाद के रुप में उपलब्ध हो सके। आयोजन को सफल बनाने में सुनील गर्ग, राहुल गर्ग, राजीव गुलाटी, संजय मेहरा, आशीष, मुस्कान कुण्डू, प्रशांत भारद्वाज, अंकित अल्घ, विक्रांत मक्कड़, स्वाति ग्रोवर, मुकेश डागर, अंकित जुनेजा, मनबीर चौहान, उमाशंकर आदि का सहयोग रहा।

### सरपंच से अभद्रता से बोलने पर युवक के खिलाफ केस दर्ज

**सोहना।** सदर थाना सोहना पुलिस ने सरमथला निवासी के खिलाफ गांव के सरपंच से अभद्रता से बरताव करने वाले युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सरपंच ने युवक पर मोबाइल फोन पर कॉल करके और आम रास्ते में आते-जाते समय गालियां देने और अभद्रता से बालने का आरोप लगाया है। ग्राम पंचायत सरमथला के सरपंच पवन कुमार ने पुलिस को बताया कि वह पिछले 15 साल से सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेता है। वह ग्रामीणों द्वारा मतदान के माध्यम से सरपंच चुना है। सरपंच का गांव के अंदर सम्मानित पद होता है। उन्होंने बताया कि उनके गांव का निवासी अमित कुमार उसे मोबाइल नंबर से फोन करके गालिया देता है। गांव के आम रास्तों में आते-जाते आमने सामने होने पर भी गालिया देता है। कई बार वह अपनी पत्नी के साथ गांव में आता व जाता है। अमित महिला साथ होने की परवाह न करके गालियां देता है। अमित उसके सरपंच होने की भी शर्म नहीं करता है। सदर थाना पुलिस ने सरपंच की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए उसके खिलाफ कानून प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### पुलिस ने नागरिक अस्पताल व क्लब में बनाई अस्थायी पार्किंग

**गुरुग्राम।** पुराने गुरुग्राम में सदर बाजार क्षेत्र में पार्किंग का काफी समस्या है। लोग सड़क किनारे वाहन खड़े करने को मजबूर रहते हैं। अब पुलिस ने पार्किंग को लेकर अहम निर्णय लेते हुए नागरिक अस्पताल कैंपस और सेशंस हाउस के सामने क्लब में अस्थायी पार्किंग बना दी है। यहां पर लोग अपने वाहन खड़े कर सकते हैं। ट्रैफिक एडवाइजरी जारी करते हुए गुरुग्राम पुलिस की ओर से कहा गया है कि सदर बाजार व इसके आसपास आने वाले वाहनों की पार्किंग की कठिनाई को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा वाहन पार्किंग की कुछ अस्थाई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। सदर बाजार व आसपास आने वाले वाहन चालक अब पुराना नागरिक अस्पताल की जगह में व सेशन हाउस के सामने क्लब में वाहनों की पार्किंग कर सकते हैं। ऐसा निर्णय इसलिए लिया गया है कि सड़कों पर वाहन खड़ा होने से जाम की स्थिति ना होने पाए। आमजन से अपील है कि इन चिन्हित दोनों स्थानों पर ही अपने वाहन पार्क करें, ताकि यातायात में किसी प्रकार की असुविधा ना हो। साथ ही रोड पर वाहनों का दबाव भी कम किया जा सके।

# बीएलए नियुक्त कर नए मतदाता बनाने में सहयोग करें राजनीतिक दल : बिढ़ान

## मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान की प्रगति की मंडलायुक्त ने की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** मंडल के आयुक्त आरसी बिढ़ान ने कहा कि भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी जिलों में मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान जारी है। इस अभियान में नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए राजनीतिक दलों को भी आगे आने चाहिए।

अपने कैंप कार्यालय में गुरुग्राम मंडल के सभी जिलों में अभियान की प्रगति की समीक्षा बैठक में मंडलायुक्त ने कहा कि सभी राजनीतिक दल अपने बीएलए नियुक्त करें, जोकि इस अभियान के तहत मताधिकार की पात्रता पूरी करने वाले युवाओं का अधिक से अधिक पंजीकरण कराने में सहयोग करें। जिलावार अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि लोकतंत्र में मताधिकार का विशेष महत्व होता है। मताधिकार की पात्रता पूरी करने वाले सभी को अपना मत अवश्य बनवाना चाहिए। लोकतंत्र में हर एक वोट की अपनी ताकत होती है, जिसमें हम सभी को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। समाज के सभी वर्गों को भी इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।



गुरुग्राम मंडल के जिलों में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए मंडल आयुक्त आरसी बिढ़ान।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार त्रुटि रहित फोटो युक्त मतदाता सूची तैयार करना बेहद जरूरी है। जिसके लिए जिला में नए मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ने व पुराने मतदाता की आपत्तियों व दावों के अनुरूप संशोधन के लिए विशेष अभियान जारी है। इस अभियान के तहत पहली जनवरी, 2024 को आधार तिथि मानकर 27 अक्टूबर, 2023 से 09 दिसंबर, 2023 तक दावे तथा आपत्तियां प्राप्त करने का कार्यक्रम जारी है। इस अभियान के तहत 5 जनवरी, 2024 को मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाना है। ऐसे में सभी राजनीतिक दल व निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी इस कार्य में गंभीरता दिखाएं, ताकि अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में पंजीकरण का कार्य निरंतर चलता रहता है, लेकिन इन दिनों में विशेष अभियान जारी है। बैठक में सोहना के एसडीएम प्रदीप सिंह, गुरुग्राम के एसडीएम रविंद्र यादव, पटौदी के एसडीएम संदीप अग्रवाल, बादशाहपुर के एसडीएम सतीश यादव के अलावा आप व बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। वहीं वीडियो कांफ्रेंस से फरीदाबाद, महेंद्रगढ़, नूंह व पलवल आदि जिलों के अधिकारी व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी बैठक से जुड़े।

# गुरुग्राम में बरसाती नालों के खुले हिस्सों पर ग्रिल लगा रहा जीएमडीए

### जीएमडीए के लेग 1, लेग 2 और लेग 3 क्षेत्रों में लगाई जा रहीं ग्रिल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) अपने सभी प्रमुख बरसाती नालों के खुले हिस्सों पर फेंसिंग लगाने का काम कर रहा है। जीएमडीए के लेग 1, लेग 2 और लेग 3 नालों के ओपन/अनकवर्ड स्थानों पर ग्रिल लगाए जा रहे हैं। जीएमडीए इंफ्रा-2 के कार्यकारी अभियंता विक्रम सिंह ने बुधवार को बताया कि इन क्षेत्रों में बाड़ लगाने से इन गतिविधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने बताया कि किसी भी घातक घटना से बचने, खुले नालों में कचरे की डंपिंग पर रोक लगाने और शहर के ड्रेनेज नेटवर्क की स्वच्छता बनाए रखने के लिए यह कार्य किया जा रहा है। लगभग 4.5 किलोमीटर तक की फेंसिंग की जानी है, जिसमें से 2.5 किलोमीटर पर ग्रिल को लगाने का काम पूरा हो चुका है।



गुरुग्राम में जीएमडीए द्वारा नालों पर की गई फेंसिंग।

आवासीय क्षेत्रों में खुले नाले को प्राथमिकता के आधार पर लिया गया है। उद्योग विहार, अशोक विहार, भीमगढ़ खेड़ी, गांव घडौली, सेक्टर-37 में पेव सिटी 2 और एनएच-48 पर बादशाहपुर पुलिया के पास खुले नालों के किनारे फेंसिंग लगाने का काम पूरा हो चुका है।

जीएमडीए विशेष रूप से आवासीय क्षेत्रों के निकट नालों पर मानव और पशु जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 6 फीट की ऊंचाई तक के ग्रिल लगा रहा है। ड्रेन में बड़े पैमाने पर कूड़ा-कचरा डाला जाता है। जो शहर की जल निकासी व्यवस्था को अवरुद्ध कर देता है।

# हम सभी गुरुग्राम को स्वच्छता में देश के टॉप 10 शहरों में लाएंगे: गोयल

### अशोक विहार में पब्लिक मीटिंग में भीगीदारी की अपील

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के सह-संयोजक नवीन गोयल ने अशोक विहार फेज-3 में पब्लिक मीटिंग में शिरकत करके लोगों से पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता पर चर्चा की।

इस अवसर पर जयवीर कटारिया, महिपाल चौधरी, वीनू कुमार, शिवम बंसल, ललित कटारिया, दीपक जांगड़ा, नीलम गर्ग, पारस सिंह चौधरी, राकेश शर्मा, सोनू, संदीप भारद्वाज, अनिल जांगिड़, अरुण गर्ग, ललित कटारिया, सुरेंद्र गुज्जर, सौरव राठी, ललित चहर, गौरव चौधरी उपस्थित रहे। नवीन गोयल ने लोगों से अपील और आग्रह करते हुए कहा कि हम सभी को स्वच्छता की इस मुहिम में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य स्वच्छता के मामले में गुरुग्राम को देश के टॉप 10 शहरों में लाना है। यह लक्ष्य तभी सफल होगा जब इसमें जन भागीदारी होगी। नवीन गोयल ने कहा कि अपने घर से, घर के आसपास से स्वच्छता के कार्यक्रम चलाएं। हमारे छोटे-छोटे प्रयासों से बड़े काम सार्थक होंगे। इसके लिए जनजागरुकता की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थाओं से भी स्वच्छता के लिए शुरुआत होनी चाहिए। नवीन गोयल ने कहा कि हम सबके सांझा प्रयासों से ही तस्वीर बदलेगी। जमीनी स्तर पर हमें काम करने की जरूरत है। जब हमारे प्रयास मन से होंगे तो काम भी पूरे होंगे। जन-जन की भागीदारी स्वच्छता के कार्यक्रमों, अभियानों में होने के साथ हमें अपने स्तर पर स्वच्छता के लिए काम करना चाहिए।



गुरुग्राम के अशोक विहार फेज-3 में आयोजित कार्यक्रम में लोगों के बीच नवीन गोयल।

# यदि युवा अनुभव और ऊर्जा का मिश्रण करें तो सफलता का विस्फोट होगा

### हनुमान चालीसा मुहिम का आंकड़ा हुआ 4 लाख 46 हजार पार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

द्रोण पब्लिक स्कूल और द्रोणा कॉलेज ऑफ एजुकेशन रवि नगर के लगभग 600 विद्यार्थी, शिक्षकों व अन्य प्रशासनिक स्टाफ साधकों ने गजेंद्र गोसाई की संगीतमय हनुमान चालीसा का 11-11 बार पाठन किया।

स्कूल के अध्यक्ष भीष्म भारद्वाज ने स्कूल में कार्यक्रम आयोजन के लिए आभार जताया। इस दौरान पंडित भीमदत्त, धर्मेन्द्र बजाज, सुखदेव और बवेजा भी उपस्थित रहे। रवि नगर में 600 साधकों ने 11-11 बार मिलाकर कुल 6600 पाठ किए। हनुमान चालीसा पाठ के बाद बोधराज सीकरी ने विद्यार्थियों को प्रेणादायी वक्तव्य देकर उनके अंदर नई ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के लिए हनुमान चालीसा पाठ इसलिए भी आवश्यक है, क्योंकि हनुमान चालीसा का प्रथम शब्द श्री गुरु है। विद्यार्थियों के लिए जीवन में गुरु का बहुत बड़ा महत्व है।



हनुमान चालीस पाठ के दौरान बोधराज सीकरी के साथ एकत्रित लोग।

बोधराज सीकरी ने युवाओं को बताया कि आपके पास ऊर्जा है और बड़ों के पास अनुभव। यदि दोनों मिलकर अनुभव और ऊर्जा का मिश्रण करें तो सफलता का विस्फोट होगा। भीष्म भारद्वाज के मार्गदर्शन में हनुमान चालीसा पाठ आरती और राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ।

गीता भवन के प्रांगण में श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति गुरुग्राम द्वारा आयोजित गीता जयंती निमित्त कार्यक्रम जिसकी अध्यक्षता श्रद्धेय स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने की थी, उसमें लगभग 100 साधकों ने सात-सात बार कार्यक्रम से पूर्व हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस प्रकार कुल 790 साधकों ने 8,360 हनुमान चालीसा पाठ किये।अब तक 154 स्थानों पर 437,927 पाठ 31,031 साधकों द्वारा पिछले सप्ताह तक हुए थे। सब पाठ को मिलाकर 159 स्थानों पर कुल 4,46,287 हनुमान चालीसा पाठ 31,821 साधकों द्वारा किये जा चुके हैं।

# एएसआई संदीप कुमार बने मानेसर पुलिस लाइन आरडब्ल्यूए के प्रधान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मानेसर** पुलिस लाइन आरडब्ल्यूए की एएसआई संदीप कुमार (पलड़ा) को चौधर मिली है। उन्होंने 201 वोट लेकर प्रधान पद पर जीत हासिल की।



प्रधान एएसआई संदीप कुमार।

जीत के साथ ही संदीप कुमार ने कहा कि आरडब्ल्यूए प्रधान के नाते उनका मूलभूत सुविधाओं को पूरा कराने पर फोकस रहेगा। किसी भी तरह की परेशानी में वे रेजीडेंट के साथ खड़े मिलेंगे। मानेसर पुलिस लाइन आरडब्ल्यूए के चुनाव में कुल 441 वोटों में से 361 वोट पोल हुए। प्रधान के अलावा उपप्रधान पद पर कांस्टेबल सोनू ने भी 201 वोट लेकर जीत हासिल की।

कांस्टेबल नीरज 220 वोट लेकर महासचिव, कोषाध्यक्ष व संयुक्त सचिव पद पर कांस्टेबल चहल एवं कांस्टेबल सागर को सर्वसम्मति से चुना गया। कार्यकारिणी सदस्यों में कांस्टेबल प्रवीन, कांस्टेबल अजीत, हेड कांस्टेबल राजेंद्र कुमार, कांस्टेबल जोनी कुमार, कांस्टेबल विकास, एलसीटी सोनू को चुना गया।

# किफायती हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी से उचित स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच हुई आसान

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

**स्वास्थ्य** संबंधी समस्याएं अक्सर अचानक आती है और कभी कभी काफी गंभीर हो जाती है। स्वास्थ्य समस्याएं प्रत्येक व्यक्ति को बिना किसी फर्क के प्रभावित करती है, फर्क केवल इतना है कि यह समस्याएं किसी भी औसत आय वाले व्यक्ति को वित्तीय रूप से अधिक नुकसान पहुंचाती है। स्वास्थ्य देखभाल की बढ़ती लागत भी व्यकित की जेब पर काफी गहरा प्रभाव डालती है, इसलिए हेल्थ इंश्योरेंस ही केवल एक ऐसा विकल्प हो जो इन सभी परेशानियों का सामना करने में मदद करता है।

सिद्धार्थ सिंघल, बिजनेस हेड-हेल्थ इंश्योरेंस, पॉलिसीबाजार डॉट कॉम "कई इनकम ग्रुप ऐसे हैं जिनके लिए हेल्थ इंश्योरेंस खरीदना आसान नहीं होता है। लाखों लोगों को इस समस्या से उबरने में मदद करने के लिए, इंश्योरेंस इंडस्ट्री ने ऐसी योजनाएं तैयार की हैं जो लागत प्रभावी होने के साथ-साथ व्यापक भी हैं। हर व्यक्ति की मेडकिल प्रॉब्लम अलग-अलग होती है और उसकी चिकित्सीय ज़रूरतें भी अलग-अलग होती हैं। ये योजनाएं इन सभी विभिन्न आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई हैं।

हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदते समय हमेशा अधिक बीमा राशि का विकल्प चुनने की सलाह दी जाती है, हालांकि इंश्योरेंस खरीदन का सामर्थ्य न होने की वहज से अक्सर पॉलिसीधारक को किसी भी बीमा को नहीं खरीद पाते है। इसलिए किसी भी अनिश्चित स्थिति से बचने के लिए कम से कम 5 लाख रुपये से शुरू होने वाली बीमा राशि वाली एक किफायती योजना अपनाने की सलाह दी जाती है। हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी अब 350 रुपये प्रति माह के प्रीमियम पर उपलब्ध है जिनकी प्रतिदिन की कीमत मात्र 11-12 रुपये प्रति दिन है। यह एक नो-फ्रिल्स पॉलिसी है जो किसी भी मेडिकल इमरजेंसी के दौरान अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में आपकी जरूरतों को पूरा करती है। ये योजनाएं आपकी जेब पर वित्तीय प्रभाव डाले बिना कम प्रीमियम पर उचित स्वास्थ्य देखभाल की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए डिजाइन की गई है।

किफायती हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी की मांग लगातार बढ़ रही है, खासकर टियर-2 और टियर-3 शहरों में। ये योजनाएं उन सभी लोगों को पर्याप्त कवरेज प्रदान करने के लिए हैं जिनके पास किसी भी प्रकार का हेल्थ इंश्योरेंस नहीं है। इसलिए, एक पॉलिसी बनाने और उसे उपभोक्ता तक ले जाने के बजाय, ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इन सभी पॉलिसीयों को रिवर्स-इंजीनियर किया जाता है।

ये प्लान सस्ते हैं और अच्छा कवरेज प्रदान करते हैं। इसमें आप अस्पताल में अपनी इच्छानुसार कोई भी कमरा चुन सकते हैं क्योंकि कमरे के रेंट की कोई लिमिट नहीं है। यह योजनाएं पॉलिसीधारक को मासिक, तिमाही और अर्ध वार्षिक प्रीमियम भुगतान की सुविधा प्रदान करती है। यह योजनाएं रिन्यूल बोनस भी प्रदान करती हैं, जिसमें प्रत्येक क्लेम फ्री ईयर के लिए पॉलिसी के रिन्यूल पर इंश्योरेंस राशि में 50 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक वृद्धि होती है।

# गुरुग्राम के मेदांता में मशहूर फैशन डिजायनर रोहित बल की हालत नाजुक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

यहां मेदांता मेडिसिटी में दाखिल कराए गए बॉलीवुड के मशहूर फैशन डिजायनर रोहित बल की हालत नाजुक है। उन्हें जीवन रक्षक प्रणाली वेंटिलेटर पर रखा गया है। वे वेंटिलेटर पर जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। उनके जीवन की रक्षा के लिए गुरुग्राम से बॉलीवुड तक दुआओं का दौर जारी है।

रोहित बल की हालत नाजुक होने की सूचना के साथ ही उनके जीवन की रक्षा के लिए लोगों ने भगवान से प्रार्थना, दुआ करनी शुरू कर दी। हर कोई उनके स्वस्थ होने की कामना कर रहा है। बॉलीवुड हस्तियों के लिए फैशनेबल कपड़े तैयार करके एक अलग पहचान बनाने वाले रोहित बल ने फैशन की दुनिया में अपने चाहने वालों के दिलों पर राज किया है। रोहित बल को मुगल फैशन को बढ़ावा देने का श्रेय जाता है।

मेदांता अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण चंद्रा रोहित बल का उपचार कर रहे हैं। इसी महीने यानी नवंबर 2022 में भी रोहित बल





### गुरुग्राम से बॉलीवुड तक रोहित के लिए मांगी जा रहीं दुआएं

की सेहत के संबंध में समस्या आई थी। तब भी उन्हें मेदांता में ही भर्ती कराया गया था। वर्ष 2010 में हार्ट अटैक आने के बाद उनकी एंजियोप्लास्टी की गई थी। तब से अब तक वे शारीरिक समस्याओं से ही घिरे रहे। समय-समय पर उन्हें दिक्कत आ रही है। बीते सोमवार उनकी सेहत में सुधार होने की बजाय काफी गिरावट आ गई। उनकी हालत नाजुक होने पर वेंटिलेटर पर रखना पड़ा है। बॉलीवुड हस्तियों ने उनके जल्द स्वस्थ होने की भगवान से कामना की है।

# दुबई में गैंगस्टर कौशल को शरण देने का आरोपी अमृतसर से गिरफ्तार

### एक लाख का ईनामी भी है आरोपी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

शहर के सेक्टर-48 में विजय उर्फ तांत्रिक नामक व्यक्ति की हत्या के आरोप में फरार एक लाख रुपये के ईनामी बदमाश को गुरुग्राम पुलिस ने काबू किया है। पुलिस उसे पंजाब के अमृतसर से पकड़कर लायी है। एसीपी क्राइम वरुण दहिया ने बुधवार को बताया कि आरोपी के तार गैंगस्टर कौशल व अमित डागर से भी जुड़े हैं।

आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस की पूछताछ में खुलासा हुआ है कि करण उर्फ अली निवासी बास मोहल्ला हथीन जिला पलवल का रहने वाला है। आरोपी बीए पास है और वर्ष 2023 से दुबई में रह रहा था। वर्तमान में वह दुबई के एक बैंक में काम करता है। आरोपी ने गैंगस्टर अमित डगर के कहने पर दुबई में गैंगस्टर कौशल को रहने के लिए जगह दी थी। गैंगस्टर कौशल व अमित डागर के गुर्गों से कौशल की बात करवाता था। इसके बदले गैंगस्टर कौशल ने आरोपी को लाइसेंस बनवाने के लिए लगभग एक लाख रुपए दिए थे। विजय उर्फ तांत्रिक की हत्या की साजिश गैंगस्टर कौशल, अमित डागर व इसने (करण) दुबई में रची थी। आरोपी को पकड़ने के लिए गुरुग्राम पुलिस द्वारा रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाया गया था।



गुरुग्राम पुलिस की गिरफ्त में हत्या का आरोपी।

### 22 फरवरी 2019 की रात की घटना

विजय नाम व्यक्ति के बिजनेस पार्टनर ने पुलिस को बताया कि 22 फरवरी 2019 की रात को करीब 11 बजे विजय ने कॉल करके उसे पार्श्वनाथ ग्रीन विला सेक्टर-48 के पास बुलाया। जब वह मौके पर पहुंचा तो विजय को गोली लगी हुई थी। उसे उपचार के लिए मेदांता अस्पताल पहुंचाया। साथ ही पुलिस को सूचना दी गई। अस्पताल पहुंचने से पहले ही विजय उर्फ तांत्रिक की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने इस मौत का मामला दर्ज किया। प्रबंधक थाना बादशाहपुर निरीक्षक सतीश की पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए 1 लाख रुपयों के ईनामी बदमाश को अमृतसर से काबू किया है। आरोपी की पहचान करण उर्फ अली के रूप में हुई है।

# खेल महाकुंभ में केसीएम वर्ल्ड स्कूल की दीक्षा ने किया नाम रोशन

## अंबाला में आयोजित तीन दिवसीय महाकुंभ में पहले ही दिन 400 मीटर फ्री स्टाइल में पाया पहला स्थान

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**टीकरी** ब्राह्मण स्थित केसीएम वर्ल्ड स्कूल की आठवीं कक्षा की छात्रा दीक्षा वशिष्ठ ने अंबाला में आयोजित तीन दिन तक चलने वाले खेल महाकुंभ-2023 के पहले ही दिन 400 मीटर फ्री स्टाइल में पहला स्थान व 4×100 मीटर रिले में तीसरा स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर जिला पलवल तैराकी कोच प्रकाश कादयान ने बताया कि दीक्षा वशिष्ठ का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है, जिससे पलवल जिले का नाम रोशन हुआ है। महिला तैराकी टीम इंचार्ज सोनिया दलाल ने बताया कि यह प्रतियोगिता अंबाला में तीन दिन के लिए आयोजित की जा रही है, जिसमें 22 जिलों की महिला खिलाड़ी ने भाग ले रहे हैं। पहले दिन दीक्षा वशिष्ठ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया है, जिससे पलवल जिले का नाम रोशन हुआ है। केसीएम वर्ल्ड स्कूल पलवल के डायरेक्टर अनिल भारद्वाज ने बताया कि दीक्षा वशिष्ठ ने अपनी प्रतिभा से पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। उन्होंने बताया कि हमारे स्कूल में विद्यार्थियों की पढ़ाई के साथ साथ खेलों पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। उसी का परिणाम है कि आज केसीएम वर्ल्ड स्कूल पलवल के बच्चे हरियाणा के सबसे बड़े खेल महाकुंभ में भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या पारुल भारद्वाज ने भी इस अवसर पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं प्रकट कीं।

उल्लेखनीय है कि खेल महाकुंभ का आयोजन दो चरणों में होगा। पहले चरण में 28 से 30 नंवबर तक पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर और कुरुक्षेत्र में होगा। जबकि इसके बाद चार से छह दिसंबर तक करनाल, रोहतक, फरीदाबाद, गुरुग्राम में प्रतियोगिताएं होंगी। खेल महाकुंभ के तहत 24 खेल प्रतियोगिताएं होंगी, जबकि पहली बार क्रिकेट को शामिल किया गया है।

### ये है प्रतियोगिताओं का शेड्यूल

28 से 30 नवंबर

| खेल | स्थान |
|---|---|
| तैराकी | अंबाला |
| जिम्नास्टिक | अंबाला |
| फुटबॉल | अंबाला |
| लॉन टेनिस | यमुनानगर |
| साइकिलिंग | कुरुक्षेत्र |
| जूडो | कुरुक्षेत्र |
| हॉकी | कुरुक्षेत्र |
| फुटबॉल | कुरुक्षेत्र |

चार से छह दिसंबर

| खेल | स्थान |
|---|---|
| क्याकिंग एंव कनाइंग | करनाल |
| टेबल टेनिस | करनाल |
| रोविंग | करनाल |
| हैंडबॉल | करनाल |
| नेशनल स्टाइल कबड्डी | रोहतक |
| कुश्ती | रोहतक |
| भारोत्तोलन | रोहतक |
| शूटिंग | फरीदाबाद |
| ताइक्वांडो | फरीदाबाद |
| एथलेटिक्स | फारीदाबाद |
| ऑर्चरी | गुरुग्राम |
| फैंसिंग | गुरुग्राम |

**खेल महाकुंभ का आयोजन दो चरणों में होगा**

# शादी समारोह में विशेष समुदाय के पड़ोसियों ने किया पथराव

## पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद।





**डबुआ** कॉलोनी में मंगलवार देर रात एक परिवार शादी की तैयारियों में जुटा था। परिवार स्पीकर पर गाने बजा कर डांस कर रहा था, लेकिन इसी बीच पड़ोस में रहने वाले विशेष समुदाय के एक परिवार ने उन पर ईंट पत्थरों से हमला कर दिया। इसके चलते शादी की खुशियों को ग्रहण लग गया। सभी परिजन अपने घर में दुबक गए। उन्हें कोई चोट तो नहीं आई, लेकिन गली में खड़ी गाड़ियों को पथराव से नुकसान पहुंचा है।

डबुआ कॉलोनी के कुलदीप चौहान ने दी शिकायत में कहा है कि उनका पैतृक गांव बुलंदशहर है, लेकिन वह यहीं पैदा हुए और पले बढ़े हैं। उनके भाई बबलू की बारात बुधवार को दिल्ली के निहाल विहार जानी थी। पूरा परिवार और घर पर शादी में शरीक होने के लिए आए उनके रिश्तेदार और दोस्त मित्र सभी बीती रात एक साउंड सिस्टम चला कर डांस कर रहे थे।

उसने बताया कि लगभग 10.30 बजे उन्होंने उसे बंद कर दिया और वह लोग अंदर जाने लगे। तभी उनके पड़ोसी, जो कि विशेष समुदाय से हैं, आए और उनसे दोबारा साउंड बजाने के लिए कहा। लेकिन उन्होंने रात ज्यादा होने की बात कहकर उसे नहीं चलाया। आरोप है कि इससे पड़ोसी उनसे घर में घुस कर मारपीट करने लगे। घर में रखे कैश और आभूषण के बैग को भी लेकर भाग गए।

उन्होंने अपना सामान संभाला और अपना बैग लेने उनके घर गए तो उन्होंने अपने घर की छत पर चढ़ कर उन पर ईंट पत्थरों से हमला कर दिया। वह लोग घर में घुस गए, जिसके चलते उन्हें कोई चोट तो नहीं आई। उनके घर के ऊपर पथराव होने से सीमेंट की चादरें और घर के कई सामान सहित गली में खड़ी कई गाड़ियों को काफी नुकसान पहुंचा है।

कुलदीप के मुताबिक इस हमले में उनके पड़ोसी आरिफ और साध के साथ लगभग 15 से 20 लड़के शामिल थे। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस मौके पर भी आई थी और मौका मुआयना करके चली गई, क्योंकि उन्हें कोई चोट नहीं आई थी, इसलिए उन्होंने कोई भी मेडिकल परीक्षण नहीं कराया।

थाना डबुआ से सब इंस्पेक्टर श्रीराम ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। इस घटना में किसी को चोट नहीं आई। फिर भी पथराव से परिवार के घर, सामान और गाड़ियों को क्षति पहुंची है। दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।



# परीक्षा केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ किए जाएं पुख्ता इंतजाम

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**उपायुक्त** नेहा सिंह ने कहा कि दो व तीन दिसंबर को जिला में आयोजित होने वाली हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा के मद्देनजर सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। परीक्षा केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से सीटीटीवी कैमरा, जैमर तथा पुलिस बल की तैनाती की जाए। परीक्षा केंद्र के अंदर किसी भी व्यक्ति को मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। डीसी नेहा सिंह बुधवार को जिला सचिवालय के सभागार में आगामी एचटेट परीक्षा को सुचारू व पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के दृष्टिगत ड्यूटी मजिस्ट्रेट, परीक्षा केंद्र अधीक्षक व विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा-निर्देश दे रहीं थी। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर धारा-144 लागू की गई है और परीक्षा केंद्रों के चारों ओर 200 मीटर के दायरे में फोटो कॉपी मशीनों का चलाना निषेध किया गया है। परीक्षा के दौरान यातायात का सुचारू प्रबंधन भी सुनिश्चित किया जाए।

डीसी नेहा सिंह ने कहा कि परीक्षा केंद्रों में बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा जनसैट की भी व्यवस्था होनी अनिवार्य है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट नोडल अधिकारी व पुलिस के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर उसकी सूचना तुरंत जिला हैडक्वार्टर को देंगे। डीसी नेहा सिंह ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर दिव्यांगजन के बैठने की पूर्ण व्यवस्थाएं होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित एसडीएम को नियमित रूप से अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में स्थापित परीक्षा केंद्रों का नियमित दौरा करने के निर्देश दिए। दिव्यांग परीक्षार्थी का प्रमाण-पत्र जरूर जांच लें।

## संक्षिप्त समाचार

### नए सदस्यों ने शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया



**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी द्वारा संगठन निर्माण के क्रम में ग्राम व वार्ड स्तर पर कमेटियों के निर्माण का कार्य चल रहा है। इसी क्रम में आम आदमी पार्टी पलवल के जिला उपाध्यक्ष व हथीन विधानसभा के ब्लॉक प्रभारी हरेंद्र डागर ने गांव कैराका व अकबरपुर नाटौल में ग्राम समितियों के नवनियुक्त सदस्यों के सम्मान समारोह में भाग लिया व ग्राम कमेटी के सदस्यों का शपथ ग्रहण कराया। इस अवसर पर हरेंद्र डागर ने कहा कि हरियाणा का हर वर्ग भाजपा और कांग्रेस के कुशासन से त्रस्त है। लोग आम आदमी पार्टी की तरफ उम्मीद की नजर से देख रहे हैं। उन्होंने नवनियुक्त ग्राम कमेटी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी लोग बधाई के पात्र हैं कि किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि से नहीं होने के बावजूद भी आप आम आदमी पार्टी के साथ जुड़े। आप सभी बधाई के पात्र हैं कि कांग्रेस और भाजपा के गांवों में जो ठेकेदार बैठे हैं, उनको छोड़कर आपने आम आदमी पार्टी को चुना। आप और हम सभी मिलकर हरियाणा में व्यवस्था परिवर्तन की यात्रा शुरू करेंगे। यह यात्रा हरियाणा को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार में नंबर एक बनाने की यात्रा है। उन्होंने कहा कि हम सभी को आज अपने गांव में आम आदमी पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए दिन रात मेहनत करनी है। आपकी मेहनत और संघर्ष ही 2024 में हरियाणा का भविष्य लिखेगा, इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष ऋषि कपूर, सर्कल अध्यक्ष रोहतास, ग्राम सचिव टेक चंद, मोती राम, रामबीर, वेदपाल व दर्जनों ग्राम कमेटी सदस्य उपस्थित रहे।

### पौधारोपण से पर्यावरणीय संतुलन को मिलेगा बल : डॉ. आरएन सिंह



**फरीदाबाद।** यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. आरएन सिंह की अध्यक्षता में संत जयकृष्ण दास के जन्मदिवस के अवसर पर वजीरपुर स्थित श्री राधावल्लभ मंदिर में कदंब का पौधा लगाया गया। इस अवसर पर डॉ. आरएन सिंह ने कहा कि यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परम संत जय कृष्ण दास महाराज यमुना जी की अविरलता व निर्मलता के साथ-साथ गो सेवा, मातृ-पितृ सेवा, पौधारोपण सहित मानवीय मूल्यों के संवर्धन के लिए सतत प्रयत्नशील रहते हैं। अत: हम सभी यमुना भक्तों को उनके द्वारा दिखाए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित रामप्रकाश शास्त्री, पं. राजन शर्मा व अन्य श्रद्धालु विशेष रूप से उपस्थित हुए।

### जीआरपी एसपीओ के खाते से उड़ाए 50 हजार



**पलवल।** राजकीय रेलवे पुलिस चौकी होडल में तैनात एसपीओ के बैंक खाते से धोखाधड़ी से एटीएम कार्ड बदलकर 50 हजार रुपये निकाल लिए। होडल थाना पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने प्राप्त की सीसीटीवी फुटेज में ठग एटीएम से पैसे निकालते हुए दिखाई दे रहे हैं, उनकी पहचान की जा रही है।होडल थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह के अनुसार, होडल जीआरपी में तैनात एसपीओ सेवाराम ने दी शिकायत में कहा है कि उसे पैसों की जरूरत थी। जिसके लिए वह अपना एटीएम कार्ड लेकर होडल स्थित केनरा बैंक के एटीएम पर पैसे निकालने पहुंचा। उसी दौरान एटीएम रूम में दो लड़के आए और एटीएम को हैंग करके उसे गुमराह करके उसका एटीएम कार्ड बदल दिया।जब केनरा बैंक की एटीएम मशीन से पैसे नहीं निकले तो वह सामने दूसरे बैंक की एटीएम मशीन पर पैसे निकालने पहुंच गया। उसी दौरान उसके मोबाइल फोन में उसके खाते से 49 हजार 999 रुपए कटने का मैसेज आया। मैसेज को देखते ही तुरंत केनरा बैंक के एटीएम बूथ पर वापस पहुंचा और एटीएम बूथ पर लगे सीसीटीवी कैमरों को चैक कराया।इसमें दो ठग वीडियो में दिखाई दे रहे हैं। उसके बाद उसने मामले की सूचना होडल थाना पुलिस को दी। पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई और सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर ठगों की पहचान करने में जुट गई।

### ग्राम विकास योजना पर की गई विस्तारपूर्वक चर्चा

**पलवल।** हरियाणा ग्राम विकास संस्थान नीलोखेड़ी व राज्य पंचायत संस्थान केंद्र नीलोखेड़ी की ओर से ग्राम पंचायत विकास योजना पर चल रहा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को आमरू में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के सरपंच जिले सिंह ने की। आमरू पंचायत के मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम सभा के सदस्यों व विभिन्न गांव के जनप्रतिनिधियों ने गांव की विकास योजना पर चर्चा की। संस्थान के प्रशिक्षक संदीप कुमार व नियाज मोहम्मद ने सतत विकास के संकल्प गरीबी मुक्त बेहतर आजीविका वाली ग्राम पंचायत, स्वस्थ बाल हितेषी पंचायत, पर्याप्त जल युक्त पंचायत, स्वच्छ और हरित पंचायत, आत्मनिर्भर और बुनियादी संरचना वाली पंचायत, सामाजिक रूप से संरक्षित पंचायत, सुशासित पंचायत पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

# आईटीआई हथीन में लगा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप रोजगार मेला

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**राजकीय** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हथीन में कौशल विकास एवं आद्यौगिक प्रशिक्षण विभाग की ओर से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप सह रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का शुभारंभ एसडीएम लक्ष्मी नारायण ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करके किया। इस अवसर पर उनके साथ आईटीआई नूंह के प्रधानाचार्य सुधीर कुमार व आईटीआई हथीन के प्रधानाचार्य जयदीप सिंह कादियान सहित अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम लक्ष्मी नारायण ने कहा कि इस तरह के रोजगार मेले के आयोजन से युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। बेरोजगार युवाओं तथा अप्रेंटिसशिप करने वाले प्रार्थियों को ऐसे मेलों का हिस्सा बनकर अवश्य लाभ उठाना चाहिए, ताकि वे अपने हुनर से रोजगार प्राप्त करके अपने परिवार का भरण पोषण कर सकें। इस मेले में विभिन्न नौ कंपनियों ने भाग लेकर कुल 185 प्रार्थियों में से 134 का मौके पर ही चयन किया।

# भेड़-बकरी पालन प्रशिक्षण का आयोजन

**पलवल।** पशु विज्ञान केंद्र की डॉ. रेखा दहिया ने बताया कि लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय हिसार के पशु विज्ञान केंद्र पलवल द्वारा अलावलपुर चौक के नजदीक स्थित फ्रेंड्स कॉलोनी में भेड़-बकरी पालन प्रशिक्षण का आयोजन आगामी 1 दिसंबर से सात दिसंबर तक किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार 30 नवंबर तक अपना पंजीकरण करवाकर इस प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण में भेड़-बकरी पालन शुरू करने, भेड़-बकरी पालन के लाभदायक उपाय, भेड़-बकरी की प्रमुख नस्लें, भेड़-बकरी का पालन पोषण एवं प्रबंधन, भेड़-बकरी व्यवसाय में भेड़-बकरी के आहार का प्रबंधन की जानकारी दी जाएगी।

# यात्रा के दौरान आयोजित होंगे कैंप कृणपाल गुर्जर होंगे मुख्य अतिथि

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**विकसित** भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा के दौरान गांव में प्रस्तुत किए जाने वाले कार्यक्रमों के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। इस दौरान सुरक्षा के साथ-साथ सुचारू ट्रैफिक प्रबंधन की व्यवस्था भी की जाए।

उपायुक्त नेहा सिंह जिला सचिवालय के सभागार में जिला में 30 नवंबर से 26 जनवरी तक आयोजित होने वाली विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दे रहीं थी। डीसी नेहा सिंह ने कहा कि गुरुवार 30 नवंबर को जिला में इस यात्रा के शुभारंभ अवसर पर केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृणपाल गुर्जर मुख्य अतिथि होंगे।

इस दिन जिला के गांव असावटा, रसूलपुर, जनौली व मांदकोल में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान वैन जिस गांव में रूकेगी, वहां कैंप आयोजित किए जाएंगे और इस कैंप में सभी विभाग हेल्पडेस्क स्थापित कर अपनी-अपनी योजनाओं की जानकारी व उनका लाभ पात्र लोगों को देने के उद्देश्य से मौके पर ही स्टॉल लगाएंगे।

# एनजीएफ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में फ्रेशर पार्टी का आयोजन

## हिमांशु को मिस्टर फ्रेशर व खुशी को मिस फ्रेशर का मिला खिताब

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद





**सौहार्द** की गर्मजोशी के बीच, एनजीएफ कॉलेज ने जश्न ए आगमन के साथ प्रथम वर्ष के छात्रों के आगमन का स्वागत किया। इस कार्यक्रम ने नए छात्रों के लिए एक रोमांचक यात्रा की शुरुआत की, एक दोस्ताना माहौल बनाया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

शाम की शुरुआत एक गरिमामय दीप प्रज्ज्वलन समारोह के साथ हुई, जिसमें सीईओ अश्वनी प्रभाकर और कॉलेज स्टाफ की उपस्थिति थी। एमबीए तीसरे सेमेस्टर की छात्रा गौरी द्वारा उद्घाटन नृत्य प्रदर्शन से भगवान गणेश को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिसने उत्साह की रात के लिए मंच तैयार किया।

कार्यक्रम में नृत्य, कविता, फैशन शो और गायन सहित कई मनमोहक प्रदर्शन हुए, जो छात्र समुदाय के भीतर की अपार प्रतिभा को प्रदर्शित करते हैं। इस जीवंत कार्यक्रम की मेजबानी कार्तिक, निखिल, मानव, सुमित, सपना, अंशू, नेहा और मुस्कान ने की, जिससे उत्सव में ऊर्जा का संचार हुआ। उनकी उत्कृष्ट विशेषताओं के सम्मान में, कई छात्रों को उपाधियों से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मिस्टर फ्रेशर हिमांशु बी टेक सीएसई, मिस फ्रेशर खुशी बीबीए डिजिटल मार्केटिंग, मिस्टर पर्सनेलिटी व्यक्तित्व सुमित बी टेक सीएसई, मिस पर्सनेलिटी-शालिनी बीबीए जनरल, मिस्टर टैलेंटेड जेनेश बीबीए डिजिटल मार्केटिंग, मिस टैलेंटेड गुरिया बी टेक सीएसई, मिस्टर इवनिंग हार्दिक बीसीए डीएस, मिस इवनिंग भारती बीबीए जनरल, डीएम, चुने गए। इस अवसर पर रेडियो निदेशक दीप्ति शाह प्रभाकर, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शरद कौशिक, उपनिदेशक डॉ. मनप्रीत कौर सहित समस्त स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

# सीजेएम ने जेल का निरीक्षण कर कैदियों का हाल जाना



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संदीप गर्ग व सुकीर्ति गोयल मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद ने जिला जेल नीमका फरीदाबाद का निरीक्षण किया। उनके साथ पैनल एडवोकेट रविंद्र गुप्ता व राजेंद्र गौतम उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने वहां रह रहे विचाराधीन बंदियों से रूबरू होते हुए उनकी समस्याओं का समाधान किया तथा हर एक से अपील की कि यदि आपका कोई वकील नहीं है तो वह प्राधिकरण फरीदाबाद से मुफ्त कानूनी सहायता ले सकते हैं। अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने निरीक्षण के दौरान जिला जेल नीमका में स्थित अस्पताल का भी निरीक्षण किया। अस्पताल में रह रहे कैदियों से मुलाकात की तथा उनका हाल-चाल जाना। इसके साथ-साथ अस्पताल का निरीक्षण, सफाई, मेडिकल सुविधाओं को ध्यान में रख किया गया। टीवी वार्ड के बारे में भी जानकारी ली व साथ ही लंगर का भी निरीक्षण किया तथा देखा कि खाना बनाते समय साफ सफाई का ध्यान रखा जा रहा है या नहीं। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने कहा कि यदि आपको किसी भी प्रकार की कोई कानूनी समस्या है या कोई अलग में अपनी शिकायत या समस्या बताना चाहता है तो वह भी कर सकता है, लेकिन किसी की कोई शिकायत मौके पर नहीं पाई गई।


# छत का दरवाजा तोड़कर कैश व दवाएं चोरी

**पलवल।** शहर के मोती बाजार स्थित आयुर्वेदिक दवाइयों की दुकान की छत पर लगे लोहे के गेट को तोड़कर चोर दुकान में रखे 50 हजार रुपये व लाखों की कीमत की दवाइयों सहित अन्य सामान को चोरी करके ले गए। सिटी पुलिस ने दुकान मालिक की शिकायत पर चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।शहर थाना प्रभारी राजेश कुमार के अनुसार, हुडा सेक्टर-दो निवासी अभिषेक सिंगला ने दी शिकायत में कहा है कि उसकी मोती बाजार में आयुर्वेदिक दवाइयों की दुकान है। शाम के समय अपनी दुकान का ताला लगाकर गया था, लेकिन अगले दिन सुबह आकर जब उसने दुकान खोली तो चोरी हुई मिली। दुकान की छत से आने वाली सीढ़ियों का लोहे का गेट टूटा हुआ है और दुकान में सामान भी फैला पड़ा है। उसने दुकान में रखे अपने पैसों को देखा तो वे गायब थे। दुकान मालिक अभिषेक सिंगला के अनुसार दुकान में वह शाम के समय करीब 50 हजार रुपये कैश छोड़कर गया था, इसके अलावा लाखों रुपए की दवाइयां व अन्य सामान भी गायब है, जिसका अंदाजा फिलहाल लगाना मुश्किल है। सुबह उसने सूचना 112 पर पुलिस को दी।

# फास्ट फूड, तनाव और अस्वस्थ जीवनशैली पेट के कैंसर के प्रमुख कारण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** में पेट के कैंसर के मामलों में पिछले एक दशक में धीरे-धीरे बढ़ोतरी देखी गई है। कई पश्चिमी देशों की तुलना में, भारत में पेट के कैंसर की दर अपेक्षाकृत ज्यादा है। इस बढ़ती प्रवृत्ति का एक हिस्सा बेहतर नैदानिक उपकरणों को दिया जा सकता है, जिससे अधिक सटीक रिपोर्टिंग हुई है। हालांकि अमृता अस्पताल फरीदाबाद के डॉक्टरों ने कहा कि असामान्य आहार संबंधी आदतें विशेष रूप से, मसालेदार और प्रीजर्व्ड फूड आइटम्स के प्रति झुकाव - इस बढ़े हुए प्रसार में योगदान देता है।



पेट के कैंसर का प्रॉग्नोसिस, डायग्नोसिस की स्टेज के आधार पर व्यापक रूप से अलग होता है। पेट के कैंसर के प्रकारों में एडेनोकार्सिनोमा, लिम्फोमा और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल स्ट्रोमल ट्यूमर (जीआईएसटी) शामिल हैं। दुर्भाग्य से, पेट के कैंसर का पता अक्सर आखिरी स्टेज पर चलता है, जिससे मृत्यु दर ज्यादा हो जाती है।

अमृता अस्पताल, फरीदाबाद में गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जरी के हेड, डॉ. पुनीत धर ने कहा, भारत में पेट के कैंसर में कई रिस्क फेक्टर्स का योगदान होता है। इनमें ज्यादा नमकीन या मसालेदार खाना, स्मोक्ड फूड, फलों और सब्जियों का कम सेवन, हेलिकोबैक्टर पाइलोरी संक्रमण, धूम्रपान, मोटापा और कुछ व्यावसायिक जोखिम शामिल हैं। बेहतर स्वच्छता और एच. पाइलोरी संक्रमण की घटती दरों के कारण कुछ जगहों पर पेट के कैंसर के मामलों में कमी हुई है। भारत में पेट के कैंसर से महत्वपूर्ण रूप से जुड़े आहार पैटर्न में ज्यादा मसालेदार खाद्य पदार्थों का सेवन शामिल है। धूम्रपान और अत्यधिक शराब का सेवन जैसे जीवनशैली कारक भी जोखिम में योगदान करते हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 30 नवंबर, 2023



## युद्धविराम का विस्तार

### स्थायित्व की उम्मीद

**गाजा** में युद्धविराम के विस्तार से क्षेत्र में विभिन्न पक्षों को स्थायित्व स्थापित करने का अवसर मिला है। यह युद्धविराम और उसका विस्तार एक औसत फिलिस्तीनी के लिए ईश्वरीय वरदान की तरह है जिसे तोप के गोलों से राहत मिली है और उसे शांति से राशन व दवायें प्राप्त करने का अवसर मिलेगा जिनका युद्धक्षेत्र में मिलना बहुत कठिन हो गया था। युद्धविराम के दो-दिवसीय विस्तार ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय में आशा की किरण पैदा की है। यह समय क्षेत्र में लंबी शांति के लिए परोक्ष राजनय को अवसर देने का है। लेकिन, हमास और इज़राइल द्वारा फिलहाल युद्ध बंद करने की घोषणा के बाद स्थायित्व की दीर्घकालीन संभावनाओं पर सवाल भी उठ रहे हैं। सवाल है कि क्या इन अतिरिक्त दो दिनों से स्थाई शांति के लिए सार्थक वार्तालाप संभव हो सकेगा अथवा यह खूनी युद्ध फिर शुरू होने के पहले केवल अस्थाई ठहराव है? अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने घटनाक्रम को यहां तक लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है तथा टिकाऊ शांति का माहौल तैयार किया है। युद्धविराम में दो दिन के विस्तार का निर्णय हमास व इज़राइल की इच्छा से लिया गया है जो बमों, गोलियों और रक्तपात के अलावा समस्या समाधान के अन्य रास्ते खोजना चाहते हैं। युद्धविराम से मिली इस राहत से तनाव घटाने तथा वार्तालाप के लिए रास्ता खुलने की उम्मीद है। लेकिन क्षेत्र में टकरावों के इतिहास से ऐसे समझौतों के स्थायित्व पर संदेह पैदा होता है। युद्धविराम के विस्तार से मानवीय प्रयासों को मौका मिलेगा तथा हिंसा से प्रभावित लोगों तक आवश्यक वस्तुयें व दवायें पहुंचाना आसान हो जाएगा। इसके साथ ही युद्धविराम से राजनयिक पहलों को अवसर मिल सकता है। इससे वह परिवेश तैयार होगा जिसमें दोनों पक्ष संवाद के माध्यम से मुद्दों को संबोधित कर सकते हैं।



गाजा में टकराव का एक परोक्ष, लेकिन बड़ा नतीजा क्षेत्रीय राजनीति में महाशक्तियों की बढ़ती संलिप्तता है। अब अमेरिका और पश्चिम इज़राइल के साथ हैं, जबकि चीन और रूस ने हमास का समर्थन किया है। इसके सारी दुनिया के लिए जटिल नतीजे निकल सकते हैं। इसलिये यह न केवल इज़राइल और फिलिस्तीन की जनता, बल्कि सारी दुनिया के हित में है कि फिलहाल यह टकराव थम जाए। इसके लिए संयुक्त राष्ट्रसंघ, क्षेत्रीय शक्तियों और अन्य प्रभावशील देशों समेत सभी पक्षों को सक्रिय रूप से दोनों पक्षों को सार्थक संवाद के लिए प्रेरित करना चाहिए ताकि टकराव का कारण बनने वाले प्रमुख मुद्दों को संबोधित किया जा सके। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को परस्पर सहयोग से पुनर्वास सहायता, चिकित्सा सहायता तथा पुनर्निर्माण प्रयासों को गति देनी चाहिए ताकि युद्ध में फंसे लोगों को राहत दी जा सके। युद्धविराम विस्तार के बाद स्थिति को फिर पहले जैसा होने से रोकने के लिए स्थाई राजनयिक प्रयासों की आवश्यकता है। गाजा में युद्धविराम से फिलहाल इस क्षेत्र में शांति स्थापना की उम्मीद पैदा हुई है, पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को क्षेत्रीय शांति के लिए आगे का रास्ता निर्धारित करने में सतर्कता बरतनी होगी। राजनयिक पहलों के सक्रिय समर्थन, मानवीय आवश्यकताओं को संबोधित करने तथा निरंतर संवाद को प्रोत्साहन देकर विश्व समुदाय इस क्षेत्र में लंबे समय के लिए स्थायित्व सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान कर सकता है। इसके उलट यदि युद्ध फिर शुरू हो जाता है तो इससे केवल हिंसा का दुष्चक्र और मजबूत होगा तथा युद्ध से सीधे प्रभावित होने वालों की पीड़ा और बढ़ेगी।

# नेपाल की रणनीतिक स्वायत्तता

नेपाल अपनी रणनीतिक स्वायत्तता पर जोर देते हुए स्वयं को चीन की आक्रामकता व दबाव वाली रणनीति से दूर रखने का प्रयास कर रहा है।



**अशोक के. मेहता**
(लेखक, सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)



वर्तमान समय में नेपाल दशहरा और तीहर मनाने के साथ अपनी लंबी वार्षिक छुट्टियों से निकल कर कामकाज में तेजी ला रहा है। इन छुट्टियों से नेपाल को जाड़े का सामना करने तथा नव वर्ष विक्रम संवत 2080 मनाने का अवसर मिला है। नेपाल के लगभग एक तिहाई लोग भारत और विदेश में रहते हैं। इसके अलावा लगभग 1,500 नेपाली नौजवान रोज देश छोड़ कर विदेशों में नौकरियों और रोजगार के लिए जा रहे हैं। मैंने 1959 के बाद से लगभग हर साल नेपाल की यात्रा की है। मुझे वहां लोगों की जीवनशैली और उपभोग के बेहतर होते मानक स्पष्ट दिखाई देते हैं। नेपाल में आज भी लोग या तो बहुत अमीर हैं या बहुत गरीब तथा मध्य वर्ग का आकार बहुत छोटा है। नेपाल के अनेक लोग हाल में डेंगू या जाजराकोट भूकंप के शिकार हुए हैं, लेकिन इनको छोड़ कर नेपाल के बाकी लोग प्रसन्न हैं।

नेपाल के लोग बहुत संतोषी प्रकृति के हैं और वे बहुत थोड़े में ही प्रसन्न हो जाते हैं। नेपाल में विकास के परिणाम भी स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ते हैं। जब नल से जल, बिजली, स्कूल और अस्पताल घाटियों में पहुंच जाते हैं अथवा सड़कों के किनारे उनका संजाल बिछ जाता है तो लोग पहाड़ों से उतर कर नीचे आ जाते हैं। उनमें से अनेक लोग पहाड़ों को प्रकृति से मिले उपहारों को छोड़ कर मानव-निर्मित सुविधाओं का लाभ लेने के बहुत इच्छुक दिखाई देते हैं। तेजी से बनाई गई अनेक सड़कों पर अभी डामर तक नहीं बिछा है। इनके कारण पहाड़ों में प्रदूषण फैल रहा है और परिवेश लगभग पूरी तरह बदल रहा है। इन अधबनी व धूल से भरी सड़कों पर स्कूटर, कार, मोटरसाइकिलें, ट्रक, ट्रैक्टर व इंजनों से चलने वाले अनेक प्रकार के वाहन चल रहे हैं। इन बदलती परिस्थितियों के कारण पर्यावरण प्रदूषण तेजी से फैल रहा है और इसके कारण कुछ लोग वापस पहाड़ों में ऊपर जाने लगे हैं।

पिछले सप्ताह काठमांडू की खबरों में एक व्यक्ति छाया रहा। बिजनेसमैन और राजनेता दुर्गा प्रसेन को सीपीएन यूएमएल से निकाल दिया गया। उन्होंने सीपीएन यूएमएल प्रमुख तथा पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. ओली के खिलाफ काठमांडू में 10 लाख प्रदर्शनकारी एकत्र करने की धमकी दी थी। उन्होंने राज्य के बैंकों से भारी मात्रा में कर्ज लिया है और उसे न चुका पाने के कारण उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई पर उनका कहना है कि जब वे कर्ज देने की स्थिति में आ जाएंगे तो इसे चुकता कर दिया जाएगा। प्रसेन ने राजा ज्ञानेन्द्र को अपने साथ जोड़ा है जो धैर्य के साथ इस उम्मीद पर कायम हैं कि देर-सवेर देश में राजतंत्र फिर बहाल हो जाएगा।

इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि पंथनिरपेक्ष, संघीय, लोकतांत्रिक गणतंत्र नेपाल में राजनेताओं और सरकार के खराब रिकार्ड को देखते हुए जनता का एक हिस्सा राजतंत्र की वापसी के पक्ष में मन बनाने लगा है। नेपाल के इतिहास पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि प्रचंड के नेतृत्व में लगभग एक दशक तक चले माओवादी गृहयुद्ध ने 2008 में राजतंत्र को उखाड़ फेंका था। 2015 के संविधान ने भी राजतंत्र के उन्मूलन की पुष्टि कर दी थी। हाल ही में राजा ज्ञानेन्द्र ने प्रसेन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में पूर्वी नेपाल में भाग लिया था। इस कार्यक्रम में ज्ञानेन्द्र ने कहा था, 'हम कभी नहीं चाहते थे कि नेपाल ऐसा गणतंत्र बने जो अपने 10 लाख नौजवानों को नौकरियों व रोजगार के लिए खाड़ी देशों में भेज दे।'

हालांकि, राजा ज्ञानेन्द्र सरकार के निशाने पर हैं, पर उनकी बहू हिमानी समाज कल्याण का काम करती हैं और नेपाली समाज में बहुत लोकप्रिय हैं। ज्ञानेन्द्र ने इस साल दो बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की है। नेपाल के शासक शाह राजपरिवार तथा योगी आदित्यनाथ की गोरक्षनाथ पीठ के बीच मजबूत ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। पुराने नेताओं पशुपति राना और कमल थापा को हाशिए पर धकेल दिए जाने के बाद राजशाही-समर्थक आरपीपी का नेतृत्व राजेन्द्र लिंगदेन के हाथों में आ गया। उन्होंने चुनावों में बड़ी सफलता प्राप्त की है।

हालिया नेपाल यात्रा के दौरान लोगों ने मुझसे पूछा कि क्या भारत नेपाल में हिंदू राष्ट्र की स्थापना और राजतंत्र की वापसी का समर्थन करेगा। मैंने कहा कि इस बारे में निर्णय नेपाल की जनता को करना होगा। लेकिन पोखरा में मेरे निवास के निकट रहने वाले नेपाली कांग्रेस के नेता तथा बिजनेसमैन बुद्धिमान गुरुंग ने जोर देकर कहा, 'नेपाल में लोकतंत्र कभी वापस नहीं आ सकता है।' लेकिन इस बात में कोई संदेह नहीं है और मैं भी इस बात का समर्थन करता हूं कि नेपाल में शाही परिवार के प्रभाव में हाल में बहुत तेजी से वृद्धि हुई है। इसका प्रमुख कारण लोगों में वर्तमान प्रशासन की खराब गुणवत्ता के कारण बढ़ता असंतोष है। इसी कारण लोगों का ध्यान फिर से शाही परिवार की ओर जाने लगा है। माओवादी नेता प्रचंड के पास 275 सांसदों वाले सदन में 32 सीटें हैं और उनकी पार्टी की स्थिति खराब हो रही है। हालांकि, उन्होंने भ्रष्टाचार पर सीधे हमला बोल कर अपनी गिरती लोकप्रियता सुधारने का प्रयास किया है। वे एक गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी है।

लेकिन नेपाली कांग्रेस तथा गठबंधन में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन यूएमएल के बीच चुनावी तालमेल के चलते प्रचंड किंगमेकर की भूमिका में हैं। वे अगले महीने सत्ता में एक साल पूरा करेंगे और देउबा के साथ सत्ता-साझा व्यवस्था के बावजूद वे कह रहे हैं कि पूरे पांच साल शासन करेंगे। इस प्रकार वे देउबा के साथ उसी व्यवहार की तैयारी कर रहे हैं जो उनसे ओली ने किया था। पहले ओली-नीत गठबंधन में प्रचंड का ओली के साथ सत्ता साझा समझौता था, पर उन्होंने इसका सम्मान नहीं किया था।

राजनेताओं व नौकरशाहों के बीच अनेक घोटालों ने जनता को बहुत नाराज किया है। चीन से सोने की स्मगलिंग और बालूवाटर भूमि घोटाले के साथ मानव तस्करी का मामला भी है जिसमें भूटानी शरणार्थी के रूप में नेपाली अमेरिका में शरण लेते हैं। इन घोटालों में पूर्व प्रधानमंत्री, मंत्री, उनके परिवारी तथा बेटे शामिल रहे हैं। पूर्व जल-संसाधन मंत्री दीपक ग्यावली ने कहा था कि 'भ्रष्टाचार नेपाल को बरबाद कर देगा।' नेपाल में एक अन्य समकालीन मुद्दे - 'ट्रांजीशनल रिकंसीलियेशन एंड जस्टिस' का संबंध 17 साल पहले हुए माओवादी विद्रोह से है। हाल में नेपाल की यात्रा में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटरेस ने नेपाल को सहायता का समर्थन करते हुए जोर देकर कहा था कि इसे 'पीड़ित-केन्द्रित' होना चाहिए। प्रचंड जलवायु शिखर सम्मेलन के लिए दुबई जा रहे हैं, पर जाजरकोट भूकंप पीड़ितों का मामला ठंडे बस्ते में पड़ा है। टिकटाक पर प्रतिबंध अत्यधिक अलोकप्रिय सिद्ध हुआ है।

शांति गरुंग ने मुझे बताया कि वे और उनके मित्र इसे वीपीएन के माध्यम से प्रयोग करते हैं। टिकटाक ने नेपाल में सेलेब्रिटीज़ तथा कुछ अन्य लोगों को बहुत अमीर बना दिया है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता और तिब्बती मामला प्रबंधन कार्यकारी समिति के प्रमुख वांग जुनझेंग इस महीने नेपाल आए थे जो चीनी नेताओं की नियमित यात्राओं का हिस्सा है।

प्रचंड ने सितंबर में अपनी चीन यात्रा के दौरान बीआरआई-2 पर हस्ताक्षर नहीं किए थे, लेकिन सालों तक राजनीतिक दबावों तथा अमेरिका की परोक्ष धमकियों के बाद नेपाल ने अमेरिकी एमसीसी को स्वीकार किया है। नेपाल अपनी रणनीतिक स्वायत्तता पर जोर दे रहा है, पर चीन एक आक्रामक पड़ोसी है। काठमांडू चाहता था कि उसके 21 उत्तरी जिलों को चीन की तिब्बत पावरग्रिड से जोड़ा जाए। चीन से भारी ब्याज पर लिए कर्ज से बने भैरवारा और पोखरा हवाईअड्डे बिजनेस नहीं कर रहे हैं और केवल घरेलू उड़ानों तक सीमित हैं। गोरखपुर में भारतीय वायुसेना अड्डे तक जगुआर उड़ाने में समस्या है, पर इस समस्या का समाधान हो सकता है।

नेपाल के साथ द्विपक्षीय संबंधों में भारत की भौगोलिक स्थिति सबसे महत्वपूर्ण आयाम है। ऐसे में नेपाल को चीन और भारत में से चुनाव करने में दुविधा नहीं होनी चाहिए।

# कारपोरेट जगत में प्रगति की चुनौतियां

**उत्तम चक्रवर्ती**
(लेखक, सहायक प्रोफसर हैं)



ब्रिटिश लेखक और धर्मशास्त्री फ्रेडरिक विलियम रॉबर्टसन ने ठीक ही कहा है, दुनिया में तीन चीजें हैं जो दया के लायक नहीं हैं, पाखंड, धोखाधड़ी और अत्याचार। शक्ति मानवीय संबंधों में एक व्यापक और मौलिक शक्ति है और सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक संबंधों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सामाजिक समूहों में शक्ति का अंतर समूह की गतिविधियों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण है। अधिकांश लोग सत्ता चाहते हैं, और सत्ता के कई फायदे हैं। हालाँकि, कई मामलों में सत्ता एक भ्रष्ट करने वाली शक्ति है।

सैम अल्टमैन का ओपनएआई से हाल ही में और संक्षिप्त प्रस्थान और फिर से उसी पद पर कंपनी में लौटना आश्चर्य की बात है। हालांकि, संस्थापकों को उनके संगठनों से बाहर किया जाना विचार-विमर्श की बड़ी तस्वीर रही है। यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन नई नहीं है. इतिहास में ऐसे दूरदर्शी नेताओं के उदाहरण देखे गए हैं जिनका अपने बोर्डों या हितधारकों के साथ मतभेद था, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें हटा दिया गया। एप्पल में स्टीव जॉब्स से लेकर उबर में ट्रैविस कलानिक तक, कहानियाँ उतनी ही विविध हैं जितनी स्वयं उद्योग।

अजेयता का मिथक जारी है. एक सामान्य सूत्र जो अपदस्थ संस्थापकों की कहानियों को एक साथ जोड़ता है, वह अजेयता की धारणा है जो अक्सर उन्हें घेरे रहती है। जब कोई कंपनी अपनी प्रारंभिक अवस्था में होती है, तो संस्थापक सिर्फ एक नेता नहीं होता है, बल्कि संगठन की पहचान और उद्देश्य का प्रतीक होता है। हालांकि, जैसे-जैसे कंपनी बढ़ती है, मांगें और चुनौतियां विकसित होती हैं, और एक स्टार्टअप का नेतृत्व करने के लिए आवश्यक कौशल एक बड़े निगम को चलाने के लिए आवश्यक कौशल के साथ संरेखित नहीं हो सकते हैं। संस्थापकों, विशेष रूप से मजबूत दृष्टिकोण और व्यक्तित्व वाले लोगों को इन बदलती गतिशीलता के अनुकूल ढलना चुनौतीपूर्ण लग सकता है।

ओपनएआई से कुछ दिनों के लिए सैम ऑल्टमैन का बाहर निकलना एक उदाहरण के रूप में कार्य करता है। हालाँकि उन्होंने संगठन की शुरुआती सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, लेकिन तेजी से बढ़ते उद्यम की जटिलताओं से निपटने के लिए एक अलग नेतृत्व शैली की आवश्यकता स्पष्ट हो गई होगी। कंपनी की दीर्घकालिक व्यवहार्यता सुनिश्चित करने के कर्तव्य से प्रेरित बोर्ड और हितधारक, उस नेता से अलग होने का कठिन निर्णय ले सकते हैं जिसने कंपनी को अस्तित्व में लाया था।

भारतीय फिनटेक दिग्गज भारतपे के सह-संस्थापक अश्नीर ग्रोवर की कहानी को इसी संदर्भ में सोचा जा सकता है। यह अपदस्थ संस्थापकों की किताब में एक और अध्याय है। उनके मामले में, संघर्ष केवल रणनीतिक दिशा के बारे में नहीं था, बल्कि अहंकार और नेतृत्व शैलियों के टकराव के बारे में भी था। ग्रोवर का मुखर और कभी-कभी विवादास्पद आचरण, जिसे स्टार्टअप चरण में सहन किया जा सकता था या मनाया भी जा सकता था, कंपनी के समय बीतते परिपक्व होने के साथ एक दायित्व बन गया।

इससे एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है- किसी संस्थापक की पहचान उनके द्वारा बनाई गई कंपनी से कितनी जुड़ी होती है, और वह पहचान संगठन को आगे बढ़ाने के बजाय कब बाधा डालने लगती है? ग्रोवर जैसे संस्थापकों को हटाने से पता चलता है कि कंपनियां अपने दूरदर्शी नेताओं के करिश्मे और विलक्षणताओं पर स्थिरता और अधिक सामंजस्यपूर्ण आंतरिक वातावरण को प्राथमिकता दे सकती हैं।

उबर में ट्रैविस कलानिक का मामला शायद इतिहास में किसी संस्थापक को बाहर करने के सबसे कुख्यात उदाहरणों में से एक है। राइड-शेयरिंग दिग्गज की तेजी से प्रगति के साथ-साथ कई विवाद भी जुड़े, जिनमें कार्यस्थल पर उत्पीड़न और जहरीली कॉर्पोरेट संस्कृति के आरोप शामिल थे। इस उदाहरण में, कलानिक को हटाने का बोर्ड का निर्णय न केवल वित्तीय चिंताओं से प्रेरित था, बल्कि कंपनी की खराब प्रतिष्ठा को संबोधित करने की तत्काल आवश्यकता से भी प्रेरित था। कलानिक की कहानी नेतृत्व में जवाबदेही के महत्व को रेखांकित करती है। जबकि संस्थापकों को अक्सर शुरुआती चरणों में छूट दी जाती है, जिस क्षण उनके कार्यों से कंपनी की अखंडता या सार्वजनिक धारणा को खतरा होता है, बोर्ड को कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। यह संस्थापक की स्वायत्तता और कंपनी और उसके हितधारकों के प्रति उनकी जिम्मेदारी के बीच नाजुक संतुलन पर सवाल उठाता है।

वेवर्क के एडम न्यूमैन एक अन्य संस्थापक हैं जिनकी भव्य दृष्टि अंततः उनके पतन का कारण बनी। वेवर्क के लिए न्यूमैन की महत्वाकांक्षी योजनाएं, जिसमें उसका आईपीओ भी शामिल था, कंपनी के वित्तीय स्वास्थ्य और शासन प्रथाओं से जुड़े विवादों के कारण खराब हो गई थी। उन्हें हटाना कंपनी को बचाने और निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए एक आवश्यक सुधारात्मक उपाय था। एडम न्यूमैन की सावधान करने वाली कहानी एक अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है कि दूरदर्शी नेतृत्व एक स्टार्टअप की सफलता के लिए महत्वपूर्ण है, अनियंत्रित महत्वाकांक्षा और ग्राउंडिंग की कमी, वास्तव में, एक संस्थापक की बर्बादी का कारण बन सकती है।

बोर्ड और हितधारकों को सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करना चाहिए कि क्या संस्थापक की आकांक्षाएं कंपनी की दीर्घकालिक स्थिरता के साथ संरेखित हैं या क्या वे कल्पना के दायरे में घूम रहे हैं। अपदस्थ संस्थापकों की मंडली में, स्टीव जॉब्स एक अनोखे मामले के रूप में सामने आए हैं। 1985 में एप्पल से उनका प्रस्थान आंतरिक सत्ता संघर्ष और बोर्ड के साथ असहमति का परिणाम था। जॉब्स की टकरावपूर्ण शैली और एकतरफा निर्णय लेने की प्रवृत्ति ने एप्पल के भीतर तनाव को और बढ़ा दिया। समझौता करने की उनकी अनिच्छा और असहमतिपूर्ण दृष्टिकोण के प्रति उनकी अधीरता ने सहकर्मियों और बोर्ड सदस्यों दोनों को अलग-थलग कर दिया। 1985 में, कई तीखी झड़पों और बोर्ड के अविश्वास प्रस्ताव के बाद, जॉब्स को सीईओ पद से इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। हालाँकि, 1997 में जॉब्स की एप्पल में वापसी और उसके बाद कंपनी की किस्मत का पुनरुत्थान उस दुर्लभ परिदृश्य को दर्शाता है जहा एक संस्थापक को एक बार फिर से उनकी रचना का नेतृत्व करने के लिए बहाल किया जाता है। अय्यूब की कहानी एक दूरदर्शी नेता के स्थायी प्रभाव और मुक्ति की क्षमता का एक प्रमाण है।

हालांकि, यह ध्यान देने योग्य है कि जॉब्स एक संयमित दृष्टिकोण और सहयोग करने की इच्छा के साथ एप्पल में लौटे, जो उनके पिछले कार्यकाल के बिल्कुल विपरीत था। इससे पता चलता है कि असाधारण मामलों में भी, संस्थापकों को विकसित होना चाहिए और अपने संगठनों की बदलती जरूरतों के अनुरूप ढलना चाहिए।

हर जगह सत्ता, विशेषाधिकार, भ्रष्टाचार और पाखंड का बोलबाला है। जिन कंपनियों का निर्माण उन्होंने किया था, उनके संस्थापकों को हटाना एक जटिल और अक्सर दर्दनाक प्रक्रिया है। इसमें कंपनी की पहचान बनाए रखने और उसकी दीर्घकालिक सफलता सुनिश्चित करने के बीच एक नाजुक संतुलन शामिल है। हालांकि प्रत्येक मामला अद्वितीय है, सामान्य विषय उभर कर सामने आते हैं।

## आप की बात

### एआई के चमत्कार

**आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस**-एआई के नित्य नए चमत्कार सामने आते जा रहे हैं। अब फेशियल रिकगनीशन सिस्टम के जरिए अपराधियों के पूरे बायोमेट्रिक रिकॉर्ड्स बनाए जा सकेंगे। इसमें बोलचाल, चेहरे के हाव-भाव, आंखों की हरकतें, क्रोध, तनाव आदि का व्यवस्थित रिकॉर्ड रखा जाएगा। सार्वजनिक स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों व सॉफ्टवेयर से जोड़कर सिक्योरिटी रूम में बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डे और भीड़भाड़ वाले स्थान पर अपराधियों के बार-बार आने-जाने पर नजर रखी जा सकेगी। बेंगलुरु के हेल्थ एवं न्यूरोसाइंस ने बेहतर ब्रेन मैपिंग तकनीक विकसित की है। इसमें 32 इलेक्ट्रोड वाले एक हेलमेट को अपराधी के सिर पर रखकर उसकी ब्रेन मैपिंग कर उसके द्वारा बोले झूठ का सटीक पता लगाया जा सकेगा। ब्रिटेन ने एआई प्रयोग में पुलिस को प्रशिक्षित कर अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए तैयार किया है। दावा तो यहां तक किया जा रहा है कि अपराध होने से पहले ही अपराधियों को पकड़ा जा सकेगा। यह किसी चमत्कार से काम नहीं होगा। लेकिन एआई तकनीकों पर विधिक व नैतिक नियंत्रण जरूरी होगा क्योंकि ऐसा न होने पर यह कुछ खास लोगों या समुदायों के उत्पीड़न का कारण बन सकती है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### बहादुर श्रमिक

**आखिरकार** 17 दिनों पुराना संघर्ष समाप्त हुआ और 41 मजदूरों को उत्तराखंड में सुरंग से बाहर निकल लिया गया। अमेरिकन औगुर, भारतीय सेना, एसडीआरएफएवं एनडीआरएफ सभी ने अपनी-अपनी भूमिका इस मिशन में निभाई है, परन्तु झाँसी से बुलाये गए-रैट होल माइनर्स- ने इसमें सबसे अहम भूमिका निभाई है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि वे ईश्वर के भेजे दूत से कम नहीं थे। बचाव टीम की जितनी प्रशंसा करें वह कम ही होगी, लेकिन जिस धैर्य, दृढ़ संकल्प और संयम का परिचय इन 41 मजदूरों ने दिया है वह अपने आप में एक मिसाल है। उन्होंने बचाव टीम द्वारा बताये सारे टास्क ठीक से किये और ऑक्सीजन पाइप का भी समुचित उपयोग किया। सरकार को इस घटना से सबक लेकर अपने आपदा प्रबंधन में काफी सुधार लाने की जरूरत है। इस प्रकरण की पूरी उच्चस्तरीय व पारदर्शी जांच होनी चाहिए कि इतनी बड़ी परियोजना में आपातस्थिति की तैयारी ठीक से क्यों नहीं की गई थी। रैटहोल माइनर्स ने सिद्ध कर दिया है कि जीवन से संघर्ष करने वाले लोगों के पास ऐसे अनेक कौशल हैं जिनको मुख्यधारा में समुचित मान्यता नहीं मिली है।

– **बाल गोविंद,** नोएडा

### तुष्टीकरण नीति

**बिहार सरकार** द्वारा आगामी वर्ष का कैलेंडर जारी करते ही चर्चा का माहौल गर्म हो गया है। आगामी वर्ष में बिहार सरकार ने हिन्दू समाज के विशिष्ट उत्सवों पर अवकाश में कटौती कर दी है। हमारे देश की जनता को छुट्टियों से जितना लगाव है, उसे देखते हुए यह नाराजगी जायज है। परन्तु यह इसलिए अधिक गंभीर और अलग हो जाती है कि बिहार सरकार ने मुस्लिम समुदाय के त्योहारों की छुट्टियों में इजाफा कर दिया है, जबकि हिंदू त्योहारों की छुट्टियों में कटौती की गई है। बिहार में मुसलमानो का मत-प्रतिशत काफी है इसलिए वहाँ छुट्टियों के माध्यम से मुस्लिम मतदाताओं को साधने का प्रयास किया गया है। लेकिन यह स्पष्ट रूप से तुष्टीकरण है। ऐसी नीतियों से एक वर्ग को जानबूझ कर गुस्सा नहीं किया जाना चाहिए। पिछड़े वर्ग और मुस्लिम मतदाताओं के सहारे चुनाव जीतने का प्रयास हो रहा है उनमे पिछड़े वर्ग के त्योहारों की अपेक्षा करना कहाँ तक सही है? पहले भी एक बड़े नेता ने लाल किले से एक मुस्लिम त्योहार पर छुट्टी की घोषणा की थी, पर उन्होंने भी हिंदू त्योहारों पर छुट्टियों में कोई कटौती नहीं की थी।

– **मनोज पुरुषार्थी,** मेरठ

### सफलता से सबक

**सिल्क्यारा सुरंग** में फंसे 41 मजदूरों को 17वें दिन सकुशल बाहर निकाल लिया गया है। 400 घंटे चले राहत व बचाव कार्य और मजदूरों के धैर्य एवं हिम्मत की जीत हुई है। इसी के साथ सुरंग में मजदूरों और उनके घरवालों ने कल दीवाली मनाई क्योंकि ये हादसा दिवाली के दिन ही हुआ था। हालांकि दीवाली के दिन से ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की मदद से मलबे को हटाने का कार्य किया जा रहा था, लेकिन बार-बार रुकावटे आई जा रही थीं। अंत में रैट होल माइनिंग के जरिए जंग जीती गई। लेकिन बड़ा सवाल ये है कि आखिरकार कब तक ऐसे ही सुरंग में मजदूर फंसते रहेंगे और उनकी जान पर खतरा मंडराता रहेगा? क्योंकि ये पहली बार नहीं है जब किसी सुरंग में काम करते हुए मजदूरों के फंसने की खबर आई हो। इससे पहले भी कई बार मजदूर खुदाई करते समय सुरंग में फंस चुके हैं और कई बार श्रमिकों की ऐसे हादसे में जान भी जा चुकी है। इसलिए जरूरी है कि सरकार मजदूरों के जीवन के हित में सोच कर ऐसा रास्ता निकाले, जिससे अगली बार ऐसे हादसे की नौबत ही न आने पाए।

– **निधि जैन,** गाजियाबाद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# डबल इंजन की सरकार कहती नहीं, करके दिखाती है: योगी

## सरकार ने निराश्रित गोवंश को पालन के लिए दिया धन: चौधरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शीतकालीन** सत्र के दूसरे दिन बुधवार को विपक्ष की ओर से शून्य प्रहर के दौरान छुट्टा जानवरों की व्यवस्था से जुड़े सवाल का उत्तर देते हुए पशुधन मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने कहा कि ने कहा कि विपक्ष के लोग छुट्टा जानवरों की बात करते हैं, हमारी सरकार इकलौती ऐसी सरकार है जिसने निराश्रित गोवंश को पालने के लिए रुपये दे रही है। इनकी सरकार में तो जानवर काटे जाते थे। मंत्री को सुनकर समाजवादी पार्टी के सदस्य अपनी कुर्सी पर खड़े होकर इसका विरोध करने लगे। हालांकि अध्यक्ष की मध्यस्थता से दोनो पक्ष शांत हुए।

उल्लेखनीय है कि योगी सरकार निराश्रित गोवंश पालने वालों को प्रति गोवंश पर हर दिन 50 रुपये भुगतान करती है। मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार धान खरीद रही है। प्रदेश भर में 5109 धान क्रय केन्द्र खोले गए हैं। इस साल अब तक सात लाख 47 हजार मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है। हालांकि यह पिछले साल की तुलना में यह कम है।

मंत्री चौधरी ने पिछली सरकारों में धान की कम खरीद होने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि वर्ष 2012 से 2017 के बीच लगभग 17 हजार करोड़ रुपये का सरकारी केन्द्रों के माध्यम से धान की खरीद हुई। योगी सरकार में 65 हजार 132 करोड़ रुपये का धान खरीदा गया है। इससे पहले शून्य प्रहर के दौरान समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य मनोज पाण्डेय और ओम प्रकाश सिंह के छुट्टा जानवरों और धान की खरीद से जुड़े मुद्दे पर नियम 56 के तहत सदन में चर्चा कराए जाने की मांग की।

ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि ठीक से धान की सरकारी खरीद नहीं हो पाने से किसान परेशान है। सरकार को इसके लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। जिन क्षेत्रों में धान की पैदावार अच्छी हैए वहां विशेष व्यवस्था करने की जरूरत है।

## कांग्रेस ने प्रदेश में बढ़ती महंगाई का मुद्दा जोर-शोर से उठाया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधानसभा** में बृहस्पतिवार को कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा 'मोना' ने नियम-56 के अंतर्गत प्रदेश में बढ़ती हुई महंगाई का मुद्दा जोर शोर से उठाया । उन्होंने कहा कि महंगाई से प्रदेश की जनता त्राहि त्राहि कर रही है। एक तरफ जनता महंगाई की मार से परेशान है दूसरी तरफ सरकार लाखों करोड़ रुपए निवेश करने का खोखला दावा करके जनता को गुमराह कर रही है।

नेता, कांग्रेस विधान मण्डल दल ने कहा कि गरीब आदमी किसी प्रकार से अपने परिवार का भरण पोषण कर पा रहा था किन्तु अब तो महंगाई के कारण उसको अपने परिवार के लोगों को एक वक्त की भी रोटी उपलबध कराना मुष्किल हो रहा है। आज खाद्यान्न वस्तुओं की कीमत में महंगाई दर 6.71 पहुंच गई है। रसोई का बजट पूरी तरह से महंगाई का बजट बिगड़ गया है । सब्जी, आटा, दाल और दूध सहित लगभग सभी खाद्यान्न वस्तुओं के दाम बढ़ गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रति व्यक्ति मासिक आय 6000 रुपए है तो क्या कोई व्यक्ति अपने परिवार का भरण पोषण इस महंगाई के दौर में कर सकता है। जो गैस सिलेण्डर वर्ष 2014 के पहले 410 रुपए प्रति सिलेण्डर था आज वह 950 रुपए प्रति सिलेण्डर हो गया है । नेता कांग्रेस विधान मण्डल दल ने कहा है कि डीजल व पेट्रोल के दाम बढ़ते जा रहे हैं। देश के अन्य प्रदेशों में जब भाजपा के नेता जाते हैं जहाँ पर उनकी सरकार नहीं है तो बड़े-बड़े वायदे करते हैं कि हम 400 रुपए में गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराएंगे। सरकार बनने पर हम ऐसी सुविधा देंगे-वैसी सुविधा देंगे लेकिन जब उत्तर प्रदेश और केन्द्र में भी भाजपा की ही सरकार है यानी डबल इंजन की सरकार है तो फिर यहां की जनता को महंगाई से निजात क्यों मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में महंगाई की आग लगी है, किसान, महिलाएं एवं मध्यम वर्ग परेशान है, इस गम्भीर विषय पर तत्काल नियंत्रण किया जाना चाहिए, जिससे प्रदेश की जनता को राहत मिले।

### विधानसभा कार्यवाही

● सीएम योगी ने डेंगू के मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष को दिया करारा जवाब, कहा सरकार जागरूक है



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन डेंगू पर विपक्ष के सवालों का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करारा जवाब दिया। खासकर उन्होंने नेता प्रतिपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज के संबंध में जो वक्तव्य दिया गया है तो याद रखना कि ये डबल इंजन की सरकार है, ये कहती नहीं बल्कि करके भी दिखाती है। दरअसल, नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया था कि सरकारी अस्पतालों में लोगों को डेंगू का इलाज नहीं मिल रहा और लोग प्राइवेट अस्पतालों में इलाज के लिए मजबूर हैं। नेता प्रतिपक्ष और सपा विधायकों के सवालों का जवाब डिप्टी सीएम और हेल्थ मिनिस्टर ब्रजेश पाठक दे रहे थे। विपक्षी विधायकों के शोर-शराबे के बीच सीएम योगी खड़े हुए और उन्होंने चुन-चुनकर सारे आरोपों का जवाब दिया।

सीएम योगी ने कहा कि विपक्ष ने डेंगू पर जैसा प्रश्न किया, वैसा ही उसका उन्हें उत्तर मिल रहा है। जब प्रश्न ही उल्टा था तो उस उल्टे प्रश्न को सही करने का प्रयास था। अभी आपने आधा ही जवाब सुना है, पूरा सुनेंगे तो संभवत: पुराना इतिहास याद आने लगेगा। सीएम योगी ने कहा कि डेंगू को लेकर सरकार पहले से ही अवेयर थी। अंतरविभागीय समन्वय से संचारी रोग नियंत्रण के लिए सरकार ने गंभीर प्रयास किया है। आपने सिर्फ डेंगू की बात की है, लेकिन जब वेक्टर बांड डिजीज की बात करते हैं तो उसमें डेंगू के साथ मलेरिया, चिकनगुनिया, कालाजार जैसी डिजीज भी आती हैं। इन सभी से संबंधित वेक्टर बांड डिजीज हों या वाटर बांड डिजीज हों, इनके उपचार के लिए सरकार के स्तर पर एक समन्वित प्रयास किया गया है। उस समन्वित प्रयास के माध्यम से ही संचारी रोग नियंत्रण के एक विशेष अभियान को वर्ष में तीन बार चलाया जाता है। पहले 15 दिन अवेयरनेस के साथ-साथ अंतरविभागीय समन्वय से स्वास्थ्य विभाग नोडल विभाग होने के नाते सभी अन्य विभागों के समन्वय से इन कार्यक्रमों को नियंत्रित करता है। इसके बाद दस्तक अभियान के माध्यम से डोर टू डोर जाकर यदि कोई भी व्यक्ति बुखार से पीड़ित है तो उसे नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में उपचार की सुविधा दिलाने की व्यवस्था करना शामिल है। सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश में क्षेत्रवार बीमारियों का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश 25 करोड़ आबादी का राज्य है और स्वाभाविक रूप से अलग.अलग क्लाइमेटिक जोन होने के नाते अलग.अलग क्षेत्र में अलग-अलग बीमारियां देखने को मिलती हैं। जैसे आप ईस्टर्न यूपी से चलकर के नेपाल की तराई से लेकर सहानपुर तक देखेंगे तो इंसेफेलाइटिस से पूरा क्षेत्र प्रभावित था। अगर आप बरेली और बदायूं के आसपास के क्षेत्र को देखेंगे तो यह मलेरिया से ज्यादा संक्रमित रहता था। वाराणसी से प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर होते हुए फिरोजाबाद और आगरा तक पहुंचेंगे तो यह पूरा क्षेत्र डेंगू से प्रभावित है। बुंदेलखंड क्षेत्र में देखेंगे तो यह पूरा क्षेत्र चिकनगुनिया से प्रभावित है। बिहार से सटे हुए जो क्षेत्र हैं वहां पर कालाजार ज्यादा प्रभावी रूप से देखने को मिलता था। उन्होंने कहा कि आपने सिर्फ डेंगू की चिंता की, डेंगू पूरी तरह से नियंत्रण में हैं जो सरकार के द्वारा समय से उठाए गए कदमों का परिणाम है। सीएम योगी ने डेंगू के विषय में कहा कि यह एक प्रकार का फ्लू है। इसका अपना एक साइकिल होता है। मुझे आश्चर्य होता है कि जो सदस्य यह विषय उठा रहे थे वो जब चिल्ला रहे थे तो मुझे उनके स्वास्थ्य की भी चिंता हो रही थी। आपने जो बात कही है, वो ब्लड ट्रिप नहीं है उसको प्लेटलेट्स कहते हैं। वह पर्याप्त मात्रा में हर जनपद में उपलब्ध है। पहले क्या होता था कि हम पूरा ब्लड चढ़ाते थे। हर एक पेशेंट पर पूरे ब्लड की आवश्यकता नहीं है, खासतौर पर जो वायरल जनित बीमारियां होती हैं जिनमें डेंगू है या बहुत सारे ऐसे वायरस आते हैं जो प्लेटलेट्स काउंट को कम करते हैं। हम उस स्थिति में प्लेटलेट्स की अतिरिक्त आपूर्ति करते हैं। उसके लिए हर जनपद में ब्लड सेपरेटर यूनिट दी जा चुकी है। वे काम कर रही हैं। हर जगह सरकार के स्तर पर बेहतर प्रयास हुआ है। सीएम योगी ने प्रदेश में स्वास्थ्य ढांचे को लेकर किए गए प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश के अंदर 10 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 5 लाख रुपए सालाना स्वास्थ्य बीमा का कवर भी ये सरकार उपलब्ध करा रही है। किसी भी इम्पैनल्ड हॉस्पिटल में चाहे वो सरकारी हो या प्राइवेट अस्पताल में उसे सभी सुविधाएं मिल रही हैं। पूरा सदन गवाह है कि हर माननीय सदस्य को सदन के द्वारा अपनी निधि से 25 लाख रुपए सालाना देने का अधिकार दिया गया है। यही नहीं, मुख्यमंत्री राहत कोष से हम चेहरा देखकर पैसा नहीं देते हैं। कोई भी व्यक्ति आवेदन करता है, उसकी जाति, उसका मत और मजहब नहीं देखा जाता है। वो पीड़ित राज्य का नागरिक है, उसको प्रदेश में, देश में या दुनिया में कहीं भी स्वास्थ्य की अच्छी सुविधा मिलती है तो मुख्यमंत्री राहत कोष से भी हम पैसा देने में हम कोई कोताही नहीं करते। तमाम सदस्य चाहे वो विपक्ष में बैठे हुए हैं वो हर व्यक्ति यह बात कह सकता है कि उनके प्रस्ताव आते हैं और बिना किसी भेदभाव के हमने उसके लिए भी धनराशि उपलब्ध कराई है। सीएम योगी ने अंत में फिर अखिलेश यादव और सपा पर हमला करते हुए कहा कि समस्या इस बात की नहीं है कि हम समस्या के समाधान की ओर जाएं, समस्या केवल हर मुद्दे का राजनीतिकरण करके समाज में अव्यवस्था पैदा करना है। लोगों में असंतोष पैदा करने का जो कुत्सित प्रयास किया जाता है वो तो कोरोना कालखंड में भी लोगों ने देख लिया था, जब आप लोगों को बहका रहे थे कि वैक्सीन मत लगवाना, ये तो मोदी वैक्सीन है।



## स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सदन में विपक्ष का हंगामा

### सपा के सदस्यों ने वेल में आकर की नारेबाजी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधानसभा** में बुधवार को सदन की कार्यवाही की शुरूआत हंगामें के साथ हुई। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सपा के वरिष्ठ सदस्य मनोज कुमार पांडेय ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं ध्वस्त होने की बात कहते सदन की कार्यवाही रोककर उस पर चर्चा कराएं जाने की मांग की। उनकी इस मांग का समर्थन करते हुए सपा के सभी सदस्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वेल में आ गए। इस दौरान सदस्यों ने सरकार के खिलाफ नारे लिखे बैनर भी लहराएं। विधानसभाध्यक्ष सतीश महाना के आश्वासन पर सपा के सदस्य शांत हुए और अपने आसन पर चले गए। अध्यक्ष का कहना था कि सपा के सदस्य जिस मांग को लेकर कार्यवाही रोककर चर्चा कराए जाने की मांग कर रहे है उसकी उन्होंने नियमानुसार कोई लिखित सूचना नहीं दी। इसलिए उस पर चर्चा की अनुमति नहीं दी जा सकती। सपा सदस्यों के शोरशराबे और हंगामे के बीच संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि विपक्ष के सदस्यों का काम सदन का समय खराब करना है। उन्होंने कहा कि कल भी जब सदन के दिवंगत सदस्यों को लेकर सदन शोकाकुल था तब यह लोग काले कपड़े पहनकर विरोध जताने का काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अपने इसी आचरण के चलते जनता ने इन्हे नकार दिया है। संसदीय सुरेश कुमार खन्ना के इस आरोप के जवाब में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव का कहना था कि उनके दल के सदस्य शोरशराबा हंगामा नहीं कर रहे बल्कि बहरी सरकार को जगाने का काम कर रहे हैं। प्रश्नकाल में सपा के वरिष्ठ सदस्य मनोज कुमार पांडेय प्रदेश में गन्ना किसानों के भुगतान का मामला उठाया जवाब में गन्ना विकास मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण ने कहा कि वर्ष 2021.2022 में गन्ना किसानों का 99.89 प्रतिशत भुगतान कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि कुशीनगर के कप्तानगंज चीनी मिल जो एक सपा नेता की है उसके ऊपर गन्ना किसानों का बकाया है उसके खिलाफ आरसी जारी कर दी गयी है। अपने जवाब में गन्ना विकास मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि उनकी सरकार के कार्यकाल में आठ नई चीनी मिलें लगाई गयी है। गन्ना किसानों से जुड़े डॉ. अजय कुमार के सवाल के जवाब में गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण ने कहा कि गन्ना के समर्थन मूल्य एक कमेटी तय करती है। उसके बाद उसे कैबिनेट में ले जाया जाता है तब जाकर समर्थन मूल्य घोषित किए जाते है। एक पूरक के प्रश्न के उत्तर में गन्ना विकासमंत्री ने बताया कि उनकी सरकार ने रमाला चीनी मिल को शुरू कराया और वहां भुगतान भी शतप्रतिशत है। पूर्व सपा के वरिष्ठ सदस्य लाल जी वर्मा द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं को लेकर उठाए गए मुद्दे पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि संचारी रोगों के नियंत्रण के सरकार ने वृहद स्तर पर अभियान चलाए गए है। उन्होंने सपा सदस्यों के इन आरोपों को सिरे से खारिज किया कि सरकारी अस्पतालों में लोगों को उपचार नहीं मिल रहा है।

### विधान परिषद की कार्यवाही

## जातिवार जनगणना के मुद्दे पर सपा सदस्यों ने उच्च सदन में किया हंगामा व वाकऑउट

● हम न्यायालय की अवमानना करके उस पर कोई निर्णय नहीं ले सकते: केशव प्रसाद मौर्य



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शीतकालीन** सत्र के दूसरे दिन बुधवार को विधान परिषद में जातीय जनगणना के सवाल पर भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। समाजवादी पार्टी की ओर से भाजपा पर आरोप लगाया गया कि भारतीय जनता पार्टी आरक्षण समर्थन और पिछड़ों के लिए खड़े होने का केवल ढोंग कर रही है। जातीय जनगणना से पीछे हट रही है भारतीय जनता पार्टी और यहां तक की 2021 की जनगणना भी अब तक नहीं कराई गई है। इस मामले में नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य की ओर से दिए गए जवाब से असंतुष्ट होकर सपा सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया। इसके पूर्व, नेता सदन व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सदन के पटल पर वित्तीय वर्ष 2023-24 की अनुपूरक अनुदान मांगों को पेश किया।

सपा सदस्यों ने प्रदेश में जातिवार जनगणना कराने के मुद्दे पर शून्य काल के दौरान कार्य स्थगन का नोटिस दिया था। नोटिस में कहा गया है कि भारतीय जनता पार्टी समय-समय पर जातिवार जनगणना करने की बात कहती आ रही है लेकिन 2021 में नियमित जनगणना होने जा रही थी तो भाजपा ने जातिवार जनगणना कराए जाने से किनारा कर लिया। खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन के वक्त जातिवार जनगणना की बात कही थी। मगर ऐसा नहीं हुआ। समाजवादियों की मांग पर वर्ष 2011 में जातिवार जनगणना कराई गई थी मगर सरकार ने उसके आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए थे। नोटिस में कहा गया है कि सभी वर्गों को अपनी आबादी के अनुपात में अधिकार और सम्मान मिले इसके लिए जातिवार जनगणना ही एकमात्र रास्ता है। सपा सदस्य नरेश उत्तम पटेल ने नोटिस को स्वीकार करने पर बल देते हुए कहा कि जाने किन कारणों से भाजपा सरकार जनगणना करने से भाग रही है। वर्ष 2021 से जातिवार जनगणना तो छोड़िए सामान्य जनगणना भी नहीं हो रही है। जाति के नाम पर भेदभाव हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि लखनऊ के किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में 30 प्रोफेसर और 132 सहायक प्रोफेसर के पदों पर भर्ती होनी थी। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़े वर्गों के लिए 50 प्रतिशत का आरक्षण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए भी 10 फीसदी के आरक्षण की व्यवस्था होने के बावजूद वहां आरक्षण को बिल्कुल निष्प्रयोज्य कर दिया गया। पटेल ने आरोप लगाया कि प्रदेश में जाति के नाम पर अन्याय हो रहा है। प्रदेश में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को नेस्तनाबूद किया जा रहा है। सपा सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य ने भी नोटिस को स्वीकार करने पर बल देते हुए कहा कि वर्ष 2010 में भाजपा के ही एक वरिष्ठ नेता गोपीनाथ मुंडे ने कहा था कि अगर 2011 में जातिवार जनगणना करके पिछड़ों के हित का ख्याल नहीं किया गया तो इस वर्ग के लोग 10 साल पीछे हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में तत्कालीन गृह मंत्री और वर्तमान में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी सार्वजनिक मंचों से इस बात को कहा था कि जब हम आगे सरकार में आएंगे तो जातिवार जनगणना कराएंगे। उन्होंने कहा कि लगभग 100 ऐसी जातियां हैं जिन्हें बाद में पिछड़ी जातियों में शामिल किया गया है। बाद में पिछड़े वर्ग में शामिल की गई जातियों को आनुपातिक रूप से आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है। नेता सदन एवं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सरकार की ओर से जवाब देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी जब शासन में रहती है तब उसे पिछड़ों और गरीबों की याद नहीं आती है। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में भर्तियों में आरक्षण के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि किसी भी भर्ती को लेकर आरक्षण का मामला हो, उस पर सरकार पारदर्शी है। मैं सदन के माध्यम से घोषणा करता हूं कि आरक्षण के मामले में एक भी बच्चों के साथ हमने अन्याय नहीं होने देंगे। अगर अदालत में कोई मामला है तो हम न्यायालय की अवमानना करके उस पर कोई निर्णय नहीं ले सकते। जहां भी अन्याय हुआ है उसे रोकना और पीड़ितों को न्याय दिलाना हमारा काम है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा सदस्यों ने जातिवार जनगणना का विषय रखा है। वे सभी वरिष्ठ लोग हैं और जानते हैं कि यह जनगणना केंद्र सरकार के माध्यम से कराई जाएगी और हमारे वरिष्ठतम नेताओं ने कहा है कि वे जातिवार जनगणना के खिलाफ नहीं हैं लेकिन सपा जातिवार जनगणना करने की बात तो करती है लेकिन वह ऐसा करने के पक्ष में नहीं है लिहाजा सपा सदस्यों का नोटिस खारिज करने योग्य है। सरकार के उत्तर से संतुष्ट न होने कारण सपा के सभी सदस्यों ने नारेबाजी करते हुए सदन का त्याग किया। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्यवाही के लिए संदर्भित किए जाने के निर्देश दिए।

## शोर मचाना व नियमों का उल्लंघन करना सपा के डीएनए में: पाठक

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विधानसभा में विपक्ष के द्वारा स्वास्थ्य पर उठाए गए सवालों को जवाब देते हुए कहा कि डेंगू पूरी तरह से काबू में है। हमें डेंगू सहित सभी बीमारियों की गंभीरता का अंदाजा है। स्वास्थ्य महकमा प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को उच्च कोटि की चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध करा रहा है। साल 2017 से पहले अस्पतालों की जो हालत थी, विपक्ष को उसकी तुलना आज की तस्वीर से करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज का न्यू उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है। बुधवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सदन में कहा कि वर्ष 2017 से पहले किसी सरकार ने संचारी रोग अभियान को लेकर कोई कदम नहीं उठाया था। हमारी सरकार ने 13 विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर प्रदेश में साल भर में तीन बार व्यापक स्तर पर अभियान चलाकर बीमारियों पर काबू पाया। विपक्ष को प्रदेश की भौगोलिक स्थिति, संचारी रोग अभियान, विकास कार्यों की कोई जानकारी नहीं है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि शोर मचाना और नियमों का उल्लंघन करना समाजवादी पार्टी के डीएनए में है। मच्छरनजित रोगों को पूरी तरह समाप्त करने के लिए हमारी सरकार काम कर रही है। कहा कि वे खुद प्रतिदिन 3-4 अस्पतालों का निरीक्षण करते हैं। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उनके मंत्री पांच साल में पांच अस्पताल नहीं पहुंच सके थे। यह लोग जनता को गुमराह कर हथियार के बल पर शासन चलाते थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भाजपा शासनकाल में प्रदेश में कानून का राज स्थापित है। पिछली सरकार में सपा के लोग अस्पतालों और चिकिसकों से वसूली करते थे। विपक्ष की पीड़ा बुखार, बीमारियां नहीं, गरीब जनता नहीं बल्कि सत्ता का लालच है।

## विधानसभा में छह बिल पेश, तीन हुए पारित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**विधान** सभा में बुधवार को तीन विधेयक पेश किये गये जिनमें से तीन पारित हो गये। पारित संशोधन विधेयकों में सबसे अहम आनलाइन मनी गेमिंग से सम्बंधित विधेयक रहा। उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक 2023 में आनलाइन मनी गेमिंग पर 28 फीसदी जीएसटी का प्रावधान किया गया है। पैसे लगाकर आनलाइन गेम खेलने वालों से अब आर्गनाइजर एण्ट्री और खेल पर लगे धन दोनों पर क्रमश: 28-28 प्रतिशत जीएसटी वसूल कर सरकारी खजाने में जमा करेगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने इस संशोधन विधेयक को पेश करते हुए कहा कि इस आनलाइन मनी गेमिंग से नयी पीढ़ी में जुआ खेलने की लत लग रही है और घर परिवार बर्बाद हो रहे हैं। यह संशोधन बिल लाने का मकसद ही आनलाइन मनी गेमिंग खेलने वालों को इस जुए के प्रति हतोत्साहित करना है। विपक्ष की ओर से सपा के समरपाल सिंह ने इस आनलाइन मनी गेमिंग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने का सुझाव दिया। वित्त मंत्री ने कहा कि यह नहीं किया जा सकता इसीलिए इस पर भारी टैक्स लगाया गया है।

दूसरा संशोधन विधेयक उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण विधेयक 2023 रहा। प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने इस विधेयक की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा कि गठित होने वाले जलमार्ग प्राधिकरण के जरिये प्रदेश की 12 नदियों के जलमार्ग को आपस में जोड़ा जाएगा। नदियों के किनारे बसे लोगों को वहां से हटाकर अन्यत्र बसाया जाएगा, नाव दुर्घटना, बाढ़ के जोखिम आदि की समुचित मानीटिरिंग होगी। उन्होंने कहा कि वाराणसी की ही तरह मथुरा, प्रयागराज और अयोध्या में भी क्रूज चलाए जाएंगे जिससे माल परिवहन और पर्यटन दोनों को बढ़ावा मिलेगा। सपा के इंजीनियर सचिन यादव ने इस विधेयक को प्रवर समिति को सौंपे जाने का सुझाव देते हुए कहा कि प्रदेश की नदियों का जलस्तर ऐसा नहीं है कि उनमें जल परिवहन किया जा सके, दूसरे इस जल परिवहन से नदियों में प्रदूषण बढ़ेगा, जलीय जीवों को खतरा पैदा होगा। मगर यह विधेयक सत्तापक्ष के बहुमत के चलते स्वीकृत हुआ और पारित किया गया। आबकारी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने उत्तर प्रदेश शीरा नियंत्रण (द्वितीय संशोधन) विधेयक 2023 पेश किया। यह भी पारित हो गया। इस संशोधन बिल के जरिये एक चीनी मिल से दूसरी चीनी मिल को शीरा ले जाने पर मिलों से रेग्यूलेटरी फीस वसूली जाएगी। आबकारी मंत्री के अनुसार निजी चीनी मिलें कैप्टिव कंजम्शन के नाम पर इस रेग्यूलेटरी फीस की वसूली का विरोध कर रही हैं।

## पहले हफ्तों नहीं बदले जाते थे ट्रांसफॉर्मर अब घंटों में बदले जा रहे: एके शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**ऊर्जा** मंत्री एके शर्मा ने कहा कि सरकार प्रदेश में विद्युत व्यवस्था को सुधारने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है। इसमें गलत बिलिंग से लेकर खराब ट्रांसफॉर्मर बदलने, जर्जर विद्युत तारों को रिप्लेस करने संबंधी कार्य शामिल हैं। बड़े पैमाने पर केंद्र सरकार की आरडीएसएस स्कीम की मदद से भी प्रदेश में विद्युत इंफ्रास्ट्रक्चर में बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है।



बुधवार को शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन योगी सरकार की ओर से ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने प्रश्नकाल में सपा की सदस्य डॉ. रागिनी सोनकर द्वारा क्षतिग्रस्त ट्रासफार्मरों को बदले जाने का मामला उठाए जाने पर जवाब देते हुए विपक्ष पर निशाना भी साधा और उन्होंने कहा कि 2017 से पहले जहां हफ्तों में भी ट्रांसफॉर्मर नहीं बदले जाते थे, वहीं अब घंटों में ट्रांसफॉर्मर बदल दिए जाते हैं। उन्होंने ये भी कहा कि ये बबूल का पेड़ आपने ही लगाया है, इसे हम ठीक करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अप्रैल 2023 से अक्टूबर 2023 तक 1 लाख 89 हजार 803 ट्रांसफॉर्मर बदले गए हैं। जहां आवश्यकता पड़ती है वहां ट्रांसफॉर्मर को उच्चीकृत किया जाता है, ऐसे 60 हजार 400 से ज्यादा ट्रांसफॉर्मर हैं। साथ ही बिल्कुल नए ट्रांसफर भी लगाए गए हैं, ऐसे 1130 ट्रांसफॉर्मर है। जौनपुर में क्षतिग्रस्त परिवर्तकों की संख्या अप्रैल 2023 से अक्टूबर 2023 तक 5759 ऐसे ट्रांसफॉर्मर बदले गए हैं। मछलीशहर में 1071 ट्रांसफॉर्मर बदले गए हैं। जौनपुर में 1170 छतिग्रस्त खंभों को बदला गया है तो मछलीशहर में 223 खंभे बदले गए हैं। 92 वर्कशॉप में ट्रांसफार्मर की मरम्मत और उनका उच्चीकरण किया जा रहा है। प्रदेश में मजरों के विद्युतीकरण को लेकर पूछे गए एक सवाल पर ऊर्जा मंत्री ने कहा कि 22339 मजरे विद्युतीकरण से बाकी हैं। कुछ में आंशिक विद्युतीकरण हुआ है कुछ पूर्ण रूप से बाकी हैं। 2017 से पहले लगभग 1.5 लाख मजरे ऐसे बाकी थे, जिसमें से 1.21 लाख मजरों का विद्युतीकरण इस सरकार ने किया है। जो 22339 मजरे बाकी हैंए उन पर हमारा पूरा ध्यान है। भारत सरकार के विद्युत मंत्री से बातचीत की जा रही है और उन्होंने आरडीएसएस योजना के तहत इसका अनुमोदन भी कर दिया है। बहुत शीघ्र इन मजरों का विद्युतीकरण हो जाएगा।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 30 नवम्बर 2023



# नगर आयुक्त ने निर्माणाधीन निगम कार्यालय भवन का निरीक्षण किया



**शाहजहाँपुर।** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने नगर क्षेत्र के न्यू सिटी ककरा में निर्माणाधीन नगर निगम कार्यालय भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण मे नगर आयुक्त महोदय ने निर्माण कार्य की स्थिति को देखा। इस मौके पर कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन भवन के प्रथम तल व द्वितीय तल को शीघ्र ही तैयार कर दिया जाए, जिससे नगर निगम ऑफिस को नए भवन में शिफ्ट किया जा सके। साथ ही अवशेष निर्माण कार्य में तेजी लाये जाने के साथ-साथ निर्माण कार्य को शीघ्र ही पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही निर्माण कार्य के संबंध में बार चार्ट प्रस्तुत किये जाने एवं कार्य मे विलंब हेतु सम्बंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए आर्थिक दंड भी आरोपित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके उपरांत नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर के रोजा क्षेत्र में नगर निगम के जोनल ऑफिस के निर्माण कार्य हेतु प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय जोनल ऑफिस के निर्माण कार्य हेतु आवश्यक कार्यवाही को पूर्ण किये जाने के निर्देश सम्बंधित को दिए गए।

साथ ही जोनल ऑफिस हेतु चयनित भूमि पर अवैध रूप से कर रखे अतिक्रमण को तत्काल हटवाए जाने के निर्देश सम्बंधित को दिए गए एवं जोनल कार्यालय की भूमि पर खड़े पेड़ों में यदि कोई पेड़ निर्माण कार्य में बाधक हो तो उसको भी हटाने हेतु वन विभाग से अनुमति प्राप्त की जाए। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त ने नगर क्षेत्र के अहमदपुर निवाजपुर स्थित बुद्ध पार्क व तालाब का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय बुद्ध पार्क की स्थिति को देखा गया व पार्क कब उचित रख-रखाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# मतदाता के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम का एसडीएम और तहसीलदार ने लिया जायजा

**लखीमपुर।** मोहम्मदी विधानसभा क्षेत्र मे चल रहे विशेष मतदाता पूनिरीक्षण कार्यक्रम के तहत उप जिलाधिकारी डॉक्टर अवनीश कुमार ने बताया कि अभी तक चलाए गये अभियान मे विधानसभा मे लगभग 3000 नये मतदाता बने हैएतथा इस कार्यक्रम को और गतिशील बनाने के लिऐ विशेष अभियान भी अन्य अधिकारियों के माध्यम से चलाया जा रहा है, उपजिलाधिकारी ने बताया कि कि ऐ कार्यक्रम 09 दिसंबर तक चलेगाए वही 02 दिसंबर को तहसील से मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली जाऐगी।

पिछले माह 21 जुलाई से 21अगस्त तक मतदाता जागरूकता के चलाए गये अभियान मे 5 हजार नये मतदाता बने है, इसी लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी लोग लगे हैं वहीं उप जिला अधिकारी डॉक्टर अवनीश कुमार ने बताया कि मेरे और तहसीलदार नीलम तिवारी के माध्यम से अनेकों विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमे नगर क्षेत्र के जेपी इंटर कॉलेज, युग निर्माण पाठशाला, सरैया प्राथमिक विद्यालय एपीडी इंटर कॉलेज में कुछ बूथो पर बीएलओ अनुपस्थिति मिले जिनके विरुद्ध जिले के अधिकारियों को कारवाई के लिऐ पत्र प्रेषित किया गया है, ग्रामीण क्षेत्रों में बीएलओ और सहायक अध्यापक अनुदेशक और बीएलओ भी अनुपस्थित मिले जिसमे सहदेवा, सहजनिया, गुलौली, साहब गज, मुकंदपुर सहित अन्य विद्यालय रहे जिनके खिलाफ पत्र भेज कर कार्रवाई के लिए प्रेषित किया गया है एसडीएम और तहसीलदार ने सभी से इस मतदाता जागरूकता अभियान में बढ़कर सहयोग करने की अपील की है, जो युवा जनवरी 20 24 को 18 वर्ष की आयू पूरी कर रहे है वो नये मतदाता बनने का अवसर प्राप्त करें।

# शाहजहांपुर मे जल ज्ञान यात्रा का आयोजन




**शाहजहांपुर।** गांवों में अब बिजली गुल होने पर भी घर-घर तक की जाने वाली पानी सप्लाई नहीं रुकेगी। डेढ़ लाख लीटर की सोलर संचालित ओवर हैड टैंक (पानी टंकी) की यह केवल एक खासियत नहीं है। इस पानी टंकी के लिए लगाए गए सोलर पैनल से बिजली बनती है और उसी से पानी टंकी संचालित होती है। साढ़े छह घंटे में टयूबवेल से पानी टंकी भरी जाती है। क्लोरीन का उपयोग भी टंकी में जाने वाले पानी में किया जाता है। यह सब जानकारी पाकर शाहजहांपुर के सरकारी स्कूलों के बच्चे उत्साहित दिखे। उन्होंने पहली बार सोलर के संचालित पानी टंकी देखी और उससे गांव-गांव में की जा रही पानी सप्लाई की प्रक्रिया को भी समझा।

नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की अनूठी पहल पर जल ज्ञान यात्रा का आयोजन किया गया। जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता सनी सिंह और बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार ने कलेक्ट्रेट ऑफिस से हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। स्कूली बच्चों को सबसे पहले सुजातपुर पाइप पेयजल परियोजना का भ्रमण कराया गया। उनको यहां बना ओवर हैड टैंक दिखाया गया। जल गुणवत्ता जांच की उपयोगिता बताने के साथ ही छात्रों को फील्ड टेस्ट किट प्रशिक्षित महिलाओं ने 11 तरह की जल गुणवत्ता जांच भी करके दिखाई। स्कूली बच्चों को योजना परिसर में ही पेयजल की महत्ता और उपलब्धता की जानकारी दी गई। उनको सामग्री प्रयोगशाला भी ले जाया गया। स्कूली बच्चों को नुक्कड़-नाटक के माध्यम से स्वच्छता और जल की महत्ता के प्रति जागरूक किया गया और हर घर जल योजना से ग्रामीणों को मिलने वाले लाभों की जानकारी भी दी गई।

# सड़क दुर्घटनाओं में दो मरे, आधा दर्जन घायल

**संडीला (हरदोई)।** उसे सड़क दुर्घटनाओं मेंद दो लोग अकाल मृत्यु का शिकार हो गएए जबकि आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनमें से चार को गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर भेजा गया हैए जबकि 2 का सीएचसी में ही इलाज चल रहा है। प्रथम सड़क दुर्घटना लखनऊ हरदोई मार्ग पर ग्राम तिलुइंया के पास हुई। यहां दो बाइकों में आमने सामने सीधी टक्कर हो गयी। बताया जाता है कि थाना रहीमाबाद के अंतर्गत ग्राम भिम्माखेड़ा निवासी 30 वर्षीय कोले बाइक से संतराम और तीन वर्षीय बच्चे सोमू के साथ एक तिलक समारोह में भाग लेने के लिए ग्राम ककराली जा रहे थे। जब उनकी बाइक ग्राम तिलुइंया के पास पहुंची तो सामने से आ रही दूसरी बाइक जिसे थाना अतरौली के अंतर्गत ग्राम खदरी निवासी मुकेश चला रहे थे, और उसपर 15 वर्षीय किशोर सरवन भी बैठा था, आमने सामने की टक्कर हो गयी। इस दुर्घटना में दोनों मोटरसाइकिलों पर सवार पांचो लोग बुरी तरह घायल हो गए। सभी घायलों को उठाकर सीएचसी ले जा गया जहां डॉक्टरों ने कोले को मृत घोषित कर दियाए जबकि सविता, सोमू और मुकेश की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें ट्रॉमा सेंटर भेजा गया, जबकि सरवन और संतराम का इलाज सीएचसी पर ही चल रहा है और दोनों खतरे से बाहर हैं। दूसरी सड़क दुर्घटना संडीला बेनीगंज मार्ग पर ग्राम शिवनगरा के पास घटी। ग्राम भदेहना निवासी 25 वर्षीय राजगीर ठाकुर प्रसाद संडीला काम करने के लिए आया था। वह शाम को काम करके वापस जा रहा था। उसकी बाइक पर गांव का ही अंकित बैठा था। बाइक जब शिवनगरा के पास पहुंची तो पीछे से आ रहे अज्ञात ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे ठाकुर प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गयी, अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया।

# इनरव्हील की मंडल अध्यक्ष ने किया कई प्रोजेक्ट का शुभारंभ, गरीब और जरूरतमंदों को मिला फायदा



**लखीमपुर.खीरी।** इनर व्हील क्लब आफ लखीमपुर नव दिशा के मंडल 312 की मंडला अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल की आधिकारिक यात्रा 27 नवम्बर को हुई। क्लब अध्यक्ष कुमकुम गुप्ता एवं सचिव दीपाली गुप्ता, सरिता सिंह, नीतू अग्रवाल कनक बरनवालए मंजू बरनवाल, सपना कक्कड़, विभा श्रीवास्तव, पूनम चौरसिया, नूतन सिंह, क्लब मेंबर पूनम चौरसिया के फॉम हाउस पे मंडला अध्यक्षा का स्वागत किया। इनर व्हील खीरी के भी पदाधिकारी मौजूद रहे। उसके बाद एक होटल में मंडला अध्यक्षा के कर कमलों द्वारा कई प्रोजेक्ट किए गए।

पहला प्रोजेक्ट जरूरत मंद को ढेला दिया गया, जिसमे उसने फल बेचने का काम शुरू किया। दूसरा प्रोजेक्ट अर्पण पात्र था, जिसकी उन्हों ने बहुत सराहना की, वो जंगली नाथ मंदिर में रखा गया, जिसमे लोग विसर्जन वाला सामान डाल सकेंगे। तीसरा प्रोजेक्ट स्कूल में दूर से आने वाली 11 लड़कियों को साइकिल दी गई? चौथा प्रोजेक्ट एक कक्षा 11 की लड़की को 1 टेबलेट दिया गया, जो उसकी पढ़ाई में उसको मदद मिलेगी।

पांचवा प्रोजेक्ट बालग्रह के 20 बच्चों को ऊनी स्वेटर दिए गए। एक हैप्पी स्कूल भी बनाया गया। कार्यक्रम में सभी का स्वागत टीका लगा कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूजा निगम व सुरभि चोपड़ा ने किया। प्रोग्राम की शुरुवात गणेश वंदना से हुई। जिसकी मनमोहक प्रस्तुति क्लब सदस्या प्रगति अग्रवाल ने दी। अरुणा अग्रवाल ने मंडल अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल के सादगी भरे जीवन का परिचय दिया। एडिटर कनक बरनवाल ने नवंबर माह की मासिक पत्रिका का विमोचन कराया। पूर्वअध्यक्ष सपना कक्कड़ व विभा श्रीवास्तव ने 24 दिसंबर माह में होने वाले मीना बाजार के टिकट को भी प्रकाशित करवाया। सचिव दीपाली गुप्ता ने जुलाई से नवंबर तक के सारे प्रोजेक्ट जो 100 से अधिक हैं सभी के बारे में प्रोजेक्टर पर सभी को अवगत कराया।

# जिला महिला अस्पताल पहुंचे डीएम, इलेक्ट्रिक सेफ्टी विभाग करेगा जांच

**बरेली।** जिला महिला अस्पताल के एसएनसीयू में आग लगने के बाद एक नवजात की मौत के मामले में बुधवार को डीएम रविंद्र कुमार जिला महिला अस्पताल पहुंचे निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीएमओ डॉक्टर विश्राम सिंह को निर्देश दिए कि विभाग की ओर से गठित टीम मामले की जांच नहीं करेगी, पूरी जांच की जिम्मेदारी इलेक्ट्रिक सेफ्टी विभाग को दी जाएगी। अस्पताल के एमसीएच विंग के प्रथम तल पर एसएनसीयू है और यहां वार्ड में 11 बच्चे भर्ती थे वार्ड के बाहर खाली जगह है, जिसे परिजन वेटिंग एरिया के रूप में इस्तेमाल करते हैं। वहीं पर मंगलवार सुबह अचानक बिजली के तार से चिंगारी निकलने लगी। एसएनसीयू में मौजूद कर्मचारियों ने तुरंत सभी बच्चों को वार्ड से बाहर निकाला और दूसरी जगह शिफ्ट किया। बदायूं मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में एक बच्चे की मौत हो गई।

## क्विक न्यूज

### परिवार नियोजन की जागरूकता के लिए रवाना हुए सारथी वाहन

**शाहजहाँपुर।** पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के जन जागरूकता एवं अर्बन क्षेत्र में प्रचार प्रसार हेतु सारथी वाहन को कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी (पुराना जिला अस्पताल) शाहजहाँपुर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पुरुष नसबंदी पखवाड़ा 4 दिसम्बर तक चलेगा, इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिनाँक 29 नवम्बर को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आर के गौतम ने बताया कि यह वाहन शहर में परिवार नियोजन हेतु प्रचार प्रसार करेगा एवं पुरुष नसबंदी पखवाड़े के दौरान जनपद के समस्त ब्लॉक स्तरीय चिकित्सालय में परिवार नियोजन की समस्त सेवाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होनें बताया इसके माध्यम से परिवार नियोजन के स्थायी साधन (महिला और पुरुष नसबंदी) और अस्थायी साधन ( अंतरा , छाया , पीपीआईयूसीडी, आईयूसीडी, कंडोम आदि गर्भनिरोधक साधन) के बारे में समुदाय को जागरूक किया जाएगा। पखवाड़े के सफल आयोजन हेतु प्रत्येक ब्लॉक पर एएनएम व आशा के द्वारा क्षेत्र में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद, ददरौल, पुवायां और तिलहर पर पुरुष नसबंदी शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है।



### स्कूलो के बिजली के घरेलू कनेक्शनों को कामर्शियल मे किये जाने का किया विरोध

**बरेली।** महानगर के स्कूलो के बिजली के घरेलू कनेक्शनो को कामर्शियल मे किये जाने के विरोध मे आज बेसिक शिक्षा कल्याण समिति के शिष्टमंडल ने रामकिशन शुक्ला के नेतृत्व में आसान नहीं है चीफइंजीनियर से मुलाकात की । उन्होंन विभागीय आदेशो का जिक्र करते हुये तत्काल महानगर के विधुत कनेक्शनो को पुनः घरेलू किये जाने की पुरजोर मांग की ।ज्ञात हो कि बिजली विभाग के अधिकारियो द्वारा अक्टूबर माह मे महानगर के निजी मान्यताप्राप्त प्राइमरी तथा जूनियर स्तर के स्कूलो के घरेलू बिजली कनेक्शनो को कामर्शियल श्रेणी मे परिवर्तित कर दिये गये थे। अर्थात स्कूलो के एल एम वी 1 कनेक्शनो को एल एम वी 4 मे कर दिया गया। इसकी कोई सूचना तथा जानकारी स्कूल संचालको को भी नही दी गयी। विभागीय अधिकारियो द्वारा ऑफिस मे बैठ कर ही सिस्टम मे छेड़छाड कर घरेलू कनेक्शनो को कामर्शियल कर दिया गया।स्कूल संचालको की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए बेसिक शिक्षा कल्याण समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष राम कृष्ण शुक्ला के नेतृत्व मे पदाधिकारियो के शिष्टमंडल ने बिजली विभाग के चीफइंजीनियर सै भेंटवार्ता की ।जहां समिति के प्रदेश संयुक्त सचिव अवनीन्द्र स्नातक ने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश से मान्यताप्राप्त,कक्षा 1 से 5 तथा कक्षा 6 से 8 तक , पंजीकृत सोसाइटीज द्वारा संचालित एवं निजी व्यवस्था वाले स्कूल बिजली विभाग मे एल एम वी 1 श्रेणी मे आते हैं ।ऐसा विभाग द्वारा भी लिखित आदेश जारी किया गया है। लेकिन स्थानीय विभागीय अधिकारियो ने सभी आदेश व निर्देशो को दरकिनार कर अपनी दबंगई दिखाते हुए स्कूलो के कनेक्शनो को एल एम वी 4 मे परिवर्तित कर दिया हैश्री स्नातक ने कहा कि जो स्कूल, कालेज ट्रस्ट द्वारा अथवा कम्पनी द्वारा संचालित किये जाते है वो एल एम वी 4 की श्रेणी मे आते हैं। उन्होंने एल एम वी 4 मे परिवर्तित किया गये सभी स्कूलो के कनेक्शनो को पुनः एल एम वी 1 मे किये जाने की मांग की।



### कंप्यूटर के बढ़ते प्रयोग से बढ़ा खतरा

**लखनऊ।** एंटोड फार्मास्यूटिकल्स ने इस साल श्नेशनल मायोपिया वीकके आयोजन के लिए मातानंद फाउंडेशन के साथ हाथ मिलाया है। इसका उद्देश्य दुनियाभर में आंखों से जुड़ी प्रमुख समस्याओं में से एक मायोपिया के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस प्रभावी पहल में एंटोड फार्मास्यूटिकल्स भी सहयोगी है। अखंड ज्योति नेत्रालय के डॉ. अमित यादव ने बताया बच्चों और किशोरों के बीच स्मार्ट डिवाइसेज और कंप्यूटर के बढ़ते प्रयोग ने बड़ा खतरा पैदा कर दिया है। इससे मायोपिया का डर भी 80 प्रतिशत तक बढ़ गया है। चेतावनी देने वाले ये आंकड़े बताते हैं कि जरूरत से ज्यादा स्क्रीन टाइम के कितने गंभीर परिणाम हो सकते हैं। यह स्क्रीन टाइम सेल फोन्स से लेकर टैबलेट्सए कंप्यूटरए टीवी और दूसरे स्मार्ट उपकरणों से हो सकता है। इस मुद्दे की गंभीरता को समझना बहुत जरूरी है क्योंकि यदि बचपन में मायोपिया हो जाए तो यह बहुत तेजी से बढ़ता है और 20 साल की उम्र तक ही देखने की क्षमता पर काफी असर पड़ चुका होता है।

# श्रीराम को मिलेगा दिव्यांगता के क्षेत्र में राज्य पुरस्कार गवर्नर करेगी सम्मानित



**लखीमपुर खीरी।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उप्र द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर 03 दिसम्बर को दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियो/संस्थाओं को विभिन्न श्रेणी के राज्य पुरस्कार प्रदान किये जाते है। यह जानकारी जिला दिव्यांग जनसशक्तिकरण अधिकारी अभय सागर ने दी। उन्होंने कहा कि जनपद खीरी श्रीराम गुप्ता (मधुकर शैदाई), पूर्वी दीक्षितानाए गोला गोकरनाथ का राज्य स्तरीय पुरस्कार.2023 सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग वयस्क हेतु चयन किया गया। गुप्ता को प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल 03 दिसम्बर को पुरस्कार प्रदान करेगी।

# चेयरमैन प्रतिनिधि ने जनता दरबार में सुनीं नागरिकों की समस्याएं



नागरिकों की समस्यायें सुनते चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिददीकी व अन्य।

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** समधन नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिददीकी नें जनता दरबार लगाकर नागरिकों की शिकायतें सुनीं। सफाई व्यवस्था व पेयजल समस्याओं को लेकर चेयरमैन प्रतिनिधि ने संबंधित कर्मचारियों के न सिर्फ पेंच कसे बल्कि कार्य के प्रति लापरवाही बरतने की दशा मे कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी है। नगर पंचायत समधन कार्यालय में जन समस्यायें सुन रहे चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाख हुसैन सिददीकी से नागरिकों ने वार्डों में सफाई, विद्युत व पेयजल संबंधित मामलों की शिकायत की जिस पर चेयरमैन प्रतिनिधि ने संबंधित कर्मचारियों को बुलबाकर जमकर फटकार लगाई। उन्हे भविष्य मे लापवाही न बरतने की हिदायत देते हुये कहा है कि कार्य के प्रति लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सभासद इरफान, मुस्तकीम, विवेक गुप्ता, मो. आमीन शेख, कलीम उर्फ कल्ले, असलम सहित तमाम लोग भी मौजदू रहे।

# केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने ली विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति की समीक्षा की



**लखीमपुर खीरी।** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री भारत सरकार एवम् खीरी सांसद अजय मिश्रा टेनी ने बुधवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में ष्विकसित भारत संकल्प यात्राष् की प्रगति की समीक्षा कीए संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक का संचालन प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल तक ले जाने के लिए एक महत्वपूर्ण यात्रा है। इस यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों के बारे में जागरूकता फैलाना एवं प्रमुख सरकारी योजनाओं को जन.जन तक पहुंचाना है। नोडल की अगुवाई में गांव में पहुंच रही यात्रा के जरिए यह सुनिश्चित कराया जाए कि सभी जरूरतमंदों की जरूरतें पूरी हो ताकि उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आए। विकसित भारत संकल्प यात्रा पर भारत सरकार का पूरा फोकस है। यह पीएम की शीर्ष प्राथमिकताओं में है।

प्रभारी डीएम/सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के जरिए जिले में संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति बताई और यात्रा की आगे की रूपरेखा को रेखांकित किया। जिले को 11 आईईसी वाहन आवंटित किए गएए जिसमें वर्तमान में सात आईईसी वाहन निर्धारित रोस्टर के अनुसार गांव में पहुंच कर भव्यता से कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। सभी गांव में स्वागत एवं उत्सव समिति का गठन कर लिया गया है। बैठक के अंत में एडीएम संजय कुमार सिंह ने आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि आज की बैठक में जो भी दिशा निर्देश दिए गए उनका पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय अंबरीश सिंह, जीतेंद्र त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख वीरेंद्र शुक्ला, एडीएम संजय कुमार सिंह, डीसी विपिन चौधरी, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, डीपीआरओ सौम्यशील सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी सभी खंड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रभारी डीएम की अध्यक्षता में जनपदीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन

● प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखाई वैज्ञानिक प्रतिभा, डीएम ने किया शुभारंभ



**लखीमपुर खीरी।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उप्र द्वारा विद्यार्थियों में विज्ञान के अति अभिरूचि उत्पन्न करने के प्रयास के तहत जिला विज्ञान क्लब के तत्वावधान में सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इण्टर कॉलेज में जनपदीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में नवीन नवाचारी विषयों जैसे ड्रोन तकनीकीए रोबोटिक्सए नैनो तकनीक हाइड्रोजन फ्यूलए आर्टीफिशियल इन्टेलीजेन्स स्पेस टेक्नोलोजी जैसे विषय परिषद द्वारा निर्धारित किये गये। तत्क्रम में जनपद के विभिन्न अँचलों से आये बाल वैज्ञानिकों ने अपनी वैज्ञानिक अभिरूचि व नवाचारी मॉडल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि डीएम अनिल कुमार सिंह ने बाल वैज्ञानिकों को शुभाशीष देते हुये कहा कि आप भविष्य के आधार हो। उन्होंने सभी मॉडलों का अवलोकन किया और सभी बाल विज्ञानियों को विज्ञान के क्षेत्र में नित नवीन प्रयोग करते रहनेके लिए प्रेरित किया उन्होंने विज्ञान के मूल भूत सिधान्तो को अमल में लाने पर जोर दिया । कहा कि विज्ञान को रूचि के साथ पढ़े। वैज्ञानिक सोच को विकसित करने का प्रयास करें। आसपास व दुनिया में हो रहे बदलाव विज्ञान की ही देन है। उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा कि सभी छात्र विज्ञान के क्षेत्र में बढ़ने के लिए तीन सवालों की खोज में लगे रहेए कैसेए क्या और क्यों। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डा प्रदीप कुमार विसेन वैज्ञानिक अधिकारी कृषि विज्ञान केंद्र थे। सभी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि आप नवीन नवाचारों प्रयोग करते रहें।

# सेवा शर्तों से खिलवाड़ पर शिक्षक अक्रोशित

**संडीला (हरदोई)।** प्रदेश सरकार द्वारा लगातार माध्यमिक शिक्षकों की सेवा शर्तों में खिलवाड़ किया जा रहा है। 30 वर्ष से अधिक समय से विभाग की सेवा कर रहे शिक्षकों को सरकार ने नौकरी से बहार का रास्ता दिखा दिया। सरकार का न्याय चरम पर है। लखनऊ में प्रस्तावित धरने में प्रतिभाग करने जाते समय मीडियाकर्मियों से वार्ता करते हुए कहा कि 1 अप्रैल 2005 से हमें पुरानी पेंशन से वंचित कर दिया गया जिससे शिक्षकों का बुढ़ापा खतरे में पड़ गया और उस समय जब उसे पैसे की सर्वाधिक आवश्यकता होती हैए पुरानी पेंशन जैसी सामाजिक सुरक्षा से वंचित कर दिया गया। माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड 1982 में शिक्षकों की सेवा सुरक्षा की धारा 21ए शिक्षकों की पदोन्नति के लिए विद्यमान धारा 12 तथा प्रधानाचार्यों की तदर्थ पदोन्नति की धारा 18 को समाप्त कर दिया गया। इन धाराओं के समाप्त होने से शिक्षकों का मान सम्मान तो खतरे में पड़ा ही, उसके पदोन्नति के अवसर भी समाप्त हो गए। 1993 से सेवारत रहे तदर्थ शिक्षकों की सेवाओं को समाप्त कर दिया गया। शिक्षकों को 30 वर्ष की सेवाओं के पश्चात इस प्रकार बेरोज़गार करना शिक्षा विभाग का शिक्षकों के भविष्य और सेवा के प्रति निर्मम दृष्टिकोण प्रदर्शित करता है। उन्होंनें कहा कि हमारी मांग है कि 6 अगस्त 1993 के बाद, तथा 2000 तक कार्यरत समस्त तदर्थ शिक्षकों की सेवाओं को स्थाई करते हुए उन्हें तत्काल सेवा में वापस लिया जाए। शिक्षकों एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों को कैशलेस उपचार की सुविधा, राजकीय विद्यालयों के शिक्षकों की भांति अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों को स्थानांतरण की सुविधा, संस्कृत के उत्तर माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को माध्यमिक विद्यालयों के समान वेतन एवं सुविधाएं तथा समूह ग और समूह घ के पदों का सृजन एवं शिक्षकों को पुरानी पेंशन की व्यवस्था तत्काल बहाल की जाए।

# भाकियू पदाधिकारियों ने टोल प्लाजा पर दिया धरना

● भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव को दिल्ली एयरपोर्ट पर रोके जाने से किसानों में पनपा आक्रोश



टोल प्लाजा पर धरना देते एवं प्रदर्शन करते किसान नेता शमीम सिद्दीकी

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** अंतर्राष्ट्रीय किसान सम्मेलन में दिल्ली से कोलंबिया जाते समय राष्ट्रीय महासचिव को हिरासत में लेने की सूचना पर जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में टोल प्लाजा पर धरना देकर प्रदर्शन किया। जिससे जिला प्रशासन बैक फुट पर आता नजर आया उधर दिल्ली में राष्ट्रीय महासचिव को सम्मान छोड़े जाने की खबर के बाद किसानों ने धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

बुधवार को टोल प्लाजा पर किसान कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठे जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने जानकारी देते हुए बताया भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी युद्धवीर सिंह आठ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ अंतरराष्ट्रीय किसान सम्मेलन में भाग लेने के लिए कोलंबिया जा रहे थे। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पुलिस प्रसासन द्वारा उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। सूचना मिलते ही भाकियू के राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर उत्तर प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों के राष्ट्रीय राजमार्ग के समस्त टोल प्लाजा पर धरना देकर टोल फ्री कराए जाने का आह्वान किसान नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है। जनपद के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय राजमार्ग जेवां पहुंचकर धरना शुरू कर दिया। राष्ट्रीय महासचिव चौधरी युद्धवीर सिंह को ससम्मान दिल्ली एयरपोर्ट पर छोड़ दिए जाने की सूचना पर किसान नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया। महिला जिलाध्यक्ष कुसुम चौहान, महेंद्र प्रताप सिंह, उपेंद्र सिंह राजपूत, धर्मेंद्र सिंह राजपूत बबलू ठाकुर, मारूफ खान, प्रमोद त्रिपाठी उर्फ बबलू, हाजी शबनूर खान, जीतू यादव, राहुल कुमार, डा.साजिद हुसैन, सत्यम प्रजापति, अनवर खान,राजेश यादव, आलोक राजपूत, शहराज खान, अकील फारुकी, मुईन अहमद, गुफरान सिद्दीकी आदि लोग मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार में गरीब बच्चों को मिल रहीं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा: पटेल

● चित्रकूट सांसद ने प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को वितरित किए टैबलेट



**संवाददाता।** चित्रकूट

**उप्र** शासन द्वारा संचालित-लर्निंग रिसार्स पैकेज के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षको के उपयोगार्थ टैबलेट वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल रहे।

उक्त कार्यक्रम में सर्वप्रथम ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण का कार्य सांसद आर के सिंह पटेल, जिला विस्तारक अभय प्रताप सिंह, सभासद् श्रीविनीत पयासी, बीईओ अतुल दत्त तिवारी तथा उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया। इसके बाद अतिथियों का स्वागत- माल्यार्पण बैज अलंकरण एवं बुके देकर किया गया। टैबलेट वितरण का शुभारंभ मुख्य अतिथि रहे सांसद जी के कर कमलों से प्रतीकात्मक रूप से 16 शिक्षकों को वितरित किया गया। इस मौके पर सांसद श्री पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार की यह योजना बड़ी सराहनीय है। इससे बेसिक शिक्षा में सकारात्मक परिणाम मिलेंगे और गांव, गरीब, किसान के बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से लाभान्वित हो सकेंगे। विकास खण्ड कर्वी में कुल 509 तथा नगर क्षेत्र कर्वी में 10 टैबलेट का वितरण किया गया। उन्होंने शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया। अंत में ब्लाक के एआपी दिलीप सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप तोमर, नोडल शिक्षक संकुल बृजेश सिंह, दिलीप सिंह, लवलेश सिंह, शशिकांत पाण्डेय, बृजगोपाल मिश्र ,सीताराम सिंह, अनिल दीक्षित, आदि के सहयोग से वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# नहरा में हुआ बुंदेलखंड के प्रसिद्ध लोक नृत्य दिवारी का आयोजन



**चित्रकूट।** बुन्देखण्ड के प्रसिद्ध लोक नृत्य दिवारी का विशाल आयोजन ग्राम पंचायत नहरा मे हुआ। चित्रकूट जिले के विभिन्न गांवों से दिवारी खेलने वाले नवयुवकों ने टीम बनाकर प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजवादी बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मान सिंह पटेल ने प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर किया।कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि श्री पटेल ने सम्मानित किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए समाजवादी बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मान सिंह पटेल ने कहा कि दिवारी नृत्य बुंदेलखंड की सांस्कृतिक विरासत है। जिसके संरक्षण के लिए केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार द्वारा कोई प्रयास नही किया जा रहा है। उन्होने कहा कि प्रदेश में सपा की सरकार बनने पर दिवारी नृत्य को विशेष प्रोत्साहन दिया जायेगा। मुख्य अतिथि रहे मान सिह पटेल ने केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार में देश का किसान, नौजवान, मजदूर, महिलाएं और छोटे कारोबारी दुखी एवं परेशान है। सरकार किसानों को उर्वरक व कीट नाशक नही उपलब्ध करा पा रही है।

# गांधी इंटर कालेज में हुआ मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन, डीएम-एसपी ने की सराहना

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**जिलाधिकारी** राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने गांधी इंटर कॉलेज में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विज्ञान मॉडल तैयार किए जिसका अवलोकन कर छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

विज्ञान प्रदर्शनी में सिद्धांत प्रजापति ने संवेदक पर आधारित सौर्य ऊर्जा ट्रैक्टर बनाया, यह सौर ऊर्जा ट्रैकिंग फोटोवोल्टिक दोहरी धुरी जो एलडीआर सेंसर और दो डीसी मोटरों का उपयोग करके सूर्य की दिशा में मुड़ जाती है। पीयूष कुमार ने महिला सुरक्षा यंत्र बनाया इसी प्रकार विभिन्न छात्राओं ने बेहतर विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल तैयार किए। जिलाधिकारी ने समस्त छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान के प्रति अपनी अभिरुचि बढ़ाते हुए इस क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाएं। इस प्रकार की निरंतर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन कराया जाएगा जिससे बच्चे अपनी प्रतिभाओं को निखार सकें। उन्होंने कहा कि छात्राओं में वैज्ञानिक सोच का विकास करना जरूरी है, अपने दैनिक जीवन में वैज्ञानिक चिंतन और कार्य का समावेश करें। उन्होंने कहा कि विज्ञान के बल पर भारत आज अपनी क्षमता प्रदर्शित कर रहा है, छात्र-छात्राएं वैज्ञानिक व्यक्तित्व विकसित करने का निरंतर प्रयास करें।

जनपद के कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने 150 विज्ञान मॉडल का प्रदर्शन किया। सिद्धांत प्रजापति सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कालपी ने मॉडल सूर्य ट्रैक्टर का प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त कर 5000 रुपए व प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इसी प्रकार नरेश कुमार श्री कृष्णा इंटर कॉलेज पीरौना मॉडल ढलान सही करने का तरीका प्रदर्शन का द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# रूरा मल्लू में नौ कुंडीय श्रीराम महायज्ञ, निकाली कलश यात्रा



**जालौन, उरई।** क्षेत्रीय ग्राम रूरा मल्लू में श्रीश्री 108 सरजूदासजी कर्णखेरा के सानिध्य में नौ कुंडीय श्रीराम महायज्ञ व भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। जिसके पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई। आयोजन के पहले दिन श्रृद्धालु भक्तों ने कलश यात्रा में शामिल होकर कलश यात्रा को भव्य और आकर्षित बना दिया। यज्ञाचार्य आचार्य आदित्य उपाध्याय, उपयाज्ञाचार्य शिवम शास्त्री, मंडलाधीश सुरेंद्र आचार्य व कथावाचक पंडित शिवम नगाइच के नेतृत्व में गांव की विभिन्न गलियों से होकर कलश यात्रा गांव के सभी मंदिरों पर पहुंची। जहां से कलशों में जल भरा गया। बैंड बाजों की धुन पर बज रहे भक्ति गीतों पर श्रृद्धालुओं ने जमकर ठुमके लगाए। कथावाचक पंडित शिवम नगाइच ने कलश यात्रा के बाद श्रोत्राओं को पहले दिन की भागवत कथा का गूढ़ रहस्य श्रोताओं को श्रवण कराया। बताया कि भागवत कथा को सुनने से हृदय पवित्र हो जाता है। पूर्व युगों में जो पुण्य सैंकडों वर्ष की साधना से मिलता था, वह कलियुग में ईश्वर नाम के स्मरण और ध्यान से मिल जाता है।

जरूरत है तो बस सच्चे हृदय ईश्वर का ध्यान करने की। कहा कि अपने घरों में गो पालन अवश्य करें और उसकी सेवा करें। कलश यात्रा के वापस यज्ञ स्थल पर पहुंचने पर यज्ञाचार्य आचार्य आदित्य उपाध्याय ने हवन व आहूतियां दिलाईं।

## आधार कार्ड बनाने व संशोधन में मनमानी कर रहे संचालक

**जालौन, उरई।** नगर में आधार कार्ड बनाने के लिए बैंकों में आधार केंद्र चल रहे हैं। आधार कार्ड बनाने व संशोधन के चल रहे केंद्र संचालकों पर मनमानी के आरोप लग रहे हैं। बच्चों के नए आधार कार्ड बनाने के नाम पर रुपये वसूलने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने डीएम को शिकायती पत्र भेजा है। नगर में आधार कार्ड बनाने व संशोधन के लिए कई केंद्र संचालित हो रहे हैं। बीएसएनएल परिसर, इंडियन बैंक की मंडी शाखा, उप डाकघर, समेत बैंकों में इन केंद्रों का संचालन हो रहा है। आधार बनाने व संशोधन के लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने शुल्क निर्धारित कर रखा है। इसके बाद भी केंद्र संचालकों पर मनमाने ढंग से शुल्क वसूलने के आरोप लग रहे हैं। मुरली मनोहर निवासी अशफाक ने डीएम को भेजे शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि नगर में नए आधार बनवाने एवं आधार में संशोधन कराने के लिए जो केंद्र बनाए गए हैं। उनमें संचालक मनमर्जी से दाम वसूल रहे हैं।

# ओटीएस योजना से ब्याज में अधिक से अधिक छूट का लाभ उठाएं उपभोक्ता

**संवाददाता।** जालौन, उरई



**ओटीएस** योजना का नगर व ग्रामीण क्षेत्र के बिजली उपभोक्ता अधिक से अधिक लाभ उठाएं। तीस नवंबर तक इस योजना के तहत पंजीकरण कराने में सौ फीसदी ब्याज में छूट का प्रावधान हैं। इसलिए अधिक से अधिक उपभोक्ता इस योजना का लाभ उठाएं।

विद्युत उपखंड अधिकारी कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि ओटीएस योजना के तहत उपभोक्ता 31 दिसंबर तक योजना का लाभ ले सकते हैं। जिसका पहला चरण 30 नवंबर को समाप्त होना है। पहले चरण में पंजीकरण कराने वाले उपभोक्ताओं को ब्याज में शत प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इसलिए अधिक से अधिक उपभोक्ता 30 नवंबर को अपना पंजीकरण करा लें। बताया कि इस योजना के तहत 24 हजार 116 उपभोक्ताओं का पंजीकरण कराने का लक्ष्य है। लेकिन अब तक सिर्फ लगभग चार फीसदी उपभोक्ताओं ने ही पंजीकरण कराया है। जिसमें अब तक लक्ष्य के सापेक्ष कुल 1074 उपभोक्ताओं के ही पंजीकरण हो सके हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि जितनी जल्दी उनके पंजीकरण होंगे उन्हें छूट का उतना ही अधिक लाभ मिलेगा। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर भी पंजीकरण किए जा रहे हैं। इसलिए उपभोक्ता अपनी जिम्मेदारी हो समझें और अधिक से अधिक पंजीकरण कराएं। चेकिंग के दौरान झंझट से बचने और बकाया बिजली के बिलों को जमा करने के लिए उपभोक्ताओं के पास यह एक अच्छा मौका है।

कहा कि जिन उपभोक्ताओं की एफआईआर दर्ज हो चुकी है, उन्हें भी लाभ मिलेगा। ऐसे उपभोक्ताओं का जो राजस्व निर्धारण किया गया है उन्हें 65 फीसदी छूट का लाभ मिलेगा। उन्हें राजस्व निर्धारण का मात्र 35 फीसदी ही जमा करना होगा। इसलिए उपभोक्ता पहले आएं पहले पाएं के आधार पर योजना का लाभ ले सकते हैं।

## क्विक न्यूज

### ट्रक में पीछे टकराने से जख्मी दारोगा की मृत्यु

**हमीरपुर।** जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र में कल रात ट्रक के पीछे बाइक सवार दो दारोगाओ के बुरी तरह जख्मी होने के बाद उपचार के दौरान कानपुर में बुधवार को तड़के एक दारोगा की मृत्यु हो गयी जब कि दूसरा दारोगा जीवन व मृत्यु से संघर्ष कर रहा है। पुलिस के मुताबिक मंगलरात देर रात सुमेरपुर क्षेत्र के इटरा मंदिर से डियूटी करने के बाद उपनिरीक्षक हरीशंकर मिश्रा व राजेश्वर प्रसाद मिश्रा पुलिस लाइन हमीरपुर बाइक से लौट रहे थे जैसे ही चंदौखी मोड़ के पास आये तभी आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दी ब्रेक लगने से बाइक पीछे से टकरा गयी और दोनों पुलिस कर्मी बुरी तरह घायल हो गये। प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनो कर्मियो को कानपुर रिफर कर दिया गया। दारोगा राजेश्वर प्रसाद मिश्रा(59) को एलआर अस्पताल कानपुर में बुधवार को तड़के डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि हरीशंकर की हालत चिंता जनक बतायी जाती है।

### पांच निरीक्षक, एक उपनिरीक्षक का तबादला

**फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार नें देर रात पांच निरीक्षकों व एक उप निरीक्षक की तैनाती बदल दी। शहर कोतवाल व फतेहगढ़ कोतवाल की भी नई तैंनाती की गई है । प्रभारी वीआईपी सेल निरीक्षक रामऔतार को कोतवाल कायमगंज बनाया है। पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत निरीक्षक हरि श्याम सिंह को कोतवाल फतेहगढ़ का चार्ज दिया गया है। कायमगंज के निरीक्षक अपराध भोलेंद्र चतुर्वेदी को शहर कोतवाली का प्रभारी बनाया गया है । शहर कोतवाल अनिल चौबे को चुनाव सेल का प्रभारी, निरीक्षक राजीव कुमार पाण्डेय जन शिकायत प्रकोष्ट का प्रभारी, थाना मऊदरवाजा में तैंनात दारोगा दिलीप सिंह को थानाध्यक्ष कम्पिल बनाया गया है।

### दो महिलाएं पर्स व मोबाइल चोरी में गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** गंगा स्नान करने गयी महिला श्रद्धालु का पर्स व मोबाइल चोरी में पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। दरअसल थाना कादरी गेट के बढ़पुर बैरिस्टर वाली गली निवासी सचिन की पत्नी प्रीति पांचाल घाट गंगा स्नान करने गयीं थी। उसी दौरान उनका पर्स व मोबाइल चोरी कर लिया गया। पुलिस नें सचिन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया। जांच के दौरान पुलिस ने जनपद हरदोई के शाहबाद मोहलिया निवासी पूजा पत्नी श्रवण व कांति पत्नी रामचन्द्र को गिरफ्तार कर लिया।

# जनता की समस्याएं जानने को कांग्रेसी करेंगे संवाद पद यात्रा



**फतेहपुर।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी व महासचिव प्रियंका गांधी की पद यात्रा में सारथी रह चुके कांग्रेस नेता व हुसैनगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी शिवकांत तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी जन संवाद पद यात्रा निकालकर हुसैनगंज विधानसभा के निवासियों की समस्याओं से रूबरू होंगे। संवाद कर कांग्रेस पार्टी की नीतियों को बताकर लोगों को जोड़ने का काम करेंगे। बताया कि यात्रा एक से लेकर 8 दिसंबर तक यात्रा हुसैनगंज विधानसभा के विभिन्न गांवों में जाएगी एवं रात्रि विश्राम के ज़रिए कांग्रेस कार्यकर्ता लोगों से संवाद करने का काम करेंगे। बताया कि उनकी प्रमुख मांगो में फतेहपुर रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर गणेश शंकर विद्यार्थी के नाम पर रखने, हुसैनगंज डलमऊ मार्ग, संवत हथगाम, गुरसंडी, खागा मार्ग समेत अन्य मार्गों को गड्ढा मुक्त करना, ऐरायां, प्रेमनगर से मंडवा मार्ग निर्माण, आवारा पशुओं की समस्याओं का निराकरण, डीएपी यूरिया खाद की किल्लत को दूर करने, घरेलू सिलेंडर के दाम को कम करके साढ़े चार सौ रुपये करने आदि मांगें शामिल हैं।

# भाजपा जिलाध्यक्ष व पूर्व मंत्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया मॉल का उद्घाटन



**फतेहपुर।** विराज टेक्सटाइल फोर प्ले साउथ एक्स मॉल का भाजपा जिलाध्यक्ष व पूर्व मंत्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान अतिथियों ने जनपद ने जनपद में नये-नये मॉल्स व अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडो के आउट लेट स्टोरों की श्रृंखला के खुलने को जनपद के विकास की तरफबढ़ता हुआ कदम बताया। शहर के देवीगंज गाजीपुर बस स्टॉप के निकट माल का उद्घाटन हवन पूजन व वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल व पूर्व न्याय मंत्री राधेश्याम गुप्ता ने फीता काटकर किया। उद्घाटन अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष व पूर्व न्यायमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश व प्रदेश निरंतर विकास कर रहा है। उनकी विकास परख नीतियों के चलते अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ब्रांडो के आउटलेट्स अब मझोले व छोटे शहरों में भी खुल रहे हैं जोकि शहरों के विकास के लिये मील का पत्थर साबित होंगे। इस मौके पर पूर्व सांसद अशोक पटेल, ब्लाक प्रमुख हसवा विकास पासवान, वैश्य समाज अध्यक्ष महेंद्र गुप्ता, बबलू गुप्ता, प्रकाश गुप्ता सभासद दिनेश तिवारी खलीफा, विवेक श्रीवास्तव, विक्रम सिंह चंदेल, सचिन आदि रहे।

# बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा किसान मेले का किया गया आयोजन



**बिंदकी, फतेहपुर।** नगर में बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा किसान मेले का आयोजन किया गया। मेले में चार सौ किसानों का 21 करोड़ रुपए का रेट स्वीकृत किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद बैंक ऑफ़ बड़ौदा लखनऊ आंचल की उप महाप्रबंधक रचना मिश्रा ने कहा कि किसानो की उन्नत से देश की उन्नत होती है। बुधवार को नगर के ललौली रोड स्थित वेद गेस्ट हाउस में बैंक ऑफ़ बड़ोदा द्वारा किसान मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर चार सौ किसानों का 21 करोड रुपए का रेट स्वीकृत किया गया। किसानों को स्वीकृत ऋण की सांकेतिक चेक भी दी गई। इस मौके पर बैंक ऑफ़बड़ौदा लखनऊ आंचल की उप महाप्रबंधक रचना मिश्रा ने कहा कि किसने की उन्नत से देश की उन्नत होती है। बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा विभिन्न प्रकार के रन किसानों को दिए जाते हैं, जिसके चलते किसान उन्नतशील खेती कर सके। अपनी उपज बढ़ सके और अपने आर्थिक उन्नति कर सके। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम कि.स. पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम तीस नवंबर तक लगातार विभिन्न स्थानों पर चल रहा है।

# आरोप पत्र से निकाले गये एसडीएम और एसओ के नाम, न्यायालय में तीखी बहस

**कानपुर देहात।** मड़ौली गांव के बहुचर्चित दोहरे हत्यकाण्ड में आरोपपत्र में निकाले गए आरोपियों तत्कालीन उपजिलाधिकारी मैथा ज्ञानेश्वर प्रसाद तत्कालीन रूरा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम आदि व आरोपपत्र के आरोपियों को हत्या की धारा सहित अन्य संगीन धाराओं में तलब करने हेतु मामले के वादी शिवम दीक्षित द्वारा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अलंकृता शक्ति त्रिपाठी की न्यायालय में पूर्व में दाखिल प्रार्थना पत्र में वादी शिवम दीक्षित की तरफ से बहस जारी है जिसमें उसके अधिवक्ता जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने घटना के तमाम बिंदुओं पर विस्तृत बहस की।

मामले में अब शेष बहस हेतु अगली सुनवाई की तिथि 5 दिसम्बर नियत करने के आदेश न्यायालय ने पारित किए हैं। अधिवक्ता जितेन्द्र चौहान ने बताया कि वादी शिवम दीक्षित ने थाना रूरा में लिखित तहरीर देते हुए तत्कालीन एसडीएम ज्ञानेश्वर प्रसाद,कानूनगो,लेखपाल अशोक सिंह तत्कालीन थानाध्यक्ष रूरा दिनेश कुमार गौतम अज्ञात तीन लेखपाल सहित 11 नामजद सहित 15 से 20 महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों के विरुद्ध 14 फरवरी 2023 को इस आरोप के साथ थाना रूरा में मुकदमा पंजीकृत कराया था कि आरोपियों ने विधि विरुद्ध तरीके से वादी की झोपड़ी से बेदखल करने की नीयत से झोपड़ी को जेसीबी से गिराया गया उसमे आग लगा कर उसमे मौजूद वादी की मां बहन को जिन्दा जला कर मारा गया तथा वादी को आग में फेंक कर जला कर मारने का प्रयास किया गया घटमा में वादी के पिता गम्भीर रूप से जल गए थे ।मामले में पूरे देश में घटना को लेकर आक्रोश फैला था। मामले को राजनीतिक दलों ने प्रदेश विधानसभा में भी उठाया था। मामले में शासन ने विवेचना एसआईटी गठित कर करने के आदेश दिए थे। एसआईटी ने विवेचना पूर्ण करते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की न्यायालय में दो अलग अलग आरोपपत्र दाखिल किए थे।

## पेज एक का शेष

### अगले पांच...

को ड्रोन प्रदान करना है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि योजना के तहत स्वीकृत पहल 15,000 एसएचजी को स्थायी व्यवसाय और आजीविका सहायता प्रदान करेगी और वे प्रति वर्ष कम से कम 1,00,000 रुपये की अतिरिक्त आय अर्जित करने में सक्षम होंगे।

### दिल्ली के...

एक ही व्यक्ति है, क्या इस पद के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) का कोई अन्य अधिकारी उपलब्ध नहीं है। पीठ बिना किसी परामर्श के नए मुख्य सचिव की नियुक्ति या मौजूदा शीर्ष नौकरशाह का कार्यकाल बढ़ाने के केंद्र के किसी भी कदम के खिलाफ दिल्ली सरकार की याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

### पन्नू को...

अपराधियों, बंदूक चलाने वालों, आतंकवादियों और अन्य लोगों के बीच सांठगांठ से संबंधित कुछ सूचना साझा की है। उन्होंने कहा कि सूचना दोनों देशों के लिए चिंता का कारण है और उन्होंने आवश्यक कार्रवाई करने का निर्णय लिया है।

### फ्लाइट में...

नवंबर को जयपुर से बेंगलुरु जा रही एक फ्लाइट के पैसेंजर ने क्रू से बदतमीजी की थी। इसके बाद बेंगलुरु पहुंचने पर पैसेंजर को गिरफ्तार कर लिया गया था। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया था कि 32 साल का शख्स नशे में था और कई बार चेतावनी देने के बाद भी शांत नहीं हुआ था। हालांकि बाद में उसे जमानत मिल गई थी।

## बैंकों की कार्यप्रणाली पर सीडीओ ने जताया असंतोष



**संवाददाता।** फर्रूखाबाद

**कलेक्ट्रेट** सभागार फतेहगढ़ में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने सरकारी योजनाओं में प्राइवेट बैंको की भागीदारी की प्रगति पर गहरा असंतोष व्यक्त किया। बैंको के स्थानीय अधिकारियों के खिलाफ वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र भेज कर उनसे जबाब मांगने के निर्देश दिये। प्राइवेट बैंको में जीरो बैलेंस के खाता खोलने की स्थिति बहुत खराब है। सीडीओ ने इस पर नाराजगी व्यक्त की व कार्यवाही के निर्देश दिये फसल बीमा पर किसानों से सहमति लेने के निर्देश दिये व क्लेम न मिलने पर नाराजगी जताई केसीसी के नवीनीकरण व नये केसीसी की खराब प्रगति पर नाराजगी जताई।

# हिस्ट्रीशीटर फिरोज व उसके भाई की एक करोड़ की संपत्ति कुर्क



**फर्रुखाबाद।** हिस्ट्रीशीटर फिरोज उर्फ मुन्ना व उसके भाई की एक करोड़ की संपत्ति कुर्क जिलाधिकारी के आदेश पर पुलिस नें हिस्ट्रीशीटर फिरोज उर्फ अन्ना की लगभग एक करोड़ की सम्पत्ति कुर्क की कार्यवाही की। पुलिस उसकी अन्य सम्पतियों की जांच कर रही है। थाना कमालगंज के ग्राम नगला दाउद निवासी हिस्ट्रीशीटर फिरोज उर्फ अन्ना व उसके भाई संजय उर्फ सलमान पुत्र नौशाद के खिलाफ जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के आदेश पर सीओ अमृतपुर रविंद्र नाथ राय, थानाध्यक्ष कमालगंज राजेश राय व थानाध्यक्ष अमृतपुर मीनेश पचौरी के साथ सीओ अमृतपुर तहसीलदार श्रद्धा पाण्डेय ने जाकर कुर्की की कार्रवाई की।

जिसमें नगला दाऊद में पैत्रक भूमि पर बनाया गया पक्का मकान, ग्राम शेखपुर में आवासीय प्लाट, नगला दाऊद में अबैध धन से बनाया गया जिम सेंटर, ग्राम भोजपुर में कृषि भूमि को कुर्क किया गया। जिसका वर्तमान मूल्य एक करोड़ तैतालिस हजार छह सौ रुपये है। एसपी विकास कुमार नें मौके पर पहुंच जायजा लिया। एसपी विकास कुमार नें बताया कि अन्ना पर 23 मुकदमें व उसके भाई सलमान पर भी एक दर्जन मुकदमें पंजीकृत है। पूर्व में भी शातिरों के वाहन सीज किये गये थे।

## कोचिंग की नाबालिग छात्रा को मौलवी ने बनाया अपनी हवस का शिकार

**हमीरपुर।** जिले के कुरारा क्षेत्र में बुधवार को एक शर्मनाक घटना सामने आई जब मौलवी ने उर्दू की कोचिंग पढने आयी नाबालिग छात्रा से मस्जिद में बलात्कार किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मौलवी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा रोजाना की भाति मस्जिद में मौलवी से उर्दू की कोचिंग पढ़ने गयी थी,छुट्टी के बाद सभी छात्र छात्राएं चली गयी। मौलवी ने 11 वर्षीय छात्रा को मस्जिद में रोक कर छात्रा के भाई को चाकलेट देकर बाहर बैठा दिया। और छात्रा को एक कमरे मे ले जाकर हवस का शिकार बनाया। इसके बाद रोते हुये छात्रा ने अपने घर जाकर परिजनों को आपबीती सुनायी। जिसके बाद पुलिस ने पीडिता के चाचा के तहरीर पर मौलवी मुंतजिर आलम के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है।

# बंद मकान से चोरों ने पार की लाखों की नगदी और जेवरात


**कायमगंज, फर्रुखाबाद।** कोतवाली कायमगंज के गांव प्रेमनगर में बंद घर से शातिर चोरों ने 2 लाख 18 हजार नकदी सहित लाखों के जेबर चोरी कर लिए। गृहस्वामी परिवार के साथ भतीजे की बारात में शामिल होने गया था। नुकसान देख परेशान परिवार की महिलाएं बिलख पड़ी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल प्रारंभ की।

मंगलवार को नगर से सटे गांव प्रेमनगर निवासी कृष्णकांत पुत्र अंतराम के छोटे भाई राकेश के पुत्र की शादी थी। कृष्णकांत परिवार समेत भतीजे की बारात में क्षेत्र के गांव भटासा गए थे। देर रात करीब दो बजे कृष्णकांत की मां साबित्री देवी अपने बेटे के घर के पास से निकली तो अचानक उनकी नजर मुख्य गेट के ताले पर पड़ी। वह भौचक्की रह गई। ताला टूटा था। अंदर जाकर देखा तो दोनो कमरो के ताले टूटे थे। सामान बिखरा था। उन्होंने शोरशराबा मचाया। लोगों की भीड़ लग गई। मामले की जानकारी कृष्णकांत को दी गई। वह परिवारीजन समेत मौके पर पहुंचे। जहां देखा चोरो ने कमरो का ताला तोड़ा। उसके बाद बक्सेए अलमारी का ताला तोड़ दिया और वहां से नकदी व जेबर चोरी कर लिए। नुकसान पर घर की महिलाए रो पड़ी।

घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची। कृष्णकांत की पत्नी कुसुमलता ने बताया कि चोर उसके घर से 2 लाख 18 हजार रुपए नकदए दो जोड़ी कुंडलए मंगलसूत्रए एक जोड़ी गुच्छा, खडुआ, लड़ दो जोड़ी तोड़ियाए कपड़े आदि सामान चुरा ले गए। पुलिस ने आसपास तहकीकात की। पीड़ित कृष्णकांत ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने जल्द ही मामले का खुलासा कर चोरों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है।

# एवेनफील्ड मामले में नवाज शरीफ बरी किए गए

**भाषा।** इस्लामाबाद



**इस्लामाबाद** उच्च न्यायालय ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को एवेनफील्ड भ्रष्टाचार मामले में बुधवार को बरी कर दिया। शरीफ के खिलाफ भ्रष्टाचार के एक अन्य मामले में उन्हें दोषमुक्त किए जाने को चुनौती देने संबंधी अपील राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने वापस ले ली जिससे इस मामले में भी उन्हें बरी किए जाने संबंधी फैसले को बरकरार रखा गया। मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक और न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब की दो सदस्ईय पीठ ने एवेनफील्ड भ्रष्टाचार मामले में शरीफ (73) की सजा के खिलाफ उनके द्वारा दायर अपील पर सुनवाई के बाद फैसले की घोषणा की। इस मामले में उन्हें 2018 में 10 साल जेल की सजा सुनाई गई थी।

उसी वर्ष पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख को फ्लैगशिप भ्रष्टाचार मामले में एक निचली अदालत ने बरी कर दिया था लेकिन भ्रष्टाचार रोधी निगरानी संस्था एनएबी ने इस फैसले को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। एवेनफील्ड भ्रष्टाचार मामला गलत तरीके से अर्जित धनराशि से लंदन में संपत्ति रखने के बारे में था और वह इस मामले में जमानत पर थे, जबकि दोषसिद्धि के खिलाफ उनकी अपील इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) द्वारा सुनी गई।

इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने दलीलें सुनने के बाद, शरीफ को एवेनफील्ड मामले में बरी कर दिया, जबकि एनएबी ने फ्लैगशिप मामले में अपनी अपील वापस लेने का फैसला किया, जिसके कारण निचली अदालत द्वारा उन्हें बरी किए जाने संबंधी फैसले को उच्च न्यायालय ने बरकरार रखा। सुनवाई के बाद शरीफ ने पत्रकारों से कहा, मैं अल्लाह का शुक्रिया अदा करता हूं क्योंकि मैंने पूरा मामला उन पर छोड़ दिया था। अल्लाह ने आज हमें विजई बनाया है। शरीफ फरवरी 2023 में होने वाले आम चुनावों में अपनी पार्टी का नेतृत्व करने के लिए लगभग चार साल बाद पिछले महीने स्वदेश लौटे थे।

इस महीने की शुरुआत में, उन्होंने अपनी पार्टी के नेताओं को राष्ट्रीय चुनावों के लिए अपनी तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया था। उनकी बेटी मरियम नवाज ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज के फैसले से पता चलता है कि अल्लाह ने उन लोगों को न्याय दिलाया जिन्होंने उन पर अपना अटूट भरोसा रखा। शरीफ को हालांकि अभी भी अल-अजीजिया स्टील मिल्स मामले में दोषी ठहराया गया है। इस मामले में उन्हें 2018 में सात साल जेल की सजा सुनाई गई थी।

शरीफ सुनवाई के दौरान अदालत के अंदर मौजूद थे, जहां किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। पूर्व प्रधानमंत्री ने एवेनफील्ड संपत्ति और अल-अजीजिया मामलों में अपनी सजा को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। उन्होंने दोनों दोषसिद्धि के खिलाफ अपील दायर की थी। शरीफ को नवंबर, 2019 में चिकित्सा आधार पर लंदन जाने की अनुमति दी गई थी। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने दिसंबर 2020 में दोनों मामलों में उन्हें भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया था।

## पश्चिमी नेपाल में बस दुर्घटना में दो यात्रियों की मौत, 32 घायल

**काठमांडू।** पश्चिमी नेपाल में बुधवार को एक बस के सड़क से फिसलकर 10 मीटर नीचे खड्ड में गिर जाने से, उसमें सवार दो यात्रियों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना तनहुं जिला के ब्यास नगरपालिका में घनसिकुवा में सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुई। पुलिस ने बताया कि बस धरान से पोखरा की ओर जा रही थी तभी वह सड़क से फिसल गई और सड़क से 10 मीटर नीचे, एक खड्ड में जा गिरी। उन्होंने बताया कि घटना में दो यात्रियों की मौत हुई है और बस चालक समेत 32 यात्री घायल हुए हैं, जिनका पास के अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। घायलों में से नौ की हालत गंभीर बताई जा रही है जिन्हें आगे के उपचार के लिए पोखरा भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना का वास्तविक कारण अभी ज्ञात नहीं है। पर्वतीय क्षेत्र नेपाल में खराब सड़क बुनियादी ढांचा के कारण सड़क दुर्घटनाएं आम हैं।




अमेरिकी विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन और यूक्रेनी विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा बेल्जियम में नाटो के मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेस करते हुए।

## श्रीलंका के चाय बागान क्षेत्रों में 10 हजार मकानों का निर्माण करेगा भारत

**कोलंबो।** श्रीलंका में अपनी आवासीय परियोजना के विस्तार के मद्देनजर भारत यहां के चाय बागान क्षेत्रों में और 10 हजार मकानों का निर्माण करेगा। एक बयान के मुताबिक, भारतीय उच्चायोग ने मंगलवार को भारतीय आवासीय परियोजना के चौथे चरण के अंतर्गत श्रीलंका के चाय बागान क्षेत्रों में और 10 हजार मकानों के निर्माण के लिए दो महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस परियोजना को आकार देने के लिए राष्ट्रीय आवास विकास प्राधिकरण (एनएचडीए) और राज्य इंजीनियरिंग निगम (एसईसी) ने दो अलग-अलग समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनका मकसद जल्द से जल्द 10 हजार मकानों का निर्माण करना है।

इन दो समझौतों पर हस्ताक्षर करने वालों में काउंसेलर एवं डेवलपमेंट कॉपरेशन विंग के प्रमुख एल्डोस मैथ्यू पुनोसी, एसईसी के अध्यक्ष रत्नासिरी कालूपहाना और एनएचडीए के महाप्रबंधक कंकणमलगे अजंता जनक शामिल थे। भारतीय आवासीय परियोजना का चौथा चरण श्रीलंका के 11 जिलों और छह प्रांतों में फैला हुआ है। बयान के मुताबिक, चौथे चरण के तहत 10 हजार मकानों का निर्माण भारतीय आवासीय योजना के अंतर्गत 60 हजार मकानों के निर्माण की भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराता है। उत्तरी और पूर्वी प्रांतों में दो चरणों में 46 हजार मकानों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है जबकि बागान क्षेत्रों में चार हजार मकानों के निर्माण का तीसरा चरण पूरा होने के करीब है।

बयान के मुताबिक, भारत की श्रीलंका के साथ जन-केंद्रित विकास सहयोग साझेदारी में आवासों पर विशेष ध्यान दिया गया है। भारतीय आवासीय परियोजना के अलावा 2400 मकानों का निर्माण विविध आवासीय परियोजनाओं के अंतर्गत श्रीलंका के 25 जिलों में किया जा रहा है। भारत लगभग पांच अरब अमेरिकी डॉलर का विकास सहयोग दे रहा है, जिसमें से करीब 60 करोड़ अमेरिकी डॉलर अनुदान के रूप में दिया गया है।

## प्लैटिनम खदान में लिफ्ट गिरने से 11 श्रमिकों की मौत, 75 घायल

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में प्लैटिनम की एक खदान में एक लिफ्ट अचानक 200 मीटर नीचे गिर गई, जिससे 11 श्रमिकों की मौत हो गई तथा 75 श्रमिक घायल हो गए। खदान संचालक ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि घायलों में 14 की हालत गंभीर है। संचालक के मुताबिक यह घटना सोमवार शाम को उत्तरी शहर रस्टेनबर्ग की एक खदान में हुई। सभी श्रमिक काम खत्म कर लौट रहे थे। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खदान संचालक इम्पाला प्लैटिनम होल्डिंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) निको मुलर ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि यह कंपनी के इतिहास का सबसे काला दिन था। उन्होंने कहा कि लिफ्ट किस वजह से गिरी इसकी जांच शुरू कर दी गई है। खदान में मंगलवार को सभी परिचालन निलंबित कर दिए गए। खनिज संसाधन एवं ऊर्जा मंत्री ग्वेद मंताशे ने कहा कि घटना की जांच होगी।

## अमेरिका दिसंबर से शुरू करेगा कार्य वीजा नवीनीकरण कार्यक्रम भारतीयों को सबसे अधिक लाभ

**वाशिंगटन।** अमेरिका दिसंबर में एच-1बी वीजा की कुछ श्रेणियों के नवीनीकरण के लिए एक प्रायोगिक कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है जिसमें खासतौर पर बड़ी संख्या में भारतीय प्रौद्योगिकी पेशेवरों को लाभ होगा। एच-1बी वीजा एक गैर-आव्रजक वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को खास पेशों में विदेशी कर्मचारियों को नियुक्त करने की इजाजत देता है। प्रौद्योगिकी कंपनियां प्रति वर्ष भारत और चीन जैसे देशों से हजारों की संख्या में कर्मचारी भर्ती करती हैं। प्रायोगिक कार्यक्रम में केवल 20,000 उम्मीदवारों को शामिल किया जाएगा और इसकी घोषणा उस वक्त की गई थी जब जून में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका की यात्रा की थी।

वीजा सेवाओं के लिए उप सहायक विदेश मंत्री जूली स्टफ्ट ने पीटीआई से एक साक्षात्कार में कहा , भारत में मांग (अमेरिकी वीजा) अब भी बहुत ज्यादा है। हम नहीं चाहते की प्रतीक्षा अवधि छह, आठ और 12 महीने हो...। उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यात्रियों को जितना जल्दी हो सके साक्षात्कार का वक्त मिले। हम एक ओर इसे घरेलू वीजा नवीनीकरण कार्यक्रम के माध्यम से कर रहे हैं जो काफी हद तक भारत पर केंद्रित है।

दिसंबर से तीन महीने की अवधि में विदेश मंत्रालय उन विदेशी नागरिकों को 20,000 वीजा जारी करेगा जो पहले से ही देश में हैं। उन्होंने कहा, हम पहले समूह में 20,000 वीजा जारी करेंगे। इसमें बहुतायत अमेरिका में रह रहे भारतीय नागरिकों की होगी और आगे हम इसका विस्तार करेंगे। स्टफ्ट ने कहा, चूंकि भारतीय अमेरिका में दक्ष पेशेवरों का सबसे बड़ा समूह है इसलिए हमें उम्मीद है कि इससे भारत को फायदा होगा और लोगों को वीजा नवीनीकरण के लिए वापस भारत अथवा अन्य कहीं जाने और साक्षात्कार देने की जरूरत नहीं होगी। विदेश मंत्रालय पिछले कुछ समय से प्रायोगिक आधार पर इस तरह का कार्यक्रम शुरू करने की दिशा में काम कर रहा था लेकिन मोदी की यात्रा के दौरान इसकी औपचारिक तौर पर घोषणा की गई।

स्टफ्ट ने बताया कि अमेरिका ने कागजरहित वीजा जारी करने संबंधी एक प्रायोगिक कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया है जिसके बाद पासपोर्ट पर वीजा की मोहर लगाना अथवा कागज चिपकाना अब अतीत की बात होगी। अमेरिका ने हाल ही में डबलिन में अपने राजनयिक मिशन में छोटे स्तर पर कार्यक्रम पूरा किया है और वह इसे बड़े पैमाने पर शुरू करने की योजना बना रहा है। स्टफ्ट ने कहा, इसका व्यापक इस्तेमाल करने में हमें शायद 18 महीने या इससे भी अधिक समय लगेगा...। एक बयान में, भारतीय-अमेरिकी समुदाय के नेता अजय जैन भूटोरिया ने विदेश विभाग के इस कदम को महत्वपूर्ण बताया।

## क्विक न्यूज

### अमेरिका में भारतीय छात्र पर परिवार के तीन सदस्यों की हत्या का आरोप

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के 23 वर्षीय एक छात्र को न्यू जर्सी कॉन्डोमिनियम के अंदर अपने दादा-दादी और चाचा की कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। साउथ प्लेनफील्ड पुलिस विभाग और मिडलसेक्स काउंटी अभियोजक के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि ओम ब्रह्मभट्ट पर दिलीप कुमार ब्रह्मभट्ट (72), बिंदु ब्रह्मभट्ट (72) और यशकुमार ब्रह्मभट्ट (38) को गोली मारने का आरोप है। मिडलसेक्स काउंटी अभियोजक के कार्यालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि सोमवार को एक पड़ोसी ने गोली चलने की आवाज सुनी जिसके बाद अधिकारी सुबह करीब नौ बजे मौके पर पहुंचे और तीनों को मृत पाया। एनबीसी न्यूयॉर्क की खबर में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि ओम कुछ महीने पहले ही न्यूजर्सी आया था। पुलिस के अनुसार, गोली चलाने का कारण पता नहीं चला है, लेकिन पड़ोसी ने एनबीसी न्यूयॉर्क को बताया कि पहली बार पुलिस को यहां नहीं बुलाया गया। पड़ोसी के अनुसार, पहले एक बार घरेलू हिंसा के चलते पुलिस को यहां बुलाया गया था। पुलिस ने जांच के दौरान कहा है कि यह हिंसा की अचानक की गई घटना नहीं है, हालांकि आरोपी से आम जनता को कोई खतरा भी नहीं था।

### अगले साल धीमी पड़ जाएगी विश्व अर्थव्यवस्था: ओईसीडी

**वाशिंगटन।** इस साल आश्चर्यजनक रूप से लचीली साबित हुई विश्व अर्थव्यवस्था युद्ध से पैदा होने वाले तनाव, मुद्रास्फीति में वृद्धि और ऊंची ब्याज दरों के कारण अगले साल धीमी पड़ जाएगी। आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने बुधवार को यह अनुमान जताया। पेरिस स्थित ओईसीडी ने एक रिपोर्ट में कहा कि वर्ष 2024 में अंतरराष्ट्रीय वृद्धि दर धीमी होकर 2.7 प्रतिशत रह जाएगी। यह 2020 में आई महामारी के बाद से सबसे धीमी वार्षिक वृद्धि दर होगी। वर्ष 2023 में वैश्विक अर्थव्यवस्था के 2.9 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। ओईसीडी का अनुमान है कि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं- अमेरिका और चीन की वृद्धि दर अगले साल धीमी हो जाएगी। अमेरिकी अर्थव्यवस्था के 2023 के 2.4 प्रतिशत के मुकाबले 2024 में केवल 1.5 प्रतिशत की ही दर से बढ़ने का अनुमान है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की उच्च दरों ने उपभोक्ताओं और व्यवसायों के लिए कर्ज लेना अधिक महंगा कर दिया है। हालांकि इससे मुद्रास्फीति पर कुछ लगाम लगी है। ओईसीडी का अनुमान है कि अमेरिकी मुद्रास्फीति इस साल के 3.9 प्रतिशत से घटकर अगले साल 2.8 प्रतिशत पर आ जाएगी। दूसरी ओर रियल एस्टेट संकट, बढ़ती बेरोजगारी और निर्यात में सुस्ती से जूझ रहे चीन की अर्थव्यवस्था के 2024 में 4.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। इस साल के लिए यह अनुमान 5.2 प्रतिशत है।

### नेपाल के शीतलहर की चपेट में आने से छह लोगों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के भूकंप प्रभावित करनाली प्रांत में भीषण ठंड के मौसम के चलते छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार तीन नवंबर को आए भूकंप के कारण मकानों के पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो जाने के चलते कई परिवारों को अस्थाई तंबुओं में रहना पड़ रहा है। नवजात शिशुओं, जच्चा, गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीजों और बुजुर्गों के ठंड की चपेट में आने की आशंका सबसे अधिक है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार को प्रांत के पश्चिमी रुकुम जिले में छह लोगों की मौत हुई। इनमें से आठबिस्कोट नगर पालिका में पांच लोगों की वहीं सनोभेरी ग्रामीण नगर पालिका में एक व्यक्ति की मौत हुई। मरने वालों में अधिकतर 60 से 80 वर्ष की उम्र के बुजुर्ग लोग शामिल थे। छह व्यक्तियों ने अस्थाई तंबू में शरण ली थी क्योंकि इस महीने की शुरुआत में जिले में आए विनाशकारी भूकंप के कारण उनके घर रहने लायक नहीं रह गए थे। जाजरकोट और पश्चिमी रुकुम जिला तीन नवंबर को 6.4 तीव्रता के भूकंप से प्रभावित हुआ था, जिसमें कम से कम 154 लोग मारे गए थे।

## भारत ने इजराइल के नहीं हटने पर चिंता जताने वाले प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**भारत** ने सीरियाई गोलन से इजराइल के वापस नहीं हटने को लेकर गहरी चिंता जताने वाले , संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में पेश एक मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है। सीरियाई गोलन दक्षिण पश्चिम सीरिया में एक क्षेत्र है जिस पर पांच जून, 1967 को इजराइली सुरक्षा बलों ने कब्जा कर लिया था। पश्चिम एशिया में स्थिति विषय पर आधारित एजेंडा के तहत सीरियाई गोलन नामक प्रस्ताव पर मंगलवार को 193 सदस्ईय संयुक्त राष्ट्र महासभा में मतदान हुआ। मिस्र ने प्रस्ताव पेश किया जिसके पक्ष में 91 वोट पड़े और आठ ने इसके विरुद्ध मतदान किया जबकि 62 सदस्य गैर हाजिर रहे।

भारत के अलावा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान करने वालों में बांग्लादेश, भूटान, चीन, मलेशिया, मालदीव, नेपाल, रूस, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात शामिल थे। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, इजराइल, ब्रिटेन और अमेरिका ने मसौदा प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया। प्रस्ताव में इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त की गई है कि प्रासंगिक सुरक्षा परिषद और महासभा के प्रस्तावों के विपरीत इजराइल सीरियाई गोलन से पीछे नहीं हटा है, जो 1967 से उसके कब्जे में है।

प्रस्ताव में घोषित किया गया कि इजराइल सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 497 (1981) का पालन करने में विफल रहा है। साथ ही इसमें कहा गया कि कब्जे वाले सीरियाई गोलन हाइट्स में अपने कानून, अधिकार क्षेत्र और प्रशासन को लागू करने का इजराइल का निर्णय अमान्य और अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रभाव के बिना है। मंगलवार के प्रस्ताव में 14 दिसंबर, 1981 के इजराइली फैसले को भी अमान्य घोषित कर दिया गया और कहा गया कि इसकी कोई वैधता नहीं है। इसने इजराइल से अपना निर्णय रद्द करने का आह्वान किया। प्रस्ताव में 1967 से कब्जे वाले सीरियाई गोलन में इजराइली बस्ती निर्माण और अन्य गतिविधियों की अवैधता पर भी जोर दिया गया।

## अमेरिकी सेना का हेलीकॉटर जापान में दुर्घटनाग्रस्त हुआ, आठ लोग थे सवार

**तोक्यो।** जापान के तट रक्षक ने अमेरिकी सेना के ओस्प्रे हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद घटनास्थल से हेलीकॉप्टर का मलबा और एक व्यक्ति को बरामद किया है। यह हेलीकॉप्टर दक्षिणी जापान में समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। तटरक्षक के प्रवक्ता काजुओ ओगावा ने कहा कि दुर्घटना के कारण और विमान में सवार व्यक्तियों के बारे में कुछ पता नहीं चला है। उन्होंने कहा कि तट रक्षक को याकुशिमा के पास दुर्घटनास्थल के निकट मछली पकड़ने वाली एक नौका से एक आपात फोन आया। ओगावा ने कहा कि तटरक्षक विमान और गश्ती नौकाओं को एक व्यक्ति मिला, जिसकी हालत के बारे में जानकारी नहीं है और माना जा रहा है कि वहां मिला भूरे रंग का मलबा हेलीकॉप्टर का है। ओगावा ने कहा कि विमान यामागुची प्रान्त में अमेरिकी मरीन कॉर्प एयर स्टेशन इवाकुनी से रवाना हुआ था और ओकिनावा के कडेना एयर बेस के रास्ते में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा कि ऑस्प्रे ने दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले याकुशिमा हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग करने का प्रयास किया था।

## अमेरिका ने पिछले वर्ष 1,40,000 भारतीय छात्रों को वीजा जारी किए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने भारत के लोगों के साथ संपर्क बढ़ाने के उद्देश्य से पिछले वर्ष 1,40,000 से अधिक भारतीय छात्रों को वीजा जारी किए हैं। साथ ही अमेरिकी प्रशासन वीजा के वास्ते साक्षात्कार के लिए प्रतीक्षा अवधि को कम करने के लिए कई कदम उठा रहा है। वीजा सेवाओं के लिए उप सहायक विदेश मंत्री जूली स्टफ्ट ने पीटीआई से एक साक्षात्कार में कहा कि भारत में अमेरिकी मिशन ने यह सुनिश्चित करने के लिए सप्ताह में छह-सात दिन काम किया कि छात्रों की कक्षाएं शुरू होने से पहले उनका साक्षात्कार ले लिया जाए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अमेरिका ने भारत से आ रही मांगों को पूरा करने के लिए भारी प्रयास किया।

स्टफ्ट ने कहा, हमने इस वर्ष भारत में जो किया, उससे हम वास्तव में गौरवान्वित हैं। मेरा मानना है कि इतिहास में पहली बार हमने भारत में दस लाख वीजा जारी करने का लक्ष्य रखा और न केवल हमने इसे पूरा किया, बल्कि यह काम कई महीने पहले ही कर लिया गया। इस प्रकार संख्या इससे कहीं आगे जाएगी। उन्होंने कहा, भारत से इस वर्ष अमेरिका आने के लिए कामगारों, चालक दल के सदस्यों तथा छात्रों के आवेदन की रिकॉर्ड संख्या है। उन्होंने कहा कि अमेरिका वीजा के वास्ते साक्षात्कार के लिए प्रतीक्षा अवधि को कम करने के लिए कई कदम उठा रहा है।

स्टफ्ट ने कहा, मुझे उम्मीद है कि इस वर्ष इसमें कमी आएगी यानी हमारे इस वित्त वर्ष में। लेकिन हम प्रतीक्षा समय को कम करने के लिए बड़ी संख्या में अधिकारियों को भारत भेज रहे हैं....। फॉरेन प्रेस सेंटर द्वारा आयोजित विदेशी पत्रकारों के एक समूह के साथ बातचीत के दौरान स्टफ्ट ने कहा कि अमेरिका ने 2023 में अब तक एक करोड़ से अधिक वीजा जारी किए हैं जो कि उसके अनुमान से 20 लाख अधिक हैं और यह उसके विदेशी मिशनों के लिए अब तक की सर्वाधिक वीजा संख्या है। स्टफ्ट ने कहा कि 2024 के लिए प्रतीक्षा अवधि को कम करने के उद्देश्य से अमेरिका अब भी बहुत मेहनत कर रहा है।

## इमरान अपनी पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव नहीं लड़ेंगे, करीबी सहयोगी को नामित किया

**भाषा।** इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अपनी पार्टी के अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ेंगे और उन्होंने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) का नेतृत्व करने के लिए बैरिस्टर गौहर खान को नामित किया है। एक शीर्ष नेता ने बुधवार को दी। डॉन समाचार पत्र की एक खबर के अनुसार, बैरिस्टर अली जफर ने घोषणा की कि मौजूदा अध्यक्ष इमरान खान दो दिसंबर को होने वाला चुनाव नहीं लड़ेंगे और बैरिस्टर गौहर खान को पार्टी अध्यक्ष पद के लिए नामित किया गया है। इससे पहले इमरान के पार्टी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा हो गई थी। पार्टी के अंदर उस समय भ्रम की स्थिति पैदा हो गई जब उसने अपने ही एक वरिष्ठ नेता के बयान को खारिज कर दिया। पार्टी के वरिष्ठ नेता शेर अफजल मारवात ने दावा किया था कि जेल में बंद इमरान पार्टी के आंतरिक चुनावों में अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ेंगे। गौहर खान ने कहा, "इमरान खान पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष थे, हैं और रहेंगे... मैं उनके लौटने तक अपनी जिम्मेदारी निभाऊंगा।"

पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव होने हैं। पाकिस्तानी निर्वाचन आयोग के अनुसार अगर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) अपना चुनाव चिन्ह बल्ला बरकरार रखना चाहती है तो उसे 20 दिन की समय सीमा के अंदर पार्टी के अंदर चुनाव कराना होगा।

जियो न्यूज की एक खबर के अनुसार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेर अफजल मारवात ने मंगलवार को कहा कि बैरिस्टर गौहर खान पीटीआई के अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार होंगे। उससे पहले इमरान ने कानूनी बाधाओं के कारण अध्यक्ष पद पर नहीं रहने का कथित तौर पर फैसला किया। खान अभी रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। मारवात की घोषणा के बावजूद, पीटीआई ने दावा किया था कि इमरान खान के अपने पद से हटने की कोई योजना नहीं है। लेकिन, खैबर पख्तूनख्वा में पार्टी का नया चेहरा मारवात पार्टी के इनकार के बाद भी अपनी बात पर कायम रहे।

## पहली बार गैर जीवाश्म ईंधन से परिचालित विमान ने अटलांटिक पार के लिए भरी उड़ान

**लंदन।** पूरी तरह से उच्च-वसा एवं कम उत्सर्जन वाले ईंधन से संचालित पहले वाणिज्यिक विमान ने मंगलवार को लंदन से न्यूयार्क की उड़ान भरी और इस दौरान इसने अटलांटिक महासागर को पार किया, जिसे जेट ज़ीरो की संज्ञा दी जा रही है। विमानन कंपनी वर्जिन अटलांटिक के बोइंग-787 विमान को जीवाश्म ईंधन का इस्तेमाल किए बिना संचालित किया गया। इस उड़ान के लिए इस्तेमाल विमानन ईंधन अपशिष्ट वसा से बना था। वर्जिन के संस्थापक रिचर्ड ब्रैनसन ने कहा, जब तक आप कुछ खास नहीं करते, दुनिया हमेशा यह मान कर चलती है कि ऐसा कुछ किया ही नहीं जा सकता। ब्रैनसन खुद कॉर्पोरेट और सरकारी अधिकारियों, इंजीनियरों और पत्रकारों सहित अन्य लोगों के साथ विमान में सवार थे। ब्रिटेन के परिवहन विभाग ने उड़ान की योजना बनाने और संचालित करने के लिए 10 लाख पाउंड (12.7 लाख अमेरिकी डॉलर) दिए हैं।

## भारत ने इजराइली बंधकों को रिहा किए जाने का स्वागत किया, शेष को बिना शर्त तत्काल रिहा करने की मांग

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने फलस्तीन के चरमपंथी समूह हमास की ओर से इजराइली बंधकों को रिहा किए जाने का स्वागत किया है और शेष बंधकों को बिना शर्ष तत्काल रिहा किए जाने की मांग की। भारत ने कहा कि आतंकवाद और बंधक बनाने जैसे कृत्यों को उचित नहीं ठहराया जा सकता। हमास ने इजराइल पर सात अक्टूबर को अप्रत्याशित हमला कर करीब 240 लोगों को बंधक बना लिया था, जिसके बाद इजराइल ने भी जवाबी कार्वाई करते हुए गाजा पट्टी पर हमला किया। कतर, मिस्र और अमेरिका की मध्यस्थता से इजराइल और हमास के बीच पिछले सप्ताह युद्ध विराम पर सहमति बनी जिसके बाद दोनों पक्षों में संघर्ष विराम तथा रिहाई का सिलसिला जारी है।

हमास ने अब तक इजराइल और अन्य देशों के 60 से अधिक बंधकों को रिहा किया है, बदले में इजराइल ने फलस्तीन के 150 लोगों को रिहा किया है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने मंगलवार को कहा, हम आज यहां ऐसे वक्त में इकट्ठा हुए हैं जब इजराइल और हमास के बीच युद्ध के कारण बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने तथा मानवीय संकट बढ़ने से पश्चिम एशिया में हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं। यह स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य है और हमने आम नागरिकों के मारे जाने की कड़ी निंदा की है। कंबोज ने पश्चिम एशिया में हालात तथा फलस्तीन का सवाल विषय पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में कहा कि इस मानवीय संकट से निपटने में सभी पक्षकारों को पूरी जिम्मेदारी दिखाने की सबसे ज्यादा जरूरत है। उन्होंने कहा, हम इस बात से अवगत हैं कि फिलहाल का आक्रोश सात अक्टूबर को इजराइल पर हुए आतंकवादी हमले से शुरू हुआ। ए हमले स्तब्ध कर देने वाले थे और हमें इनकी स्पष्ट रूप से निंदा करनी चाहिए। आतंकवाद तथा बंधक बनाए जाने को किसी भी तरह से उचित नहीं ठहराया जा सकता।

कंबोज ने कहा कि भारत बंधकों की रिहाई की खबर का स्वागत करता है और शेष बंधकों की बिना शर्त तथा तत्काल रिहाई की भी मांग करता है। उन्होंने कहा, भारत का आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने का रुख है। हमारा यह भी मानना है कि अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों का पालन करना सार्वभौमिक दायित्व है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने बंधकों की रिहाई का स्वागत किया और सभी बंधकों की तत्काल एवं बिना शर्त रिहाई की मांग दोहराई। कंबोज ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय समुदाय के उन सभी प्रयासों का स्वागत करता है जिससे तनाव कम होगा और फलस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता मिलेगी।

**PUBLIC NOTICE**

**NOTICE** is hereby given to the public at large that I, **PRAVEEN KUMAR JAIN** S/o Lt. SH. Indersen Jain presently residing at **29/102-A, Gali No.10, Opposite Gupta Traders, 60 feet Road, Vishwas Nagar, Delhi-110032** have become an absolute and lawful owner of the entire Property bearing House no. 60, Shyam Enclave, Karkardooma, Delhi-1100092 after the peaceful demise of my Mother on 26.05.2023 vide a WILL registered before the Sub-Registrar IV-B Vivek Vihar as Registration no.986 in Book no. 3 Volume no.32 on Pages 88 to 91 on **11th day of December 2015**.

All or anyone who has any claim or interest in the above said Property by way of Sale, exchange, mortgage, charge, lien, trust, gift, maintenance, inheritance, possession, lease, license, easement or otherwise of whatsoever nature, howsoever it is hereby requested to make known the same in writing, to the undersigned together with documentary evidence in support thereof within **10 days** from the date of publication hereof, failing which such claim/s or objections, if any, shall be considered as waived and/or discharged forever.

**MR. PRAVEEN KUMAR JAIN** S/o Lt. Sh. Indersen Jain
Presently residing at 29/102-A,
Gali No.10, Opposite Gupta Traders, 60 feet Road,
Vishwas Nagar, Delhi-110032; Contact: 9212452409

**Public Notice**

This is to inform the general public that **Smt. Gurjeet Kaur and Smt. Gurvinder Lamba** are the unequivocal owners of Ground Floor Without Roof Rights Built- on Property No. GD-17, Municipal No. WZ-138 area measuring 150 Sq. Yds., Out of Khasra No. 629, 802, 803, 839 & 840 Situated in the area of Village- Tihar, Colony Known as G-Block, Hari Nagar, New Delhi- 110058. This legal ownership was established through a Sale Deed dated 20.07.2021 vide doc. No. 13380 executed by Dr. Manjit Kaur and Sale Deed dated 20.07.2021 vide doc. No. 13404 executed by Dr. Manjit Kaur. Smt. Gurjeet Kaur and **Smt. Gurvinder Lamba** intends to transferthe ownership by way of Sale Deed of the aforementioned property to Mr. Pavdeep Singh. Subsequently **Mr. Pavdeep Singh** is in the process of mortgaging the said property with **IDFC First Bank Limited (Our Client).** Any objections or concerns regarding this transaction should be raised within a period of 10 days from the date of this public notice. Any objections submitted after the completion of this 10-day period will not be considered binding with respect to the said property or the interests of our client. If anyone wishes to raise an objection, please do so within the stipulated 10-day period by contacting **Law Veritas: North (Advocates & Legal Consultants) at Office No. 11, 1st Floor, Building No. A-44/A, Sector-16, Noida, Uttar Pradesh-201301; Landline(s): +910120-3101683 /4562809; e-mail: accounts@lvnorth.in**

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 30 नवंबर 2023



# सीएए को लागू होने से कोई नहीं रोक सकता: अमित शाह

**भाषा।** कोलकाता



**भाजपा** के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पुरजोर शब्दों में कहा कि केंद्र सरकार संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) लागू करेगी और कोई इसे नहीं रोक सकता। शाह ने पार्टी के लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत करते हुए यहां एक बड़ी रैली को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने तुष्टीकरण, घुसपैठ, भ्रष्टाचार और राजनीतिक हिंसा जैसे मुद्दों पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। शाह ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने राज्य को बर्बाद कर दिया है। शाह ने कहा कि घुसपैठ को समर्थन देने के कारण ममता बनर्जी सीएए का विरोध कर रही हैं। भाजपा नेता ने कहा कि इतनी अधिक घुसपैठ वाले राज्य में विकास नहीं हो सकता। उन्होंने लोगों से राज्य सरकार को उखाड़ फेंकने तथा अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा को चुनने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों में राज्य में भाजपा का प्रदर्शन विधानसभा चुनावों में उसकी जीत की नींव तैयार करेगा।

शाह ने लोगों से कहा, 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को इतनी सीटें दीजिए कि मोदी जी कहें कि मैं बंगाल के कारण प्रधानमंत्री बना हूं। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी नीत तृणमूल कांग्रेस ने पिछला विधानसभा चुनाव गड़बड़ी करके जीता था, लेकिन भाजपा शून्य से 77 सीटों पर पहुंच गई। उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास के एजेंडे के अनुकूल सरकार चुनकर तृणमूल के कथित कुशासन को खत्म करने का आह्वान किया। शाह ने आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी सरकार की ओर से भेजी गई बड़ी रकम तृणमूल कांग्रेस द्वारा संचालित सिंडिकेट के कारण राज्य के गरीबों तक नहीं पहुंच रही है।

उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि विभिन्न योजनाओं के तहत मौजूदा शासनकाल में राज्य को केंद्र से मिली राशि कांग्रेस नीत संप्रग सरकार की तुलना में कई गुना बढ़ गई है, जबकि ममता बनर्जी संप्रग में शामिल थीं। रैली में उमड़ी भीड़ पर खुशी जताते हुए उन्होंने कहा कि यह लोगों के मन को दर्शाती है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा 2026 में दो-तिहाई बहुमत के साथ राज्य की सत्ता में आएगी। विवादास्पद सीएए का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि ममता बनर्जी इसका विरोध कर रही हैं, लेकिन कोई भी इसे लागू होने से नहीं रोक सकता। शाह ऐतिहासिक एस्प्लेनेड में पार्टी की एक रैली को संबोधित कर रहे थे।

यह कानून अभी अधर में है क्योंकि कानून के खिलाफ विपक्ष के कड़े रुख के बीच केंद्र सरकार ने अब तक इसके नियम नहीं बनाए हैं। संसद ने इस कानून को 2019 में मंजूरी दी थी। शाह ने कहा कि ममता बनर्जी ने घुसपैठ के मुद्दे पर एक बार संसद को ठप्प कर दिया था, लेकिन अब वह चुप हैं। उन्होंने दावा किया कि असम में भाजपा के सत्ता में आने के बाद कोई भी वहां घुसपैठ नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, असम ने घुसपैठ रोकने की दिशा में सराहनीय काम किया है। लेकिन पश्चिम बंगाल में तृणमूल सरकार की वोट बैंक की राजनीति के कारण घुसपैठ जारी है। ममता बनर्जी सीएए का विरोध कर रही हैं, लेकिन मैं साफ कह दूं कि सीएए देश में लागू किया जाएगा। कोई भी सीएए को लागू होने से नहीं रोक सकता।

बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के निलंबन को लेकर ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि वह अधिकारी को चुप कराने की कोशिश कर सकती हैं लेकिन राज्य के लोगों को वह चुप नहीं करा सकतीं। उन्होंने कई बार ममता बनर्जी को दीदी के रूप में संदर्भित किया और कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री पद पर उनकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है। शाह ने ममता बनर्जी को भ्रष्टाचार के मामलों में गिरफ्तार अपने कुछ नेताओं को पार्टी से निलंबित करने की चुनौती दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ऐसा नहीं कर सकतीं क्योंकि उन्हें आशंका है कि वे लोग उनके भतीजे को फंसा सकते हैं। वह जाहिरा तौर पर सांसद अभिषेक बनर्जी का जिक्र कर रहे थे। उन्होंने कहा, बंगाल के लोग तृणमूल के कट-मनी और सिंडिकेट से परेशान हो गए हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा में भाजपा के 212 कार्यकर्ता मारे गए हैं और लोग 2026 के विधानसभा चुनाव में अपने मतों से इन हत्याओं का बदला लेंगे। शाह ने लोगों से लोकसभा चुनाव में भाजपा के लिए बड़ी जीत सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भाजपा पश्चिम बंगाल में अगली सरकार बनाए। इसे हासिल करने के लिए, हमें अगले संसदीय चुनाव में राज्य से अधिकतम लोकसभा सीटें जीतनी होंगी। इस रैली में शाह के साथ राज्य के केंद्रीय मंत्री और अन्य नेता भी शामिल हुए। पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में राज्य की 42 सीटों में से 18 पर जीत हासिल की थी, जो अब तक सर्वाधिक संख्या है।

# एम्स ऋषिकेश में श्रमिकों की स्वास्थ्य जांचें की गईं

**ऋषिकेश।** उत्तरकाशी जिले की सिलक्यारा सुरंग से निकाले गए सभी 41 श्रमिकों की बुधवार को ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में रक्त तथा अन्य प्रकार की महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांचें कर ली गई हैं और उनकी रिपोर्ट आने के बाद ही मजदूरों के बारे में कोई निर्णय किया जाएगा। एम्स ऋषिकेश के चिकित्सा अधीक्षक आर बी कालिया ने पीटीआई भाषा को बताया कि सभी मजदूरों की रक्त, रेडियोलॉजिकल व हृदय संबंधी जांचें कर ली गई हैं। इन जांचों की रिपोर्ट बृहस्पतिवार तक आएंगी। उन्होंने कहा कि इन रिपोर्ट का चिकित्सकों का दल अध्ययन करेगा और उसके बाद उनकी राय के आधार पर आगे कदम उठाए जाएंगे।

कालिया ने बताया कि प्रत्यक्षत: सभी श्रमिक ठीक दिखाई दे रहे हैं लेकिन इस बारे में पक्के तौर पर कल जांच रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। इससे पहले दोपहर में भारतीय वायु सेना के चिनूक हेलीकॉप्टर के जरिए सभी श्रमिकों को चिन्यालीसौड़ अस्पताल से गहन स्वास्थ्य परीक्षण के लिए एम्स ऋषिकेश लाया गया।

एम्स ऋषिकेश में श्रमिकों को पहले ट्रॉमा वार्ड में ले जाया गया जहां से उन्हें 100 बिस्तरों वाले आपदा वार्ड में स्थानांतरित किया गया। केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न एजेंसियों द्वारा युद्धस्तर पर चलाए गए बचाव अभियान के जरिए सुरंग में फंसे सभी श्रमिकों को 17 वें दिन मंगलवार रात को सकुशल बाहर निकाल लिया गया था। सुरंग से बाहर निकाले जाने के बाद उन्हें सिलक्यारा से 30 किलोमीटर दूर स्थित चिन्यालीसौड़ अस्पताल ले जाया गया था जहां उन्हें चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया था। सभी श्रमिक स्वस्थ हैं लेकिन दो हफ्ते से ज्यादा वक्त तक सुरंग में फंसे रहने के कारण संभावित स्वास्थ्य परेशानियों के दृष्टिगत उन्हें एम्स ऋषिकेश लाया गया है।

# राजनाथ सिंह का सैन्य उपकरण निर्माताओं को संदेश : गुणवत्ता की संस्कृति बनाए

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को भारतीय रक्षा निर्माताओं से सैन्य उपकरण एवं साजो सामान का उत्पादन करते समय गुणवत्ता की संस्कृति बनाने का आह्वान किया और इसे वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा के लिए एक आवश्यक शर्त करार दिया। सिंह ने कहा कि गुणवत्ता सुनिश्चित करके ही भारतीय उत्पादों की वैश्विक मांग पैदा की जा सकती है। इस तरह के दृष्टिकोण से देश को रक्षा विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनने में मदद मिलेगी। रक्षा मंत्री रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के क्वालिटी कॉन्क्लेव के पूर्ण सत्र को संबोधित कर रहे थे। सिंह ने बताया कि जो देश गुणवत्तापूर्ण उत्पाद बनाते हैं, वे अपने उपकरण दुनिया भर में निर्यात करते हैं और भारत में रक्षा उपकरणों का अग्रणी निर्माता बनने की पूरी क्षमता है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण रक्षा उत्पादों के निर्माण में लागत को नियंत्रित करने के महत्व को भी रेखांकित किया। सिंह ने कहा, लागत को सीमित करने को अत्यधिक महत्व दिया जाना चाहिए, हालांकि यह गुणवत्ता की कीमत पर नहीं होना चाहिए। हमें विश्व स्तर पर लागत-प्रतिस्पर्धी होना होगा, लेकिन इसे शीर्ष-गुणवत्ता वाले खंड में बने रहकर करना होगा हमें इस दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ना होगा। रक्षा मंत्री ने उच्च गुणवत्ता वाली सैन्य प्रणालियों के निर्माण की आवश्यकता पर भी जोर दिया जो प्रभावी, विश्वसनीय और सुरक्षित हों और सशस्त्र बलों को अपने मिशन को सफलतापूर्वक पूरा करने में सक्षम बना सकें। सिंह ने दक्ष उद्योगों के प्रतिनिधियों को सिस्टम फॉर एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग असेसमेंट एंड रैंकिंग (एसएएमएआर) प्रमाणपत्र भी प्रदान किए। डीआरडीओ अध्यक्ष समीर वी कामत ने अपने संबोधन में गुणवत्ता प्रणाली प्रदान करने की डीआरडीओ की प्रतिबद्धता दोहराई।



नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह

# मंत्रिमंडल ने फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों को अगले तीन वर्षों तक जारी रखने की मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने यौन अपराधों से जुड़े मामलों में त्वरित न्याय देने के लिए फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों को अगले तीन साल तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है। दिल्ली में निर्भया सामूहिक बलात्कार मामले के बाद 2018 में आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम पारित होने के बाद, केंद्र ने 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के तहत मामलों से निपटने के लिए 389 अदालतों समेत कुल 1,023 फास्ट ट्रैक विशेष अदालतें स्थापित करने का निर्णय लिया था। इसकी शुरुआत 2019 में गांधी जयंती पर एक साल के लिए की गई थी और बाद में इसे इस साल 31 मार्च तक अतिरिक्त दो साल के लिए बढ़ा दिया गया था।

एक अधिकारी ने पूर्व में कहा था कि केंद्र के प्रयासों के बावजूद 1,023 अदालतों में से केवल 754 ही चालू थीं। कई राज्यों ने केंद्र को आश्वासन दिया था कि वे ऐसी अदालतें स्थापित करेंगे, लेकिन कई अंतत: शुरू नहीं हुईं। मंत्रिमंडल ने मंगलवार को 1952.23 करोड़ रुपए के कोष के साथ इस योजना को तीन और वर्षों तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी। केंद्र का हिस्सा जहां 1207.24 करोड़ रुपए होगा, वहीं राज्य 744.99 करोड़ रुपए का योगदान देंगे। केंद्र की हिस्सेदारी निर्भया कोष से दी जाएगी।

बयान में कहा गया, 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने इस योजना में भाग लिया है और 414 विशिष्ट पोक्सो अदालतों सहित 761 फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों की शुरुआत की है, जिन्होंने 1,95,000 से अधिक मामलों का निपटारा किया है। अधिकारियों ने बताया कि पुडुचेरी ने इस योजना में शामिल होने के लिए विशेष अनुरोध किया था और तब से, मई 2023 में एक विशेष पोक्सो अदालत का संचालन किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक फास्ट ट्रैक विशेष अदालत की कल्पना प्रति वर्ष 65 से 165 मामलों की सुनवाई के लिए की गई थी। अधिकारियों ने बताया कि ऐसी एक अदालत को संचालित करने का वार्षिक खर्च एक न्यायिक अधिकारी और सात सहायक कर्मचारियों के साथ 75 लाख रुपए आंका गया था।

सरकार द्वारा साझा किए गए अतिरिक्त विवरण के अनुसार फास्ट ट्रैक अदालतें, जो फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों से अलग हैं, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और बच्चों से जुड़े जघन्य अपराधों के मामलों से निपटने के लिए स्थापित की गईं। तीस सितंबर तक, 848 ऐसी फास्ट ट्रैक अदालतें जघन्य अपराधों, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों से जुड़े मामलों के लिए कार्यरत थीं। निर्वाचित सांसदों और विधायकों से जुड़े आपराधिक मामलों को तेजी से निपटाने के लिए नौ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 10 विशेष अदालतें कार्यरत हैं।

# सरकार श्रमिकों के लिए विशिष्ट पहचान पत्र बनाएगी अनिवार्य

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार प्रवासी श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए देश भर में सभी भवन तथा निर्माण मजदूरों के लिए एक विशिष्ट पहचान पत्र को अनिवार्य बनाएगी। यह पहचान-पत्र श्रमिक के आधार से जुड़ा होगा और ई-श्रम डेटाबेस में भी इसे संबद्ध किया जाएगा। श्रम सचिव आरती आहूजा ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इन सुधारों पर अगले सप्ताह विस्तृत जानकारी जारी की जा सकती है।

उन्होंने यहां अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के सहयोग से अखिल भारतीय नियोक्ता संगठन (एआईओई) और उद्योग मंडल फिक्की द्वारा आयोजित द माइग्रेशन कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। आहूजा ने ठेकेदारों द्वारा अपंजीकृत मजदूरों से काम कराने के मामले बढ़ने से पैदा हो रही चुनौतियों से निपटने के तरीके पर बात की। उन्होंने कहा कि चार श्रम संहिताओं के लिए ठेकेदारों को अंतरराज्यीय प्रवासी कामगार अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप इन श्रमिकों को व्यापक लाभ प्रदान करना होगा। इनमें न्यूनतम मजदूरी, व्यावसायिक सुरक्षा तथा शौचालय व कार्यस्थल पर क्रेच जैसी बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच शामिल है। आहूजा ने कहा कि मंत्रालय इन स्थानों पर पर्याप्त आश्रय, स्वच्छता तथा अधिकारों के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करने वाले उपायों को लागू करने की भी योजना बना रहा है।

इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के उप निदेशक सातोशी सासाकी ने वर्तमान और भविष्य के श्रम बाजार में मजूदरों के प्रवास के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने प्रवासी मजदूरों के समक्ष पेश होने वाले अवसरों तथा चुनौतियों पर भी बात की।

## चेक बाउंस मामले में विधायक सोलंकी को एक साल के कारावास की सजा

**जयपुर।** कोटपूतली-बहरोड़ की एक स्थानीय अदालत ने चेक बाउंस के मामले में विधायक वेद प्रकाश सोलंकी को एक साल के कारावास की सजा सुनाई और उनपर 55 लाख रुपए का अर्थदंड लगाया है। सोलंकी चाकसू से कांग्रेस विधायक हैं और इस विधानसभा चुनाव में पार्टी के उम्मीदवार भी हैं। अधिवक्ता महेंद्र कुमार प्रजापत ने बुधवार को बताया कि अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) निखिल सिंह की अदालत ने मंगलवार को यह फैसला सुनाया। अदालत ने सोलंकी को एक साल के साधारण कारावास की सुज़ा सुनाई और उनपर 55 लाख रुपए का जुर्माने लगाया, जिसमें से 54 लाख रुपए परिवादी मोहर सिंह यादव को दिए जाएंगे। उन्होंने परिवाद के हवाले से बताया कि 2015 में सोलंकी ने सेवानिवृत्त शारीरिक प्रशिक्षण प्रशिक्षक मोहर सिंह से एक भूखंड के सौदे के लिए 35 लाख रुपए लिए थे और सौदा नहीं हो पाने पर सोलंकी ने उन्हें 35 लाख रुपए का चेक दिया जो बाउंस हो गया।

# मणिपुर के उग्रवादी समूह यूएनएलएफ ने सरकार के साथ किया शांति समझौता

## ● गृहमंत्री शाह ने बताया- ऐतिहासिक उपलब्धि

**नई दिल्ली।** मणिपुर में सक्रिय उग्रवादी समूह यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) ने बुधवार को सरकार के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए और हिंसा त्यागने पर सहमति जताई। यूएनएलएफ मणिपुर में सक्रिय सबसे पुराना उग्रवादी संगठन है। यह घटनाक्रम इस महीने की शुरुआत में कड़े गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत समूह पर प्रतिबंध की अवधि पांच साल बढ़ाने के फैसले के बाद आया है। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि यूएनएलएफ के प्रतिनिधियों ने यहां केंद्रीय गृह मंत्रालय और मणिपुर सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए।

केंद्र की संघर्ष समाधान पहल के तहत पूर्वोत्तर के कई जातीय सशस्त्र समूहों के साथ राजनीतिक समझौतों को अंतिम रूप दिया गया है। यह पहली बार है कि इंफाल घाटी में सक्रिय कोई मणिपुरी सशस्त्र समूह हिंसा छोड़कर और भारतीय संविधान एवं कानून का सम्मान करते हुए मुख्यधारा में लौटने पर सहमत हुआ। अमित शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की गईउउउ पूर्वोत्तर में स्थाई शांति स्थापित करने के मोदी सरकार के अथक प्रयासों में एक नया अध्याय जुड़ गया है क्योंकि यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट ने आज नई दिल्ली में एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। मणिपुर की घाटी में सक्रिय सबसे पुराना सशस्त्र समूह यूएनएलएफ हिंसा त्यागकर मुख्यधारा में शामिल होने पर सहमत हो गया है। मैं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में उनका स्वागत करता हूं और शांति और प्रगति के पथ पर उनकी यात्रा के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

शाह ने कहा कि भारत सरकार और मणिपुर सरकार द्वारा यूएनएलएफ के साथ किया गया शांति समझौता छह दशक लंबे सशस्त्र संघर्ष के अंत का प्रतीक है। प्रवक्ता ने कहा कि यह समझौता न केवल यूएनएलएफ और सुरक्षा बलों के बीच शत्रुता को समाप्त करेगा, जिसने पिछली आधी शताब्दी से अधिक समय में दोनों पक्षों के बहुमूल्य जान को क्षति पहुंचाई है, बल्कि समुदाय की दीर्घकालिक चिंताओं को दूर करने का अवसर भी प्रदान करेगा। मणिपुर में मई से मैइती और आदिवासी कुकी समुदायों के बीच जातीय संघर्ष हो रहा है, जिसकी वजह से 180 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। सहमति के बिंदुओं के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए एक शांति निगरानी समिति का गठन किया जाएगा। इस घटनाक्रम को राज्य में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उम्मीद है कि यूएनएलएफ की मुख्यधारा में वापसी से घाटी में सक्रिय अन्य सशस्त्र समूहों को भी शांति प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। शाह ने उम्मीद जताई की इस घटनाक्रम से पूर्वोत्तर में खासतौर पर मणिपुर में शांति के नए युग का सूत्रपात होगा। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सर्व-समावेशी विकास के दृष्टिकोण को साकार करने और पूर्वोत्तर भारत में युवाओं को बेहतर भविष्य प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यूएनएलएफ का गठन 1964 में हुआ था और यह देश और देश के बाहर से अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। केंद्र ने उग्रवाद को खत्म करने और विकास को बढ़ावा देने के लिए 2014 से पूर्वोत्तर के कई सशस्त्र समूहों के साथ समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।



गुवाहाटी में उल्फा आई के सदस्यों ने असम पुलिस मुख्यालय में डीजीपी जीपी सिंह के सामने किया आत्मसमर्पण।

# भारतीय शेयर बाजार का मूल्यांकन पहली बार 4,000 अरब डॉलर पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख शेयर बाजार बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन बुधवार को पहली बार 4,000 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह इक्विटी शेयरों के प्रति सकारात्मक रुझान को दर्शाता है। बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों के बाजार पूंजीकरण को 3,000 अरब डॉलर से 4,000 अरब डॉलर के स्तर तक पहुंचने में सिर्फ ढाई साल लगे। बाजार पूंजीकरण 24 मई, 2021 को पहली बार 3,000 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचा था। इससे पहले बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल मूल्यांकन 28 मई, 2007 को 1,000 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचा था। इसके बाद छह जून, 2014 को यह 1,500 अरब डॉलर पर पहुंचा। इस तरह बाजार को 1,000 अरब डॉलर से 1,500 अरब डॉलर तक पहुंचने में करीब सात साल लगे। वहीं सूचीबद्ध कंपनियों का कुल मूल्यांकन 10 जुलाई, 2017 को 2,000 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण सुबह के कारोबार में 3,33,26,881.49 करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जो 83.31 रुपया प्रति डॉलर की विनिमय दर के हिसाब से 4,000 अरब डॉलर होता है। कारोबार के अंत में बाजार पूंजीकरण 3,33,29,095.37 करोड़ रुपए रहा। इस साल अब तक बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 6,061.17 अंक यानी 9.96 प्रतिशत बढ़ चुका है।

# मकान मालिक को सम्पत्ति के लाभकारी उपयोग से वंचित नहीं किया जा सकता: अदालत

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने किराए पर लिए गए एक परिसर को खाली करने का आदेश बरकरार रखते हुए बुधवार को कहा कि मकान मालिकों को उनकी संपत्ति के लाभकारी उपयोग से वंचित नहीं किया जा सकता और उन्हें यह तय करने का अधिकार है कि वे अपनी संपत्ति का उपयोग कैसे करें। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह स्थापित कानून है कि एक किराएदार मकान मालिक को यह नहीं बता सकता कि संपत्ति का उपयोग कैसे किया जाना है।

न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने कहा, मकान मालिक को उनकी संपत्ति का लाभकारी उपयोग करने से वंचित नहीं किया जा सकता। इसके अलावा, अदालत मकान मालिक को यह निर्देश नहीं दे सकती कि संपत्ति का उपयोग कैसे किया जाना चाहिए। किराए पर दिए गए परिसर को खाली कराकर उसे अपनी आवश्यकता के अनुसार उपयोग करना, यह मकान मालिकों के स्वविवेक पर निर्भर करता है। उच्च न्यायालय ने यह फैसला यहां श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग पर एक दुकान खाली करने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए एक किराएदार द्वारा दायर एक पुनरीक्षण याचिका को खारिज करते हुए सुनाया।

मकान मालिक ने कहा कि वह और उसका बेटा संपत्ति के संयुक्त मालिक हैं, जहां कई दुकानें किराए पर दी गई हैं और वह पहली मंजिल और उसके ऊपर एक होटल चला रहा है। मकान मालिक ने कहा कि उसके बेटे ने विदेश में अपनी शिक्षा पूरी की है और एक स्वतंत्र व्यवसाय चलाना चाहता है और उसने एक रेस्तरां शुरू करने का फैसला किया है, जिसके लिए उसे किराए पर दिया गया हिस्सा वापस चाहिए।

किराएदार ने अपनी याचिका में कहा कि मकान मालिकों ने अपनी याचिका में अपने कब्जे वाले सटीक क्षेत्र और 14 किराएदारों द्वारा इस्तेमाल की जा रही जगह का विवरण नहीं दिया।

किराएदार ने दावा किया कि बेदखली की याचिका कुछ और नहीं बल्कि बाद की एक सोच है, क्योंकि क्षेत्र में संपत्ति की कीमतें और किराया काफी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि याचिका उनसे अधिक किराया मांगने या किराए के परिसर को अधिक कीमत पर बेचने के लिए दायर की गई। उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि रिकॉर्ड पर ऐसी कोई सामग्री नहीं है, जिससे यह पता चले कि मकान मालिकों की जरूरत दुर्भावनापूर्ण या काल्पनिक है। इसने पुनरीक्षण याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि इसमें कोई दम नहीं है।

## मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को यह जानकारी दी। पीएम-जनमन के तहत जनजातीय मामलों के मंत्रालय सहित नौ मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण हस्तक्षेपों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। झारखंड के खूंटी में जनजातीय गौरव दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित इस योजना का कुल परिव्यय 24,104 करोड़ रुपए होगा। इसमें केंद्र का हिस्सा 15,336 करोड़ रुपए होगा और राज्य 8,768 करोड़ रुपए का योगदान देंगे। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार रात इस योजना को मंजूरी दे दी। अठारह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के 75 समुदायों को विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

# कुकी जो समुदाय ने अलग प्रशासन की मांग को लेकर निकाली रैलियां

**भाषा।** इंफालाचुर/चांदपुर

**मणिपुर** के कई जिलों में कुकी जो समुदाय के हजारों लोगों ने अलग प्रशासन की मांग को लेकर बुधवार को सड़कों पर रैलियां निकालीं। चुराचांदपुर में कुकी-जो समुदाय के संगठन जो यूनाइटेड के तत्वावधान में आंदोलनकारियों ने लमका पब्लिक ग्राउंड से उपायुक्त कार्यालय के पास वॉल ऑफ रिमेंबरेंस तक तीन किलोमीटर लंबा मार्च निकाला। उन्होंने केंद्र से कुकी जो समुदाय के प्रभुत्व वाले राज्य के क्षेत्रों में एक अलग प्रशासन स्थापित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह भी किया।

आंदोलनकारियों ने इस संबंध में उपायुक्त के माध्यम से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक ज्ञापन भी सौंपा। जो यूनाइटेड ने ज्ञापन में कहा कि एक अलग प्रशासन की आवश्यकता है क्योंकि इंफाल, जिसमें प्रमुख सरकारी प्रतिष्ठान, शैक्षणिक संस्थान, स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं और राज्य का एकमात्र हवाई अड्डा है, कुकी-जो समुदाय के लोगों के लिए दुर्गम हो गया है। आंदोलनकारियों के मुताबिक मई में राज्य में जातीय संघर्ष शुरू होने और इंफाल घाटी से कुकी-जो समुदाय के निष्कासन के बाद से ही यह सभी सुविधाएं सरकारी अधिकारियों, जनजातीय समुदाय के विधायकों समेत लोगों के लिए दुर्गम हो गई हैं।

ज्ञापन में संसाधन आवंटन को लेकर दावा किया गया कि 2017-18 और 2020-21 के बीच पहाडि़यों के लिए केवल 419 करोड़ रुपए आवंटित किए गए, जबकि इस अवधि के दौरान घाटी के लिए 21,481 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे। इसमें यह भी आरोप लगाया गया कि मेइती समुदाय के लोगों द्वारा राजमार्गों को अवरुद्ध किया जा रहा है, जिससे पहाड़ी इलाकों पर आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में बाधा उत्पन्न हो रही है। कुकी-जो लोगों के संगठन ने पुलिस सहित राज्य सरकार पर मेइती समुदाय के साथ गठजोड़ करने का आरोप लगाया। ज्ञापन में कुकी-जो समुदाय के छात्रों के खिलाफ भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा गया कि सरकारी भर्ती के मामलों में समुदाय के लिए समान व्यवहार की संभावनाएं धूमिल हो रही हैं।

जो यूनाइटेड के संयोजक अल्बर्ट रेंथली ने कहा कि इस मुद्दे पर पहले केंद्र को एक और ज्ञापन सौंपा गया था लेकिन कोई जवाब नहीं मिला था। अल्बर्ट रेंथली ने कहा, कुकी-जो समुदाय के लिए एक अलग प्रशासन जरूरी है क्योंकि तीन मई से हमारे खिलाफ अत्याचार हो रहे हैं... अब हम मेइती समुदाय के साथ केवल अच्छे पड़ोसियों के रूप में रह सकते हैं। आदिवासी एकता समिति (सीओटीयू) के नेतृत्व में कांगपोकपी जिले में भी रैलियां निकाली गईं। इसके अलावा मिजोरम की सीमा से सटे फिरजॉल जिले में भी रैलियां निकाली गईं। इसी तरह की रैलियां टेंग्नौपाल, सैकुल और जम्पुइटलांग तथा दिल्ली, अगरतला, बेंगलुरु और चेन्नई में भी निकाली गईं।

मणिपुर में तीन मई को जातीय हिंसा भड़कने के बाद से सितंबर में कुछ दिनों को छोड़कर, मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध लगा हुआ है।

राज्य में मेइती समुदाय द्वारा अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च के आयोजन के बाद जातीय हिंसा भड़क गई थी, जिसमें अब तक 180 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। मणिपुर की आबादी में मेइती समुदाय की हिस्सेदारी लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इंफाल घाटी में रहते हैं। वहीं, नगा और कुकी जैसे आदिवासी समुदायों की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत है और वे ज्यादातर पहाड़ी जिलों में रहते हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 30 नवंबर, 2023



# बीसीसीआई ने द्रविड़ का करार बढ़ाया

● एनसीए में रहेंगे लक्ष्मण

भाषा। नई दिल्ली



**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड ने वनडे विश्व कप में उपविजेता रही भारतीय टीम की लय को बरकरार रखने के लिए मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और उनके सहयोगी स्टाफ के अनुबंध में बुधवार को विस्तार किया है। भारत को 19 नवंबर को अहमदाबाद में विश्व कप फाइनल में आस्ट्रेलिया ने हराया। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में लगातार दस जीत दर्ज करके फाइनल में प्रवेश किया था। द्रविड़ के कार्यकाल के बारे में हालांकि बीसीसीआई द्वारा जारी विज्ञप्ति में कुछ नहीं कहा गया है।

बोर्ड ने एक बयान में कहा , भारतीय क्रिकेट बोर्ड मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और टीम इंडिया (सीनियर पुरूष) के सहयोगी स्टाफ के अनुबंध में विस्तार का ऐलान करता है। इसमें कहा गया , बोर्ड ने विश्व कप के बाद द्रविड़ का कार्यकाल पूरा होने पर उनसे बातचीत की और सर्वसम्मति से उनका कार्यकाल बढाने का फैसला किया गया। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि आईसीसी ट्रॉफी जीतने की कवायद में द्रविड़ को बोर्ड का पूरा समर्थन रहेगा। भारतीय टीम पिछले एक दशक से कोई आईसीसी खिताब नहीं जीत सकी है। शाह ने कहा, फाइनल से पहले लगातार दस मैच जीतने वाली भारतीय टीम का विश्व कप अभियान असाधारण रहा। इसके लिए सही प्लेटफॉर्म तैयारी करने वाले मुख्य कोच (द्रविड़) सराहना के पात्र हैं। इसमें कहा गया , मुख्य कोच को बीसीसीआई का पूरा समर्थन रहेगा और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कामयाबी पाने के लिए उन्हें जो भी सहयोग चाहिए होगा, हम देंगे। द्रविड़ ने कहा, भारतीय टीम के साथ पिछले दो साल यादगार रहे। हमने कई उतार चढाव देखे और इस पूरे सफर में टीम के भीतर आपसी सहयोग और तालमेल जबर्दस्त रहा। पीटीआई ने कहा था कि द्रविड़ का अनुबंध बढाया जाएगा क्योंकि बीसीसीआई कोचिंग ढांचे में बदलाव नहीं करना चाहता। द्रविड़ ने टी20 विश्व कप 2021 के बाद रवि शास्त्री की जगह ली थी। उनका दो साल का कार्यकाल विश्व कप के बाद खत्म हो गया। द्रविड़ के कोच रहते भारत पिछली विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में उपविजेता रहा था। द्रविड़ के साथ उनके सहयोगी स्टाफ में शामिल बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़, गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे और क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप के अनुबंध में भी विस्तार किया गया है। समझा जाता है कि वह कम से कम अगले साल जून जुलाई में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप तक पद पर रहेंगे। द्रविड़ के ब्रेक लेने पर अंतरिम कोच का काम करने वाले एनसीए प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने संभवत: बोर्ड को सूचित किया है कि वह भारत ए टीम, भारत अंडर 19 टीम और बेंगलुरू में एनसीए के नए ढांचे से जुड़े क्रिकेट मसलों पर काम करके खुश हैं।

बोर्ड ने कहा , बोर्ड एनसीए प्रमुख और कार्यवाहक मुख्य कोच के तौर पर वीवीएस लक्ष्मण के काम की भी सराहना करता है।मैदान पर अपनी यादगार साझेदारियों की तरह द्रविड़ और लक्ष्मण भारतीय क्रिकेट को आगे ले जाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा , भारतीय टीम का प्रदर्शन उनके शानदार मार्गदर्शन की बानगी देता है। मुझे खुशी है कि उन्होंने मुख्य कोच बने रहना स्वीकार कर लिया।

# रोहित को टी20 टीम की कमान संभालने के लिए मनाने की कोशिश करेगा बीसीसीआई

भाषा। नई दिल्ली



**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के शीर्ष अधिकारी दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए गुरुवार को यहां तीनों प्रारूप की टीम की घोषणा करने से पहले रोहित शर्मा को टी20 टीम की कमान संभालने के लिए भी मनाने की कोशिश करेंगे। पिछले साल टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में हारने के बाद रोहित ने इस प्रारूप की कप्तानी छोड़ दी थी।

बीसीसीआई के सचिव और चयन समिति के समन्वयक जय शाह चयन समिति के अध्यक्ष अजीत आगरकर से राष्ट्रीय राजधानी में मुलाकात करेंगे जिसमें तीनों प्रारूप की टीम के अलावा अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के लिए खाका तैयार करने पर भी चर्चा होगी।

टी20 के नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या चोटिल होने के कारण अगले एक महीने तक वापसी नहीं कर पाएंगे और ऐसे में बीसीसीआई के पास सूर्यकुमार यादव को कप्तान बनाए रखना या फिर रोहित को यह जिम्मेदारी सौंपने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

रोहित इससे पहले कह चुके हैं कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टी20 प्रारूप में नहीं खेलना चाहते हैं लेकिन उन्होंने जिस तरह से हाल में वनडे विश्व कप में कप्तानी की उससे बीसीसीआई को लगता है कि अगले साल जून जुलाई में होने वाले टी20 विश्व कप तक उन्हें इस छोटे प्रारूप की कप्तानी भी संभालनी चाहिए।

इस घटनाक्रम से अवगत बीसीसीआई के सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, यह सवाल अभी बना हुआ है की हार्दिक की वापसी पर क्या होगा, लेकिन बीसीसीआई का मानना है कि अगर रोहित टी20 की कमान संभालने के लिए सहमत हो जाते हैं तो अगले टी20 विश्व कप तक वहीं कप्तान रहेंगे। अगर रोहित नहीं मानते हैं तो दक्षिण अफ्रीका में टी20 श्रृंखला में सूर्यकुमार ही कप्तानी करेंगे। यह उल्लेख करना आवश्यक है कि विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीका में होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला से विश्राम दिए जाने की मांग की है। जहां तक कोहली का सवाल है तो यह उनके आईपीएल में प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। यही बात केएल राहुल पर भी लागू होगी।

## अमेरिकी प्रीमियर लीग टी20 में खेलेंगे श्रीसंत और बिन्नी

**ह्यूस्टन।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत और हरफनमौला स्टुअर्ट बिन्नी अमेरिका मे 19 से 31 दिसंबर तक होने वाले अमेरिकी प्रीमियर लीग टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे सत्र मे खेलेंगे। श्रीसंत और बिन्नी दोनो भारत मे सक्रिय क्रिकेट को अलविदा कह चुके है और विदेश मे फ्रेंचाइजी लीग खेल सकते है। सारे मैच टैक्सास के ह्यूस्टन मे मूसा क्रिकेट स्टेडियम पर खेले जाएंगे और लीग को आईसीसी से मान्यता भी मिली हुई है। अमेरिकी क्रिकेट बोर्ड ने सात टीमो के लिए 40 विदेशी क्रिकेटरों से करार किया है। सात टीमे अमेरिकंस, इंडियंस, पाक्स, विडीज, बंगालीस, आसीज और इंग्लिश है। श्रीसंत और बिन्नी इंडियंस टीम का हिस्सा है। श्रीसंत ने कहा , प्रीमियम इंडियंस का हिस्सा होना गर्व की बात है। मैने भारत के बाहर अधिक फ्रेंचाइजी लीग नही खेली है और मै इसे लेकर काफी रोमांचित हूं।

## यू मुम्बा ने सुरिंदर सिंह को कप्तान बरकरार रखा, नई जर्सी लांच हुई

**मुंबई।** यू मुम्बा ने बुधवार को प्रो कबड्डी लीग के आगामी 10वे सत्र के लिए सुरिंदर सिंह को अपना कप्तान बरकरार रखा और साथ ही अपनी नई जर्सी भी लांच की। रिंकू शर्मा और महेंद्र सिंह टीम के उप कप्तान होंगे। यू मुम्बा ने दूसरे चरण का खिताब अपने नाम किया था। फ्रेंचाइजी ने एक बयान मे कहा कि गिरिश एर्नाक को स्पिरिट ऑफ मुम्बा कैप्टन टाइटल के साथ स्थानीय (मुंबई) आइकन प्लेयर घोषित किया गया जिन्हे देश के विभिन्न भागों से युवा प्रतिभाओं को निखारने का काम सौपा गया है।

## कलिंगा सुपर कप फुटबाल टूर्नामेंट 9 जनवरी से

**नई दिल्ली।** कलिंगा सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट नौ जनवरी से ओडिशा मे दो स्थानों पर खेला जाएगा, जिसमे इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) और आईलीग की टीमे भाग लेंगी और विजेता को एएफसी चैंपियंस लीग 2 के प्रारंभिक चरण मे खेलने का मौका मिलेगा। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुधवार को जारी बयान में कहा, टूर्नामेंट मे टीमो को चार ग्रुप मे बांटा जाएगा। प्रत्एक ग्रुप मे चार-चार टीम होगी। प्रत्एक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी। इसके बाद 28 जनवरी को फाइनल खेला जाएगा। आईलीग की टीमो को कलिंगा के सुपर कप के ग्रुप चरण मे जगह बनाने के लिए क्वालीफायर्स मे खेलना होगा। क्वालीफायर्स की चोटी की चार टीम ग्रुप चरण मे खेलेंगी।बयान के अनुसार, कलिंगा सुपर कप की चैपियन टीम को एशियाई चैपियंस लीग 2 के प्रारंभिक चरण मे खेलने के लिए नामित किया जाएगा।

## मनीष ने शीर्ष वरीय ओरलोव को हराकर उलटफेर किया

**कालाबुरागी (कर्नाटक)।** मनीष सुरेशकुमार ने बुधवार को यहां 25,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि वाले आईटीएफ कालाबुरागी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर मे शीर्ष वरीय व्लादिस्लाव ओरलोव को हराकर उलटफेर किया। भारत के 24 वर्षीय खिलाड़ी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पहला सेट 6-3 से जीता। दूसरे सेट मे मनीष जब 2-0 से आगे चल रहे थे तब यूक्रेन के खिलाड़ी ने कंधे की चोट के कारण मैच से हटने का फैसला किया। क्वालीफायर ऋषि रेड्डी ने भी अंतिम 16 मे जगह बना ली है। उन्होंने पहले दौर मे हमवतन पार्थ अग्रवाल को 6-4, 7-5 से पराजित किया। इस बीच अन्य वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने आसान जीत दर्ज करके अगले दौर मे जगह बनाई। चौथी वरीयता प्राप्त सिद्धार्थ रावत ने जापान के ताइसी इचिकावा को 6-3, 6-4 से, जबकि पांचवी वरीयता प्राप्त रामकुमार रामनाथन ने क्वालीफायर अजय मलिक को केवल 40 मिनट मे 6-0, 6-0 से हराया। छठी वरीयता प्राप्त ऋषभ अग्रवाल को वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले जगमीत सिंह को 6-4, 3-6, 6-4 से हराने मे पसीना बहाना पड़ा। युगल मे पूरव राजा और रामकुमार की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा। साई कार्तिक रेड्डी गंता और कबीर हंस की जोड़ी ने राजा और रामकुमार पर सीधे सेटो मे 7-5, 6-3 से जीत हासिल कर क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश किया।

# विश्वकप के तुरंत बाद खेले जाने के कारण टी20 श्रृंखला का महत्व कम हुआ: हसी

भाषा। गुवाहाटी



**ऑस्ट्रेलिया** के अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज माइकल हसी का मानना है कि विश्व कप के तुरंत बाद आयोजित किए जाने के कारण भारत के खिलाफ खेली जा रही मौजूद पांच टी20 मैचों की श्रृंखला का महत्व कम हो गया।

ऑस्ट्रेलिया की 19 नवंबर को अहमदाबाद में वनडे विश्व कप के फाइनल में भारत पर जीत के चार दिन बाद इस श्रृंखला का आयोजन किया गया। इन दोनों टीम ने 23 नवंबर को विशाखापट्टनम में पहला टी20 मैच खेला था। हसी ने बुधवार को सेन रेडियो से कहा, मेरा मानना है कि इस टी20 श्रृंखला का महत्व कम कर दिया गया। इससे विश्व कप का महत्व कम नहीं हुआ लेकिन निश्चित तौर पर इस श्रृंखला का महत्व विश्व कप के कारण कम हो गया। ऑस्ट्रेलिया के छह खिलाड़ी गुवाहाटी में तीसरे टी20 मैच के बाद स्वदेश लौट रहे हैं और हसी का मानना है कि भारत के खिलाफ उतरने वाली यह उनकी सर्वश्रेष्ठ टीम नहीं है। उन्होंने कहा, कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो विश्व कप की टीम में शामिल थे और उन्हें टी20 टीम में भी होना चाहिए था। वे या तो टेस्ट श्रृंखला की तैयारी करने या फिर विश्राम करने के लिए स्वदेश लौट गए हैं। यह निश्चित तौर पर ऑस्ट्रेलिया की सर्वश्रेष्ठ टीम नहीं है जो भारत की सर्वश्रेष्ठ टी20 टीम का सामना कर रही है। हसी ने वर्तमान समय में अत्यधिक क्रिकेट खेले जाने पर भी नाखुशी जताई। उन्होंने कहा, यह आश्चर्यजनक है कि इतनी अधिक क्रिकेट खेली जा रही है। जितने भी टूर्नामेंट खेले जा रहे हैं उन सभी में खेलना शारीरिक और मानसिक रूप से असंभव है। हसी ने कहा कि विश्व कप की शानदार सफलता को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में अधिक वनडे को जगह मिलनी चाहिए।

# जुलाई-अगस्त 2024 में श्रीलंका का दौरा करेगी भारतीय टीम

**कोलंबो।** खराब दौर से जूझ रहे श्रीलंका क्रिकेट और उसके मेजबान प्रसारक के लिए अच्छी खबर है कि भारतीय टीम 2024 जुलाई अगस्त में छह मैचों की सफेद गेंद की श्रृंखला खेलने यहां आएगी।

बोर्ड ने बुधवार को इसका ऐलान किया। सरकार के दखल के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने श्रीलंका क्रिकेट पर प्रतिबंध लगा दिया है और अंडर 19 विश्व कप भी अब श्रीलंका की बजाय दक्षिण अफ्रीका में होगा। राष्ट्रीय टीमों (महिला और पुरूष) को हालांकि द्विपक्षीय श्रृंखलाएं खेलने श्रीलंका आने की अनुमति है।

श्रीलंका क्रिकेट द्वारा जारी अगले साल के कार्यक्रम के अनुसार भारतीय टीम जुलाई अगस्त में तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलेगी।

श्रीलंकाई पुरूष टीम को 2024 में 52 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने हैं जिनमें दस टेस्ट, 21 वनडे और 21 टी20 शामिल है। श्रीलंकाई टीम इंग्लैंड में तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेगी जो विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के मौजूदा चक्र का हिस्सा है। इसके अलावा नवंबर में दक्षिण अफ्रीका में दो टेस्ट खेलने हैं।

# श्रीकांत हारे, उन्नति, प्रियांशी, किरण जीते



**लखनऊ।** दुनिया के पूर्व नंबर एक भारतीय खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत बुधवार को यहां सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में सीधे गेम में हारकर बाहर हो गए जबकि युवा खिलाड़ी उन्नति हुड्डा ने हमवतन आकर्षी कश्यप को हराकर उलटफेर करते हुए दूसरे दौर में जगह बनाई। विश्व चैम्पियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत को कोरिया के चिया हाओ ली से 21-23 8-21 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में बेहतरीन प्रतिभा मानी जा रही 16 साल की उन्नति ने 77 मिनट तक चले बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के राउंड 32 मुकाबले में आकर्षी को 15-21 21-19 21-18 से मात दी। रोहतक की युवा खिलाड़ी उन्नति का सामना अब जापान की पूर्व विश्व चैम्पियन नोजोमी ओकुहारा से होगा जिन्होंने एक अन्य मैच में भारत की मालविका बंसोद को 18-21 21-17 21-10 से हराया। अनुपमा उपाध्याय और अस्मिता चालिहा ने भी महिला एकल के अगले दौर में प्रवेश किया। अनुपमा ने डेनमार्क की अमाली शुल्ज को 14-21 21-15 21-9 से जबकि अस्मिता ने यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा को 21-15 21-15 से पराजित किया। पुरुष एकल में प्रियांशु राजावत, किरण जॉर्ज और सतीष कुमार करूणाकरण ने शानदार जीत से दूसरे दौर में जगह बनाई। ओरलियांस मास्टर्स विजेता प्रियांशु ने कजाखस्तान के दिमित्रि पनारिन को 21-17 21-19 से हराया जबकि किरण ने लक्ष्य सेन के भाई चिराग सेन को 21-16 14-21 21-13 से शिकस्त दी। सतीष ने चीनी ताइपे के हुआंग यु काई को हराया।

प्रियांशु अब सतीश के जबकि किरण चिया के सामने होंगे। समीर वर्मा को चीनी ताइपे के वांग जु वेई से 9-21 21-17 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। युगल में अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो ने पहले दौर में हमवतन समृद्धि सिंह और सोनाली सिंह को 21-8 21-9 से शिकस्त दी। अब राउंड 16 में उनका सामना रूतापर्णा पांडा और श्वेतापर्णा पांडा की जोड़ी से होगा।

## पार्ल रॉयल्स ने दक्षिण अफ्रीका लीग के लिए शेन बांड को मुख्य कोच बनाया

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग की फ्रेंचाइजी पार्ल रॉयल्स ने बुधवार को न्यूजीलैड के पूर्व तेज गेंदबाज शेन बांड को 2024 सत्र के लिए अपना नया मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा की। बांड इस तरह टीम मे दक्षिण अफ्रीका पूर्व आल राउंडर जेपी डुमिनी की जगह लेगे। डुमिनी इस समय राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़े है। न्यूजीलैड के पूर्व तेज गेंदबाज बांड ने मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मे चार खिताब दिलाने मे मदद की थी। उन्हें हाल मे पार्ल रॉयल्स की सहयोगी फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल मे सहायक कोच और सहायक कोच के तौर पर दोहरी भूमिका मे शामिल किया था। रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा ने दक्षिण अफ्रीकी लीग मे उनके पदार्पण सत्र मे स्वागत करते हुए कहा, खेल के दिनो मे कड़े प्रतिस्पर्धी होने के अलावा शेन बांड ने कई टीम और लीग मे विभिन्न कोचिंग भूमिकाओ मे अच्छा प्रदर्शन किया है। हम पार्ल रॉयल्स मे कोचिंग टीम की अगुआई करने के लिए उन्हे शामिल कर खुश है। बांड ने कहा, यह मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से नई चुनौती है। टीम काफी मजबूत है और काफी अनुभवी है जिससे जनवरी मे टीम से जुड़ने और ट्राफी जीतने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए काम करने के लिए मै काफी उत्साहित हूं।

## राष्ट्रीय चैंपियनशिप: दुग्गल और गर्ग जूनियर स्नूकर के फाइनल में

**चेन्नई।** चंडीगढ़ के रणवीर दुग्गल ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप के जूनियर स्नूकर वर्ग में मध्य प्रदेश के महेंद्र चौहान को हराकर फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना गुजरात के मयूर गर्ग से होगा। पिछले सप्ताह सब जूनियर बिलियर्ड्स का खिताब जीतने वाले दुग्गल ने सेमीफाइनल में चौहान को 4-3 (57-81, 84-24, 17-92, 79-30, 73-52, 39-58, 82-17) से जबकि गर्ग ने जम्मू कश्मीर के कामरान मस्जिद को 4-3 (74-54, 46-54, 66-54, 69-20, 35-84, 48-55, 56-10) से पराजित किया। क्वार्टर फाइनल मे दुग्गल ने तेलंगाना के के विभास को 3-2 (79-39, 40-57, 79-0, 8-63, 72-3, 54-47) से, जबकि गर्ग ने तेलंगाना के ही गड्डा श्रीकांत को 4-2 (12-63, 70-59, 63-48, 31-58, 61-53, 79-51) से हराया था।

## स्कीट निशानेबाज गनेमत और अनंतजीत ने जीता पहला राष्ट्रीय खिताब

**नई दिल्ली।** भारत की वर्तमान मे नंबर एक महिला स्कीट निशानेबाज गनेमत सेखो और नंबर एक पुरुष स्कीट निशानेबाज अनंतजीत सिंह नारूका ने बुधवार को यहां अपना पहला व्यक्तिगत सीनियर राष्ट्रीय खिताब जीता। शॉटगन निशानेबाजों की 66वी राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप मे प्रतिस्पर्धा कर रही पंजाब की गनेमत और राजस्थान के अनंतजीत ने विपरीत अंदाज मे जीत हासिल की। गनेमत ने क्वालीफिकेशन मे 116 अंक बनाए थे और उन्हे चार अंतिम क्वालीफाइंग स्थान के लिए पांच निशानेबाजो के शूटऑफ से गुजरना पड़ा। इसके बाद उन्होने 60 शॉट के फाइनल मे 56 निशाने लगाए। क्वालीफायर मे शीर्ष पर रही जहरा दीसावाला 55 हिट से दूसरे और संजना सूद 44 हिट से तीसरे स्थान पर रही। पुरुषो की स्कीट स्पर्धा मे अनंतजीत ने शुरू से ही दबदबा बनाते हुए जीत हासिल की। वह क्वालीफायर मे भी शीर्ष पर रहे जिसमे उन्होने 125 मे से 123 अंक जुटाए। फिर छह पुरुष निशानेबाजो के फाइनल मे उन्होने 60 मे से 58 हिट लगाए। मुनेक बातुला 55 अंक से दूसरे और भावतेग गिल 45 अंक से तीसरे स्थान पर रहे। साल के शुरू मे गनेमत ने आईएसएसएफ विश्व कप मे एक स्वर्ण और एक रजत सहित दो पदक जीते थे जबकि अनंतजीत ने हांगझोउ एशियाई खेलो मे पुरुष स्कीट स्पर्धा का रजत पदक अपने नाम किया था।

## विलियमसन के शतक के बावजूद बांग्लादेश का दबदबा

**सिलहट (बांग्लादेश)।** बाएं हाथ के स्पिनर ताईजुल इस्लाम ने 89 रन देकर चार विकेट झटके जिससे बांग्लादेश ने बुधवार को यहां पहले टेस्ट के दूसरे दिन स्पिन की अनुकूल पिच पर दबदबा बनाते हुए स्टंप तक न्यूजीलैड का स्कोर आठ विकेट पर 266 रन कर दिया। विलियमसन ने 104 रन की पारी खेलकर अपना 29वां शतक जड़ा लेकिन इसके बावजूद न्यूजीलैड की टीम बांग्लादेश से पहली पारी के आधार पर अब भी 44 रन से पिछड़ रही है। बांग्लादेश की टीम अपने कल के 310 रन के स्कोर पर सिमट गई जब टिम साउदी ने शोरीफुल इस्लाम को सुबह पहली ही गेद पर पगबाधा आउट किया। इसके बाद घरेलू टीम के स्पिनरो ने अपनी बलखाती गेंदो से न्यूजीलैड के बल्लेबाजो को परेशान कर दिया। फिर भी विलियमसन ने उनका डटकर सामना किया। उन्हे ग्लेन फिलिप्स (42 रन) और डेरिल मिशेल (41 रन) का साथ मिला। बांग्लादेश के गेंदबाजो ने दूसरी नई गेद से अंतिम घंटे मे कमाल किया। सलामी बल्लेबाज टॉम लाथम और डेवोन कॉनवे बांग्लादेश के एकमात्र तेज गेंदबाज शोरिफुल इस्लाम को अच्छी तरह खेल पा रहे थे, पर उन्हे ऑफ स्पिनर मेहदी हसन और बांएं हाथ के स्पिनर ताईजुल इस्लाम का सामना करने मे काफी मुश्किल हुई। ताईजुल ने कसी गेंदबाजी करते हुए दबाव बनाया जिसका उन्हे फायदा मिला जब लाथम स्वीप करने के प्रयास मे बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर नईम हसन को कैच दे बैठे। कॉनवे (12) दो ओवर बाद पवेलियन लौट गए। खराब होती पिच पर विलियमसन ने हेनरी निकोल्स (19) के साथ 54 रन जोड़े। पर निकोल्स तेज गेदबाज शोरिफुल इस्लाम (44 रन देकर एक विकेट) की गेंद पर बल्ला छुआकर आउट हुए। मिशेल ने ताईजुल पर एक छक्का जड़ा लेकिन बांएं हाथ के स्पिनर ने उन्हें स्टंप करवाकर 66 रन की भागीदारी खत्म की। नईम हसन ने टॉम ब्लंडेल को आउट किया जिससे न्यूजीलैड का स्कोर पांच विकेट पर 175 रन हो गया। बांग्लादेश न्यूजीलैड के पुछल्ले बल्लेबाजो को जल्दी आउट करना चाहता था, पर विलियमसन को फिलिप्स का साथ मिला। इन दोनो ने स्पिनरो के खिलाफ रन जुटाना जारी रखा। फिर कप्तान नजमुल हुसैन शांटो ने कभी कभार गेंदबाजी करने वाले मोमिनुल हक को लगाया जिन्होने अपने पहली ही ओवर मे 78 रन की यह भागीदारी समाप्त कर दी। विलियमसन ने 189 गेंद मे अपना शतक पूरा किया और फिर कुछ देर मे ताईजुल ने उनके स्टंप उखाड़ दिए। ताईजुल ने फिर ईश सोढ़ी को भी आउट किया। मेजबान टीम न्यूजीलैड को समेटकर बढ़त हासिल करना चाहती थी लेकिन खराब रोशनी के कारण दिन का खेल खत्म कर दिया गया।

## भारतीय महिला ए टीम ने पहले टी20 में इंग्लैंड पर तीन रन की रोमांचक जीत दर्ज की

**मुंबई।** भारत की महिला ए टीम ने बुधवार को यहां तीन मैचो की श्रृंखला के पहले टी20 मैच मे शानदार वापसी करते हुए इंग्लैड महिला ए टीम पर तीन रन की रोमांचक जीत हासिल की। वानखेड़े स्टेडियम मे जीत के लिए 135 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैड की टीम उप कप्तान होली आर्मिटेज (52 रन) और विकेटकीपर बल्लेबाज सेरेन स्माले (31 रन) के बीच चौथे विकेट के लिए 70 रन की भागीदारी की बदौलत पूरी तरह से नियंत्रण मे दिख रही थी लेकिन भारत ने वापसी करते हुए उसे लगातार झटके देकर करीबी जीत दर्ज की। इंग्लैड ने आठ विकेट पर 131 रन बनाए। काश्वी गौतम (23 रन देकर दो विकेट) ने 18वे ओवर मे स्माले और इस्सी वोंग (02) को आउट कर भारत के लिए वापसी का दरवाजा खोल दिया। इससे अंतिम ओवर मे इंग्लैड को 13 रन की दरकार थी जिसमे श्रेयंका पाटिल (26 रन देकर दो विकेट) ने पहली ही गेंद पर पांच अतिरिक्त (वाइड) रन दे दिए लेकिन फिर भी भारत तीन रन से जीत दर्ज करने मे सफल रहा। भारतीय महिला ए टीम ने बड़ा स्कोर नही बनाया और मैदान पर भी काफी गलतियां की। आर्मिटेज ने जीवनदान का फायदा उठाते हुए मैच मे सर्वाधिक 41 गेंद मे 52 रन बनाए जिसमे तीन चौके और एक छक्का जड़ा था। आर्मिटेज और स्माले ने कई ताकतवर शॉट लगाए और विकेटो के बीच तेज भागकर भारतीय क्षेत्ररक्षको को दबाव में रखा। पाटिल ने भारत ए को पहला विकेट दूसरे ओवर में ग्रेस स्क्रिवेंस (07) के रूप मे दिलाया।

# ओस इतनी थी कि प्रति ओवर 14 रन भी बनाना मुश्किल नहीं था : गायकवाड़

भाषा। गुवाहाटी



**भारत** के सलामी बल्लेबाज और उपकप्तान रूतुराज गायकवाड़ ने आस्ट्रेलिया के हाथों तीसरे टी20 मैच में मिली हार के लिए ओस को जिम्मेदार ठहराया। भारतीय गेंदबाजों ने आखिरी पांच ओवर में 80 रन दे डाले और 222 रन बनाने के बावजूद मेजबान टीम हार गई। ग्लेन मैक्सवेल ने प्रसिद्ध कृष्णा के अंतिम ओवर में 23 रन बनाए। कृष्णा ने चार ओवर में 68 रन दिए और उन्हें एक भी विकेट नहीं मिली। गायकवाड़ ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा , मुझे नहीं लगता कि यह चिंता की बात है। ऐसा लग रहा था कि हम गीली गेंद से गेंदबाजी कर रहे हैं। यह गेंदबाजों के लिए काफी कठिन था।

उन्होंने कहा, इस तरह के हालात में प्रति ओवर 12 , 13 या 14 रन भी बन सकते थे। लिहाजा यह चिंता की बात नहीं है। हालात कठिन थे और इसे स्वीकार करके आगे बढ़ना होगा।

आस्ट्रेलिया के लिए ग्लेन मैक्सवेल ने 48 गेंद में नाबाद 104 रन बनाए। गायकवाड़ ने कहा , मैक्सवेल ने शानदार बल्लेबाजी की। एक समय उन्हें तीन ओवर में 50 रन चाहिए थे और उसके बाद इस तरह की पारी खेलकर जीतना काबिले तारीफ है। श्रृंखला का चौथा मैच रायपुर में शुक्रवार को खेला जाएगा।

# रिकर्व में तरुणदीप व संगीत ने स्वर्ण पर साथा निशाना

● दो पदक लेकर उत्तर प्रदेश की साक्षी स्वर्ण से चूकीं कंपाऊंड चैंपियनशिप में अदिति व प्रथमेश रहे अव्वल




**अयोध्या।** राष्ट्रीय सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता 2023 के अंतिम चरण में बुधवार को सरयू तट पर स्थित राम की पैड़ी पर आयोजित ओलंपिक में खेली जाने वाली रिकर्व बो प्रतिस्पर्धा की 43वीं सीनियर रिकर्व चैंपियनशिप में एसएससीबी के तरुणदीप राय और हरियाणा की संगीता विजेता रहीं। तरुणदीप राय ने 720 में से 689 और संगीता ने 668 अंक लेकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रिकर्व बो के इंडिजुअल एलिमिनेशन राउंड के पुरुषों के विजेता तुषार सिलके और महिलाओं में संगीता रहीं। मिक्स टीम प्रतियोगिता में पंजाब के आदित्य चौधरी और सिमरजीत कौर ने छह अंक लेकर महाराष्ट्र के यशदीप व शर्वरी सोमनाथ शिंदे को पछाड़ा।

विजेता तीरंदाजों को प्रदेश के माननीय कृषि मंत्री सूर्य श्री प्रताप शाहीए भारतीय तीरंदाजी संघ के महासचिव प्रमोद कुमार चंद्रूलकरए उत्तर प्रदेश तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष व मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थीए प्रदेश संघ के महासचिव अजय गुप्ताए विधायक रामचंद्र यादवए अयोध्या के महापौर महंत श्री गिरीश पति त्रिपाठीए सिक्किम तीरंदाजी संघ के सचिव डाण् केवी गौरांगए पश्चिम बंगाल तीरंदाजी संघ के सचिव रुपेशकर ने पदक प्रदान किए।

# दिग्गजों की कप्तानी में खेलने से आईपीएल में मदद मिलेगी: गिल




**अहमदाबाद।** सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में गुजरात टाइटंस की टीम का नेतृत्व करते हुए उन्हें भारतीय टीम में दिग्गज कप्तानों की अगुवाई में खेलने के अनुभव से मदद मिलेगी। गिल ने विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ियों के नेतृत्व में खेला है तथा हाल में भारत को विश्व कप के फाइनल में पहुंचाने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। गिल को हाल में 2022 के आईपीएल चैंपियन गुजरात टाइटंस का कप्तान नियुक्त किया गया। पहले दो सत्र में कप्तान रहे हार्दिक पंड्या के फिर से मुंबई इंडियंस से जुड़ने के बाद गिल को यह जिम्मेदारी सौंप गई। कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से 2018 में आईपीएल में पदार्पण करने वाले गिल इस टूर्नामेंट में पहली बार कप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगे। गिल ने गुजरात टाइटंस द्वारा जारी किए गए वीडियो में कहा, हम सभी जानते हैं कि कप्तानी से काफी चीज जुड़ी होती हैं। प्रतिबद्धता उनमें से एक है। अनुशासन उनमें से एक है। कड़ी मेहनत उनमें से एक है। वफादारी उनमें से एक है। उन्होंने कहा, क्योंकि मैं कई दिग्गज खिलाड़ियों के नेतृत्व में खेला हूं और मैंने उनसे काफी कुछ सीखा है।

# कार्तिक का अर्धशतक, तमिलनाडु ने बड़ौदा को हराया

भाषा। मुंबई

**अनुभवी** दिनेश कार्तिक ने अपने चिर परिचित अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक जड़ा जिससे तमिलनाडु ने बुधवार को यहां विजय हजारे ट्राफी में ग्रुप ई के कम स्कोर वाले वनडे मैच में खराब शुरूआत से उबरते हुए बड़ौदा को 38 रन से मात दी। तमिलनाडु की टीम बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद 52 रन पर पांच विकेट गंवाकर जूझ रही थी, तब कप्तान ने अपने अनुभव की बदौलत 51 गेंद में 68 रन की पारी खेली जिसमें नौ चौके और दो छक्के जड़े थे। यह उनका 40वां लिस्ट ए अर्धशतक था।

कार्तिक ने शाहरूख खान (31 रन) के साथ मिलकर 75 रन की भागीदारी निभाई और टीम को 150 रन के पार कराया। लेकिन टीम 33.3 ओवर में 162 रन पर सिमट गई। बड़ौदा के लिए लुकमान मेरीवाला ने चार और निनाद राथवा ने तीन विकेट झटके। इसके बाद बड़ौदा की टीम 23.3 ओवर में 124 रन पर सिमट गई जिसमें टी नटराजन ने चार विकेट झटके। वरूण चक्रवर्ती और आर साई किशोर ने मिलकर पांच विकेट चटकाए। अहमदाबाद में ग्रुप सी के मैच में कर्नाटक के बल्लेबाज देवदत्त पडीक्कल ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 57 गेंद में नाबाद 93 रन बनाए जिससे टीम बिहार पर सात विकेट की जीत दर्ज करने में सफल रही। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए पडीक्कल ने नौ चौके और पांच छक्के लगाए जिससे कर्नाटक ने 218 रन का लक्ष्य महज 33.4 ओवर में हासिल कर लिया। कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और बिहार को सात विकेट पर 217 रन ही बनाने दिए जिसके लिए सकिबुल गनी ने 100 गेंद में नाबाद 113 रन बनाए। जयपुर में ग्रुप बी के मैच में शशांक सिंह के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत छत्तीसगढ़ ने मणिपुर को 88 रन से हराया। शशांक ने 113 गेंद में 152 रन बनाए और पांच ओवर में 20 रन देकर पांच विकेट झटके।

छत्तीसगढ़ ने छह विकेट पर 342 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और मणिपुर को नौ विकेट पर 254 रन ही बनाने दिए। अलूर में ग्रुप ए मैच में संजू सैमसन के फ्लाप होने के बावजूद केरल ने त्रिपुरा को 119 रन से मात दी। विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद अजहरूद्दीन 61 गेंद में 58 रन बनाकर केरल के लिए शीर्ष स्कोरर रहे जबकि टीम 47.1 ओवर में 231 रन पर सिमट गई। इसके बाद अखिन साठर, अखिल स्कारिया और वैसाख चंद्रन के मिलकर लिए गए आठ विकेट से केरल ने त्रिपुरा को 112 रन पर समेट दिया। अहमदाबाद में ग्रुप सी मैच में जम्मू कश्मीर ने रासिख सलाम (23 रन देकर चार विकेट) और सलामी बल्लेबाज शुभम खजूरिया के 109 रन की मदद से दिल्ली को 75 रन से मात दी। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद जम्मू कश्मीर ने कप्तान के शतक से सात विकेट पर 299 रन का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में दिल्ली की टीम 45.3 ओवर में 224 रन पर सिमट गई। इसमें ललित यादव 67 रन बनाकर दिल्ली के शीर्ष स्कोरर रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।